3 राजधानी
अप्रैल से सौ और इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर दौड़ेंगी

6 अभिमत
नेपाल में लगा चीन को धक्का

10 विदेश
इजराइल में तीन बंदूकधारी ढेर

12 स्पोर्ट्स
बांग्लादेश ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 126
नई दिल्ली, सोमवार, 13 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शाह ने केरल में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका
राष्ट्रीय-11

# भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण: मोदी

- प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधा, कहा- कोई भी ताकत देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती
- कर्नाटक के मांड्या जिले में 118 किलोमीटर लंबी बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेसवे परियोजना और आईआईटी धारवाड़ के स्थाई परिसर का किया उद्घाटन

**पीएनएस/एजेंसी।** धारवाड़(कर्नाटक)



कर्नाटक के मांड्या में विशाल रोडशो के दौरान उमड़ी भीड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पुष्प वर्षा की

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश में लोकतंत्र के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर रविवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

राहुल गांधी का नाम लिए बिना लंदन में की गई भारतीय लोकतंत्र के खतरे में होने संबंधी कांग्रेस नेता की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि मोदी ने इसे 12वीं शताब्दी के समाज सुधारक बसवेश्वर, कर्नाटक के लोगों, भारत की महान परंपराओं और यहां के नागरिकों का अपमान बताया। उन्होंने इस टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। मोदी इस साल कर्नाटक के अपने छठे दौरे पर आए, जहां मई में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। मोदी ने कहा, मैं भगवान बसवेश्वर की धरती पर आया हूं और मैं धन्य महसूस कर रहा हूं। भगवान बसवेश्वर के योगदानों में सबसे महत्वपूर्ण अनुभव मंडप की स्थापना है, इस लोकतांत्रिक प्रणाली पर दुनियाभर में शोध किया जाता है और ऐसी कई चीजें हैं जिनके कारण हम कहते हैं कि भारत सिर्फ सबसे बड़ा लोकतंत्र नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की जननी भी है। यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) धारवाड़ के स्थाई परिसर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें कुछ साल पहले लंदन में बसवेश्वर की प्रतिमा का अनावरण करने का सौभाग्य मिला था।

मोदी ने गांधी पर परोक्ष कटाक्ष करते हुए कहा, लंदन में बसवेश्वर की प्रतिमा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि उसी लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाए गए। भारत के लोकतंत्र की जड़ें हमारे सदियों के इतिहास से पोषित हैं। भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को इस दुनिया की कोई ताकत नुकसान नहीं पहुंचा सकती। इसके बावजूद कुछ लोग इसे लगातार कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग बसवेश्वर, कर्नाटक के लोगों, भारत की महान परंपराओं, देश के 130 करोड़ जागरूक नागरिकों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कर्नाटक के लोगों को ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। इससे पहले, कर्नाटक के मद्दुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे उनकी कब्र खोदने में लगे हैं, जबकि वह (शेष पेज 8)

## दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफार्म राष्ट्र को समर्पित

**धारवाड़ (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि स्टेशन पर दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म राष्ट्र को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि इस उपलब्धि को हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि 1,507 मीटर लंबा प्लेटफॉर्म लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने के लिए होसपेटे-हुब्बल्लि-तिनाईघाट खंड के विद्युतीकरण और उन्नत होसपेटे स्टेशन को भी राष्ट्र को समर्पित किया। अधिकारियों ने बताया कि 530 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित, विद्युतीकरण परियोजना विद्युत कर्षण पर निर्बाध ट्रेन संचालन प्रदान करती है। पुनर्विकसित होसपेटे स्टेशन यात्रियों को सुविधाजनक और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। स्टेशन को हम्पी स्मारकों के समान डिजाइन किया गया है।

# तीन दिन में दो सगे भाइयों को कुत्तों ने नोच कर मार डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बड़े भाई पर शुक्रवार को और छोटे पर रविवार को किया था हमला, शरीर के कर डाले कई टुकड़े, वसंत कुंज इलाके की घटना, परिवार मूल रूप से इलाहाबाद का रहने वाला, पिता मानसिक रूप से हैं बीमार
- गुस्साए लोगों ने इलाके के कई कुत्तों को पीटकर मार डाला

**राजधानी** दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में रोंगटे खड़े करने देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें तीन दिनों के अंतराल में दो सगे भाइयों को कुत्तों ने नोच नोच कर मार डाला। गत शुक्रवार को पहली घटना में कुत्तों ने सात वर्षीय आनंद को शिकार बनाया था, जबकि रविवार सुबह शौच करने गए पांच वर्षीय आदित्य को पांच-छह कुत्तों के झुंड ने हमला कर मार डाला। बच्चे के शरीर पर 30 से ज्यादा काटने के निशान मिले हैं। वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

वहीं, गुस्साए स्थानीय लोगों ने इलाके के कुछ कुत्तों को पीट-पीट कर मार डाला। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि मृतक बच्चे आनंद और आदित्य अपने परिवार के साथ रंगपुरी पहाड़ी के सिंधी बस्ती में रहते थे। परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद के गोसाई नगर का रहने वाला है। बच्चों के पिता मानसिक रूप से बीमार हैं और मां पार्लर में नौकरी कर घर का खर्चा चलाती है। परिवार में माता-पिता के अलावा तीन भाई नौ वर्षीय अंत, आनंद और आदित्य शामिल थे, जिसमें से आनंद और आदित्य की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस को एक बच्चे की गुमशुदगी की शिकायत मिली थी।

पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चे की तलाश शुरू की तो करीब दो घंटे बाद जंगल में एक दीवार के पास आनंद का शव पड़ा मिला। बच्चे के शरीर पर कुत्तों के काटने के निशान थे और शरीर के कई अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। स्थानीय लोगों ने पूछताछ में बताया जंगल में कुत्तों के कई झुंड मौजूद हैं। वह अक्सर जानवरों पर भी हमला करते हैं। रविवार सुबह आनंद का छोटा भाई आदित्य शौच के लिए अपने चचेरे भाई चंदन के साथ जंगल में गया था। चंदन आदित्य को छोड़ कर कुछ दूर चला गया, इसी दौरान कुत्तों का झुंड वहां आ गया। कुत्तों ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चा चिल्लाने लगा तो चंदन उसे बचाने के लिए दौड़ा।

इसी दौरान वहां आनंद की मौत की जांच कर रहे जांच एसआई महेंद्र भी तफ्तीश के लिए पहुंचे थे। शोर सुनकर वह भी लोगों के साथ दौड़े तो उन्होंने देखा कि आदित्य को कुत्तों ने बुरी तरह से हमला कर घायल कर दिया था। चंदन भी वहां मौजूद था। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई की और दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया किया घटना सामने आने के बाद कुत्तों को पकड़ने के लिए दिल्ली नगर निगम की गाड़ियां मौके पर पंहुची हैं। वहीं पीड़ित परिवार का आरोप है कि पहले बच्चे की मौत के बाद निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

# राहुल पर योगी का निशाना, कुछ लोग देश को कर रहे हैं बदनाम

- कहा-भारत को कोसने वाले ये वही लोग हैं जो मौका मिलने पर स्वयं लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना लंदन में दिए उनके बयान की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक तरफ वैश्विक मंचों पर भारत का दबदबा बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ कुछ लोग दूसरे देशों में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं। रविवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के बशारतपुर-प्रथम शक्ति केंद्र पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, भारत के लोकतंत्र को कोसने वाले ये वही लोग हैं जो मौका मिलने पर स्वयं लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं।

मोदी दुनिया में देश का नाम कर रहे हैं तो कुछ लोग देश को बदनाम करने में जुटे हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में जाकर देश की आलोचना करने वाले वही लोग हैं जो केरल में रहते हैं तो उत्तर प्रदेश की बुराई करते हैं और दिल्ली में रहते हैं तो केरल की। योगी ने कहा, इन चेहरों को पहचानने की जरूरत है, ये देश के सुदृढ़ लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं, इनकी खानदानी विरासत ही बांटो और राज करो की विभाजनकारी राजनीति की रही है। इनकी विभाजन की मानसिकता (शेष पेज 8)

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में महिलाओं की बढ़ेगी भागीदारी

- आरएसएस ने प्रतिनिधि सभा की बैठक में मुलायम सिंह, शरद यादव, शांति भूषण को दी श्रद्धांजलि
- हरियाणा के समालखा में हो रही है तीन दिवसीय अहम वार्षिक बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को हरियाणा के समालखा में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस)की वार्षिक बैठक में सपा के दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी गयी। मुलायम सिंह को इस जनवरी में दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान पद्म विभूषण देने की घोषणा की गई थी। इसके अलावा संघ में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का निर्णय लिया गया। एबीपीएस की बैठक के पहले आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत प्रमुख नेता बैठक में मौजूद थे। यह बैठक कर्नाटक, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले हो रही है। सूत्रों के अनुसार बैठक में आरएसएस नेताओं ने संघ परिवार में महिलाओं के दायित्वों को बढ़ाने के साथ ही प्रमुख शहरों में उनकी संख्या बढ़ाने पर निर्णय लिया गया। इसके अलावा जनसंख्या नियंत्रण नीति को लेकर भी निर्णय लिया गया।

संघ द्वारा मुलायम को श्रद्धांजलि देना महत्वपूर्ण घटना है, क्योंकि 1990 में उत्तर प्रदेश के सीएम के तौर पर मुलायम सिंह यादव ने राम मंदिर आंदोलन के दौरान अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलवाने के आदेश दिये थे। इसके लिये भगवा परिवार ने मुलायम की आलोचना की थी और उस समय अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण के (शेष पेज 8)

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से एजेंसियों की कार्रवाई पर केंद्र को घेरेगा विपक्ष

- वित्त विधेयक पारित कराना होगी सरकार की प्राथमिकता, दोनों सदनों में रणनीति तय करने के लिए विपक्षी दलों की बैठक आज सुबह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़

**संसद** के बजट सत्र के सोमवार से शुरू हो रहे दूसरे चरण में सरकार की प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की रहेगी, वहीं, विपक्षी दल, गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग और अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जोर देकर कहा कि वे सरकार को जवाबदेह बनाने में एक रचनात्मक भूमिका निभाना चाहते हैं और उन्होंने राष्ट्र के सामने हर ज्वलंत मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग की। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार को हुई एक बैठक में सदन में व्यवधान को रोकने के तरीकों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के विचार जानने चाहे।

विपक्षी सदस्यों ने गैर-भाजपा सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और धनखड़ के निजी कर्मियों को संसदीय समितियों में नियुक्त करने के कदम का मुद्दा उठाया। बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान दोनों सदनों में रणनीति तैयार करने के लिए विपक्षी दलों की बैठक सोमवार को सुबह होगी। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मणिकम टैगोर ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि विपक्ष एकजुट रुख अपनाए। उन्होंने कहा, हम लोगों के मुद्दों - मूल्य वृद्धि, एलपीजी लागत, अडाणी, एजेंसियों के दुरुपयोग, किसानों के मुद्दों, राज्यपालों के हस्तक्षेप को उठाना जारी रखेंगे। हम सभी समान विचारधारा वाले दलों के साथ काम करना जारी रखेंगे। कल की बैठक उसी उद्देश्य के लिए बुलाई गई है, जैसा हम चाहते हैं कि विपक्ष एकजुट हो। कांग्रेस (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,135 | |
| निफ्टी | 17,412 | |
| सोना | 55,540 | /10g |
| चांदी | 62,095 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इस्लामिक स्टेट की साजिश मामले में कई जगह छापे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत में अपनी गतिविधियों का विस्तार करने के लिए वैश्विक आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट द्वारा रची गई साजिश का पर्दाफाश करने के लिए चल रही अपनी जांच के तहत मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पांच स्थानों पर छापे मारे। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आतंकवाद निरोधी संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश के सिवनी में चार स्थानों और महाराष्ट्र के पुणे में एक स्थान पर संदिग्ध व्यक्तियों के घरों में अलग-अलग टीमों द्वारा तलाशी ली गई। अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद, एनआईए की टीमों ने पुणे में संदिग्ध तल्हा खान और सिवनी में अक्रम खान के आवासों पर इस्लामिक स्टेट- खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) मामले में तलाशी ली।

**सतीश कौशिक मामला**

# फार्म हाउस मालिक की पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पति पर उठाई अंगुली, किया दावा- कौशिक से 15 करोड़ रुपये उधार लिए थे और छुटकारा पाने की बना रहे थे योजना, दिल्ली पुलिस महिला से करेगी पूछताछ
- पति से अलग रहती है आरोप लगाने वाली महिला

**दिल्ली** पुलिस ने रविवार को कहा कि वह उस फार्महाउस के मालिक की अलग रह रही पत्नी से पूछताछ करेगी जहां अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक ने अपनी मौत से एक दिन पहले पार्टी में हिस्सा लिया था। फार्महाउस के मालिक की पत्नी ने आरोप लगाया कि उसका पति कौशिक से छुटकारा पाने की योजना बना रहा था।

दिल्ली पुलिस आयुक्त को संबोधित एक शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने कौशिक से 15 करोड़ रुपये उधार लिए थे और इसे वापस नहीं करना चाहता था। दिल्ली पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा कि महिला द्वारा लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है। बयान में कहा गया है, दक्षिण पश्चिम जिले के एक निरीक्षक स्तर के अधिकारी को मामले की जांच करने के लिए कहा गया है।

महिला को पूछताछ के लिए बुलाकर उसके बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस द्वारा अभिनेता की मौत में किसी भी तरह की साजिश से इनकार किए (शेष पेज 8)

# केंद्र समलैंगिक शादी को मान्यता देने के विरोध में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय में केंद्र सरकार ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के अनुरोध से संबंधित याचिकाओं का यह कहते हुए विरोध किया कि इससे व्यक्तिगत कानूनों और स्वीकार्य सामाजिक मूल्यों में संतुलन प्रभावित होगा। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को इस मामले पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दाखिल हलफनामे में सरकार ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के जरिए इसे वैध करार दिए जाने के बावजूद, याचिकाकर्ता देश के कानूनों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते हैं। उसने कहा, विवाह, कानून की एक संस्था के रूप में, विभिन्न विधाई अधिनियमों के तहत कई वैधानिक परिणाम हैं। इसलिए, ऐसे मानवीय (शेष पेज 8)

# कोहली विराट फार्म में, साढे तीन साल बाद ठोका टेस्ट शतक

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 75वीं शतकीय पारी, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8वीं सेंचुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**186 रन**
**364 गेंद**
**15 चौके**

**स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट शतक के सूखे को खत्म करने के अलावा अक्षर पटेल के साथ शतकीय साझेदारी की जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पहली पारी में 571 रन बनाकर 91 रन की बढ़त हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में बिना विकेट खोए तीन रन बनाए। मेहमान टीम ने ट्रेविस हेड (नाबाद 03) के साथ पारी का आगाज करने के लिए मैथ्यू कुहनेमैन (नाबाद 00) को भेजा। कुहनेमैन हालांकि पांचवें ओवर में भाग्यशाली रहे जब रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर विकेटकीपर श्रीकर भरत उनका कैच नहीं पकड़ पाए। पहली पारी में 480 रन बनाने वाला ऑस्ट्रेलिया अभी भारत से 88 रन से पीछे है। तीन साल से भी अधिक समय बाद टेस्ट शतक जड़ने वाले कोहली ने 364 गेंद में 15 चौकों से 186 रन की पारी खेली जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने अक्षर पटेल (79) के साथ छठे विकेट के लिए 162, श्रीकर भरत (44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 और रविंद्र जडेजा (28) के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी भी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉड मर्फी ने 113 जबकि नाथन लियोन ने 151 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। भारत की शुरुआती सभी छह विकेटों की साझेदारी 50 रन से अधिक की रही। स्टेडियम में मौजूद लगभग 15 हजार दर्शकों के लिए रविवार का दिन यादगार बन गया जब कोहली ने ऑफ स्पिनर लियोन की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर नवंबर 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। कोहली का यह टेस्ट क्रिकेट में 28वां और कुल 75वां अंतरराष्ट्रीय शतक है। उन्होंने 241 गेंद में शतक पूरा किया। कोहली ने शतक पूरा करने के बाद तेज गति से रन जुटाए। इससे पहले सुबह के सत्र में उन्होंने एक भी बाउंड्री नहीं लगाई थी। लंच के बाद उन्होंने अक्षर के साथ मिलकर रन गति में इजाफा किया।

सुबह के सत्र में भारतीय टीम रविंद्र जडेजा (28) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाने के बावजूद सिर्फ 73 रन ही जोड़ सकी थी। शृंखला में अब तक बल्ले से नाकाम रहे भरत ने लंच के बाद कैमरन ग्रीन पर पुल और हुक करके लगातार दो छक्के लगाए। वह हालांकि लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग पर पीटर हैंड्सकॉम्ब को कैच देकर अपने पहले अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 88 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और तीन छक्के (शेष पेज 8)

# सड़क हादसे में एमबीबीएस छात्रा की मौत

## यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो सहेली समेत तीन घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे किनारे सर्विस रोड पर एक बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही एमबीबीएस की छात्रा की मौत हो गई है। जबकि उसकी दो सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई है। इसके अलावा इनकी गाड़ी को चला रहा ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

तीनों का इलाज ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। दनकौर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इलाके में स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में बिहार की रहने वाली 24 वर्षीय तलविया नवाज एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थी।

वह शनिवार को अपनी सहेली तनिष्का के साथ यूनिवर्सिटी से 1 किलोमीटर दूर रेस्टोरेंट में लंच करने गई थी। तनिष्का और तलविया के साथ उनकी एक सहेली भी साथ थी, जो तलविया के साथ ग्रेटर नोएडा की प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई करती है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यूनिवर्सिटी से 1 किलोमीटर दूर एक रेस्टोरेंट में तीनों छात्राएं खाना खाने गई थी। गाड़ी को तनिष्का का ड्राइवर चला रहा था। वापस लौटते वक्त सेंट्रो कार की स्पीड काफी तेज थी और वह इसी वजह से अनियंत्रित हो गई।



इस घटना में गाड़ी में सवार चारों लोग 3 लड़कियां और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया। जहां पर इलाज के दौरान तलविया की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि छात्रा यूनिवर्सिटी के ही गर्ल्स कॉलेज में रहकर पढ़ाई कर रही थी। मामले की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। खबर लिखे जाने तक छात्रा के परिजनों ने पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी है।

### चलती कार आग के गोले में तब्दील हुई

**नोएडा।** नोएडा में हाईवे पर अचानक चलती हुई आर्टिगा कार में आग लग गई। आग लगते ही कार से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

नोएडा के थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के एनएच 9 पर 62 गोल चक्कर के पास शनिवार रात एक अर्टिगा कार में आग लग गई। कार में केवल चालक था। वह कार लेकर नोएडा से गाजियाबाद जा रहा था। जैसे ही वह सेक्टर 62 गोल चक्कर के पास पहुंचा, तभी कार से धुंआ आना शुरू हो गया। चालक जैसे ही गाड़ी को साइड में लगाकर उतरा, कार से आग की लपटें उठने लगीं। कार में एक धमाका भी हुआ।

आसपास मौजूद लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

# क्रॉसिंग थाने का एसएचओ लाइन हाजिर कई केसों में अनियमितता बरतने का आरोप

● नेता के फोन लूट मामले में चोरी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने के प्रभारी महक सिंह को शनिवार देर रात लाइन हाजिर कर दिया गया। उन पर कई तरह के आरोप हैं, जिसके बाद ये एक्शन लिया गया है। विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, जमीन को लेकर चल रहे विवाद में पिछले दिनों दो पत्रकारों ने एक-दूसरे के खिलाफ धमकी देने के मुकदमे दर्ज कराए। इसमें एक मुकदमा थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में डाले बिना ही दर्ज कर दिया। जबकि दोनों ही पक्ष पत्रकार हैं।

इसके अलावा पिछले दिनों एक नेता का आईफोन लुट गया। नेता ने थाने में लूट की एप्लीकेशन दी। दो दिन बाद नेता ने फोन करके थ्स् कॉपी मांगी तो बयान के लिए थाने आने को बोला गया। नेता ने कहा कि उन्होंने जो एप्लीकेशन दे रखी है, वही बयान समझ लिए। इसके बाद नेता ने ऊपर से फ ोन करवाकर थानेदार की कारगुजारी बताई। इस पर थानेदार को फटकार भी लगी।

तीसरा मामला ब्यूरोक्रेट्स से जुड़ा है। होली के दिन ब्यूरोक्रेट्स की कार में बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक सवार गिर गया और घायल भी हो गया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने पर ले आई। ब्यूरोकेट्स पर सेटलमेंट का दबाव बना।

ब्यूरोक्रेट्स को सुबह से रात तक थाने पर बैठाए रखा, जबकि अगले दिन उन्हें फ्लाइट से बाहर निकलना था। उन्होंने सीनियर अधिकारियों को फोन करके ये बात बताई, जिसके बाद वे थाने से निकल पाए।

इन सब मामलों को देखते हुए शनिवार देर रात क्रासिंग रिपब्लिक थाने के प्रभारी महक सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। कविनगर थाने के अतिरिक्त इंस्पेक्टर उमेश नैथानी को क्रासिंग रिपब्लिक थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।



### थाना प्रभारी की पिस्टल छीनने का प्रयास

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दो परचून व्यापारियों को लूटने वाले दीपक अगरौला गैंग के शातिर बदमाश महेश उर्फ ढोलू से रविवार सुबह पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस जब उसे रिमांड पर लेकर जा रही थी। तब उसने थाना प्रभारी की पिस्टल छीन ली और फरार होने लगा। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जिसमें एक गोली बदमाश के पैर में लगी है। रजनीश उपाध्याय ने बताया, ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश महेश उर्फ ढोलू को शनिवार को हरियाणा के बनवारीपुर से गिरफ्तार किया था। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर गाजियाबाद आई। यहां उसने वह जगह बताई, जहां पर एक अवैध पिस्टल छुपाई हुई थी। पुलिस महेश को लेकर उसी स्थान पर पहुंची। तभी बदमाश ने थाना प्रभारी की सरकारी पिस्टल छीन ली और फायरिंग करते हुए भागने लगा। सरकारी पिस्टल पूरी लोडेड थी। जिसमें 10 कारतूस थे। पुलिस ने बचाव में फायरिंग की, जिसमें एक गोली महेश उर्फ ढोलू के पैर में जा लगी। आरोपी के कब्जे से लूटी गई सरकारी पिस्टल और कारतूस सहित एक अवैध पिस्टल बरामद हुई है। महेश के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा गंभीर केस दर्ज हैं। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में राजू जैन नामक परचून व्यापारी की दुकान में घुसकर 68 हजार रुपए लूटे गए थे। इससे पहले लोनी क्षेत्र में ही परचून व्यापारी अली हसन से 34 हजार की लूट हुई थी। 2 मार्च को पुलिस ने इन दोनों लूट में 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया। पता चला कि वे कुख्यात दीपक अगरौला गैंग के मेंबर हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपने कुछ साथियों के नाम बताए। हरियाणा से पकड़ा गया महेश उर्फ ढोलू भी फरार अपराधियों में से एक था।

# गैंगस्टर अतीक के कुत्ते नोएडा में लेंगे शरण

● दो डॉगी की मौत के बाद शहर का एनजीओ आगे आया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिनदहाड़े हुई उमेश पाल की हत्या के बाद गैंगस्टर अतीक अहमद के परिजन और करीबी फरार चल रहे हैं। इस हत्याकांड से जुड़े आरोपी ही नहीं उनके वफादार पालतू कुत्ते भी मुसीबत में हैं। शुक्रवार को अतीक अहमद की बेहद प्रिय पालतू फीमेल डॉग ब्रूनो की मौत हो गई।

शनिवार को उसके साथी ब्राउनी की भी मौत हो गई। अतीक अहमद ने अपने परिवार की सुरक्षा के लिए 5 पालतू कुत्तों को पाल रखा था। उनमें से दो की मौत हो गई है। बाकी बचे कुत्तों की देखरेख के लिए नोएडा का एक एनजीओ आगे आया है। एनजीओ ने प्रशासन से बाकी कुत्ते उन्हें सौंपने की अपील की है।

अतीक अहमद के परिजन और करीबी घर से फ रार हैं। ऐसे में गैंगस्टर के पालतू कुत्ते भूख के कारण तड़प रहे हैं। समय पर खाना ना मिलने की वजह से ब्रूनो और ब्राउनी की मौत हो गई है। उन बेजुबानों को एडॉप्ट करने के लिए ग्रेटर नोएडा की डॉग लवर और मदर ऑफ डॉग्स के नाम से मशहूर कावेरी राणा भारद्वाज आगे आई हैं। उन्होंने ट्वीटर पर प्रशासन से अपील की है कि भूखे.प्यासे परेशान कुत्तों को उन्हें सौंप दिया जाए। आपको बता दें, यह कुत्ते विदेशी ब्रीड ग्रेट डेन के हैं। जब अतीक अहमद का रुतबा उत्तर प्रदेश में चलता था, तब उसने इन कुत्तों को पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से मिलवाया था। आजकल इन कुत्तों का वीडियो सोशल मीडिया पर काफ ी वायरल हो रहा है। डॉग लवर कावेरी राणा भारद्वाज ने कहा अतीक और इसके अपराधी साथियों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है, जिस कारण सभी फरार चल रहे हैं। अब कुत्तों की क्या गलती है, पड़ोसी कुत्तों को डर के मारे खाना.पानी नहीं दे रहे हैं। इसलिए हमने यूपी पुलिस और सीएम योगी आदित्यनाथ से सोशल मीडिया के माध्यम से गुहार लगाई है।

# बच्ची की हत्या, झाड़ियों में मिला शव, सिर पर चोट के निशान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में 4 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से तीन किलोमीटर दूर एक कॉलोनी की झाड़ियों में मिला है। शरीर पर चोट के कई निशान हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वारदात के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें गठित की हैं।

दीक्षा शर्मा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 11 बजे टीला मोड़ क्षेत्र की पंचशील कॉलोनी में 4 वर्षीय बच्ची का शव बरामद हुआ है। परिवार के लोगों ने उसकी पहचान कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के अनावरण के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। मृतका बच्ची की पहचान 4 वर्षीय शिवानी के रूप में हुई है। वो टीला मोड़ थाना क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी में फूफा अजय भाटी के घर पर रहती थी। पुलिस ने बताया कि बच्ची का असली पिता सलीम उर्फ संजू हिन्दू वाल्मीकि था, जिसकी पूर्व में मौत हो चुकी है। मां के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि ऐसा कहा जा रहा है कि मां की दिमागी हालत ठीक नहीं थी, जिसके चलते फिलहाल ये बच्ची 28 जनवरी 2022 से अपने फूफा अजय भाटी के पास रह रही थी।

## संक्षिप्त समाचार




15वे सप्ताह लगातार ग्रेटर नोएडा वेस्ट के घर खरीदारों ने एक मूर्ति चौक पर आशियाना व रजिस्ट्री के मुद्दे को लेकर किया प्रदर्शन।

### शादी में गौवंश का मीट परोसने का आरोप, हंगामा

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर साहबनगर पुलिस चौकी के सामने स्थित शिवम बैंक्वट हॉल पर रविवार सुबह हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने समारोह में गोवंश के मीट को लेकर जबरदस्त हंगामा काटा। संगठन का आरोप था कि समारोह में मेहमानों को परोसने के लिए लाए गए मीट में से कुछ मीट गोवंश का है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आक्रोशित कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। घंटों हंगामा प्रदर्शन के बाद एक स्लाटर हाउस का बिल दिखाने पर मामला शांत हुआ। जानकारी के बाद एसएचओ भानू प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ बैंकट हॉल पहुंच गए। घंटों तक गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि वधु पक्ष की ओर से दिल्ली के गाजीपुर स्थित एक स्लॉटर हाउस का बिल प्रस्तुत किया गया। किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कारवाई की जाएगी।

### दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मारपीट का वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सिखैड़ा रोड के सामने बीच सड़क पर दो युवकों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसी ने वीडियो को यूपी पुलिस व गाजियाबाद कमिशनर को ट्वीट कर दिया है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है सोशल मीड़िया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीड़ियो में दिल्ली मेरठ मार्ग पर रैपिड ट्रेन की डिवाईडर के पास कई युवक एक युवक की बेहरमी से पिटाई कर रहे हैं। पिटाई से बचने के लिए युवक इधर उधर भाग रहा है। लेकिन युवक उसे पकड़कर पीट रहे है। किसी राहगीर ने इसका वीडियो बनाकर यूपी पुलिस व गाजियाबाद कमिशनर को ट्वीट कर दिया। हालाकि हम इस वीड़ियो की पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि वीडियो दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सिखैड़ा औद्योगिक क्षेत्र के सामने का है। वीडियो शनिवार दोपहर का बताया जा रहा है। कार टकराने के बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ था।

### छात्र के साथ कुकर्म के मामले में दो किशोर पकड़े

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ वर्षीय कक्षा तीन के छात्र को टयूवबैल पर ले जाकर सामूहिक कुकर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर छात्र की बेहरमी से भी पिटाई की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो किशोरों को हिरासत में ले लिया है। भोजपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला परिवार के साथ रहती है। महिला के पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। उनका नौ वर्षीय पुत्र कक्षा तीन का छात्र है। शुक्रवार शाम को वह खेलने के लिए घर से निकला था। वह वापस आया तो दर्द से कराह रहा था।

### नशा मुक्ति केंद्र में मौत के मामले में केस दर्ज

**नोएडा।** दिल्ली के चंद्र विहार कॉलोनी में रहने वाले सर्वजीत सिंह ने थाना सेक्टर-113 में बीती रात को शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है शराब के नशा छुड़ाने के लिए उन्होंने उन्हें सेक्टर-112 में स्थित विश्राम फ उंडेशन नामक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया। पीड़ित के अनुसार 7 मार्च को वह अपनी मां के साथ अपने भाई से मिलने सेक्टर-112 गए तब वह ठीक थे। 9 मार्च को नशा मुक्ति केंद्र के संचालक अभिषेक ने उन्हें फोन किया तथा कहा कि आपके भाई को मिर्गी का दौरा पड़ा है, और उनकी थोड़ी देर बाद मौत हो गई।

### तीन दिन में सात दुधारु पशुओं की मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के थाना क्षेत्र के गांव महम्मदपुर कदीम में पिछले तीन दिनों में सात दुधारु पशुओं की मौत हो गई। पशुओं की मौत से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

रविवार को पशु चिकित्सक के साथ गांव पहुंचे और पशुओं के खून के सैंपल लेकर जांच को लैब भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि पशुओं में एनाप्लाज्मा प्रोटोजोआ नामक बीमारी के लक्षण हो सकते हैं जिससे पशुओं की मौत हो रही है। गांव महम्मदपुर निवासी अनिल त्यागी ने बताया कि गांव में तीन दिन के अंदर सात पशुओं की अचानक मौत हो गई है।



आईआईटीजीएनएल में जमीन की उपलब्धता व अन्य विकास कार्यों का जायजा लेती एसीईओ मेघा रूपम।

# ग्रेटर नोएडा में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी में नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है। 12 वर्षीय नाबालिग घर के बाहर खेल कर वापस आ रही थी।

आरोप है कि उसी दौरान तीन युवकों ने उसका अपहरण कर लिया और उसको उठाकर एक फ्लैट पर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के पिता के द्वारा दादरी थाने पर शिकायत दी गई कि गुरुवार को उनकी 12 वर्षीय नाबालिग बेटी घर के बाहर खेल रही थी तभी तीन युवकों ने मेरी बेटी का अपहरण कर लिया। अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर बेटी के साथ में लोगों ने मारपीट भी की। इस दौरान शिकायत पर सत्येंद्र के खिलाफ दुष्कर्म पोक्सो एक्ट अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सत्येंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला है।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश लुटेरे गिरोह का सक्रिय सदस्य है।

यह बाइक लूट के मामले में फरार चल रहा था। शनिवार रात को इकोटेक 3 थाना पुलिस खेड़ा चौगानपुर के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुका और भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस पर फ ायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फ ायरिंग की, जिसमें बदमाश मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल की तरफ भागने लगा। इस दौरान मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लग गई। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। बदमाश की पहचान मेरठ के खेड़ी निवासी सौरभ के रूप में हुई। बदमाश पर 15 हजार का इनाम भी घोषित था।

# शेयर मार्केट में पैसा डूबने से परेशान था टैक्स असिस्टेंट

● शनिवार को गंग नगर के पास मिली थी पति-पत्नी की लाश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में शनिवार को गंगनहर किनारे पूर्व इनकम टैक्स असिस्टेंट रनपाल सिंह और पत्नी रेखा देवी की लाश मिली। मृतक के परिवार वालों को शक है कि दोनों की हत्या हुई है। जबकि पुलिस का मानना है कि रनपाल ने ही रेखा की गला दबाकर हत्या की, फिरखुद फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने जांच के दौरान 40 किलोमीटर तक के फुटेज देखें हैं।

इसमें उनको कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस की बात सही मानें तो ऐसा करने की वजह क्या है, इस पर ग्रामीण बताते हैं कि रनपाल पर काफी कर्ज था। वह अपनी पैतृक संपत्ति बेच चुका था। संभवत इसी को लेकर वो तनाव में था और फि र ऐसा किया। रनपाल को जानने वालों का कहना है कि शेयर मार्केट में काफी पैसा लगाया था, जोकि डूब गया।



हालांकि, परिजन इन बातों को सिरे से नकार रहे हैं। फिलहाल गाजियाबाद और बुलंदशहर जिले की पुलिस इस केस की तहकीकात में जुटी हुई है। बीबीनगर थानाध्यक्ष पटनीश कुमार ने बताया कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक सीसीटीवी कैमरे में रनपाल सिंह बाइक पर अकेला दिखा है। इससे ये बात जाहिर होती है कि वो तब तक पत्नी की हत्या कर चुका था और फिर अकेला कहीं जा रहा था। लेकिन उसके मन में फिर कुछ ख्याल आया होगा और वापस जाकर उसने भी खुदकुशी कर ली होगी। हो सकता है कि दोनों की हत्या हुई हो। थानाध्यक्ष पटनीश कुमार बताते हैं कि रेखा के शरीर पर मंगलसूत्र, सोने की चेन, कुंडल, पायजेब सहित अन्य ज्वेलरी थी। अगर कोई तीसरा व्यक्ति मर्डर करता तो ज्वेलरी लूटकर ले जा सकता था। इस केस में कोई तीसरा व्यक्ति इन्वॉल्व नहीं है, इस बात को मजबूत करते हुए थानाध्यक्ष बताते हैं, जिस रास्ते पर डेडबॉडी मिली हैं, वो रास्ता बुलंदशहर से गाजियाबाद जाने के लिए सीधा था ही नहीं।

### मोबाइल झपटमार पकड़ा 21 फोन जब्त किए

**नोएडा।** बिसरख थाना पुलिस और मोबाइल स्नेचर बदमाश के बीच शनिवार देर रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से लूटे गए 21 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

दरसअल थाना बिसरख पुलिस ने देर रात सेक्टर-3 के डी ब्लॉक रोड के टूटे रास्ते के पास चेकिंग की। पुलिस के मुताबिक, चेकिंग के दौरान ही बाइक पर एक संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुका। जवाबी फ ायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया और वह गिर गया। जिसे पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया।

# वारदातों के खुलासों में सीसीटीवी बने अहम साक्ष्य

● दस माह में 2.24 लाख का चालान, 200 से ज्यादा केसों में मिली सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा। नोएडा की सभी सड़क सर्विलांस पर है। यहां इंटीग्रेटड सिक्योरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईएसटीएमएस के जरिए लगाए गए 1065 कैमरों से वाहनों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ इसके जरिए पुलिस ने अब 200 से ज्यादा केस भी साल्व किए हैं। जिनमें सीसीटीवी फुटेज काफी अहम साक्ष्य साबित हुई। मई 2022 में इसकी शुरुआत हुई।

मई में 14 हजार से ज्यादा चालान जनरेट किए गए। इसके बाद इनकी संख्या लगातार बढ़ती गई। हालांकि नवंबर दिसंबर में कम चालान जनरेट हुए। इसकी वहज बताई गई नोएडा के लोग सिविक सेंस और परिवहन नियमों का पालन कर रहे है। ऐसे में 10 महीनों में कुल 2 लाख 24 हजार 344 चालान किए गए। नोएडा की इन सड़कों का सर्विलांस सेक्टर.94 में बने कमांड कंट्रोल सेंटर से किया जाता है। यहां आईएसटीएमएस का ऑफि स बना है। जिसमें 24 घंटे की मॉनिटरिंग की जा रही है। यहां राउंड को क्लाक वाइस ट्रैफि क कर्मियों की ड्यूटी लगती है।



10 महीनों में 200 से ज्यादा केस में पुलिस को आईएसटीएमएस से सफ लता मिली। यहां सीसीटीवी फु टेज के आधार पर केस का खुलासा करने और बदमाशों को पकड़ने में सफलता मिली। इस क्रम में एक्सप्रेस वे व बॉटेनिकल गार्डन से लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया, जिसमें पुलिस ने बदमाशों का एनकाउंटर के बाद बंधक बनाए गए एक व्यक्ति को छुड़ाने में सफ लता प्राप्त की थी। इस प्रोजेक्ट के तहत 80 करोड़ रुपए में 450 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

ये सभी कैमरे फेस डिडक्शन कैमरे होंगे। जिसमें बदमाश की शक्ल आते ही ये मॉनिटर पर उस बदमाश की हिस्ट्री और पूरा ट्रैक रिकार्ड बता देगा।

जिसके बाद उसे आसानी से गिरफ्तार किया जा सकेगा, जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग की ओर से दी गई है उसमें बाजार, सरकारी व निजी स्कूलों व ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल्स के बाहर स्थान शामिल है। प्राधिकरण के राजेश कुमार ने बताया कि सलाहकार कंपनी आने के बाद क्त्त् तैयार की जाएगी। इसके बाद ही फाइनल एस्टिमेट तैयार किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# शास्त्री पार्क से गढ़ी मांडू तक 11 किमी हिस्से का होगा कायाकल्प

## सीलमपुर और शाहदरा आदि क्षेत्रों के निवासियों को सांस लेने योग्य मिलेगा हरित क्षेत्र

## उपराज्यपाल ने यमुना बाढ़ क्षेत्र का किया निरीक्षण, एक लाख पौधे लगाने का दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र शास्त्री पार्क बेला फार्म से गढ़ीमांडू तक 11 किलोमीटर हिस्से का कायाकल्पा होगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण बाढ़ क्षेत्र को फिर से जीवंत करने के लिए घास, बांस, फूलों व फल देने वाले पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के अलावा शास्त्री पार्क में एक लाख पौधे लगाए जायेंगे। इससे सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा समेत अन्य क्षेत्रों के निवासियों को सांस लेने योग्य स्वच्छ हवा और सैर सपाटे के लिए खूबसुरत हराभरा इलाका उपलब्ध होगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को शास्त्री पार्क से गढ़ीमांडू तक यमुना बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नदी के किनारे को साफ-सुथरा कर पुर्नजीवित और कायाकल्प करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, उपराज्यपाल ने रविवार को पूर्वी दिल्ली में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र शास्त्री पार्क-बेला फार्म-गढ़ी मांडू क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को 11 किलोमीटर लंबे क्षेत्र को साफ करने, पुनर्स्थापित करने और कायाकल्प करने का निर्देश दिया। यह क्षेत्र सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा आदि जैसे इलाकों से जुड़ा हुआ है। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा एक बार इलाकों का कायाकल्प किए जाने के बाद, यह इलाके में अपनी तरह के हरेभरे इलाके में तब्दील होगा जो अनियोजित शहरीकरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित है।

### चार चरणों में होगा विकास कार्य

पहले चरण में कचरा, डंप किए गए मलबा, जानवरों के कचरे और अतिक्रमणों को हटाकर नदी किनारों, बाढ़ क्षेत्रों की साफ सफाई, रसायनों, सीमेंट की खाली बोरियों और जूट की थैलियों की धुलाई और पक्षियों को मारने से उत्पन्न कचरे के निपटान जैसी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों को समाप्त करना। दूसरे चरण में डीडीए द्वारा किनारों पर दो मुख्य जल निकायों की सफाई, डीसिल्टिंग और रखरखाव, एक चैनल के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर सभी जल निकायों को जोड़ने के उद्देश्य से एक समान जल स्तर सुनिश्चित करेगी।

तीसरे चरण में पूरे इलाके में घास लगाकर हराभरा करने और बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके अलावा बांस के पौधे, फूल और फल देने वाले पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। चौथे चरण में इन स्थलों को डीडीए द्वारा खुले सार्वजनिक हरित क्षेत्रों के रूप में पारिस्थितिक रूप से स्थायी सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा जहां वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियां फल-फूल सकती हैं। मालूम हो कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वार गत जनवरी को अपने आदेश के माध्यम से यमुना नदी के कायाकल्प की देखरेख के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना लगातार संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

एलजी के इसी तरह के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल ही में नजफगढ़ नाले के अलावा असिता पूर्व और बाँसेरा में पारिस्थितिक रूप से स्थायी कायाकल्प प्रयासों को बढ़ावा देने के अलावा, पश्चिमी यमुना बैंकों पर कुदसिया घाट-आईएसबीटी खंड में बदलाव आया है।

# चिराग दिल्ली फ्लाईओवर 2 महीने के लिए बंद

- रविवार को लगा जाम, रूट बंद होने से सोमवार को बिगड़ सकते हैं हालात
- यातायात पुलिस ने परामर्श जारी कर लोगों को वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करने की दी सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मरम्मत के दौरान लगा जाम।

दक्षिणी दिल्ली के लोगों को एक बार फिर से यातायात जाम से जूझजूना पड़ेगा। आश्रम फ्लाई ओवर शुरू होने के बाद अब चिराग दिल्ली फ्लाईओवर रविवार से मरम्मत कार्यों के चलते अगले 50 दिनों तक बंद कर दिया गया है। हालांकि इस दौरान एक मार्ग यातायात के लिए बंद रहेगा जबकि दूसरा चालू रहेगा। इसके चलते रविवार हो यहां जाम की स्थिति बन गई। सोमवार को ऑफिस टाइम पर यहां लंबी जाम लगने की आशंका जताई जा रही है।

लोक निर्माण विभाग ने फ्लाईओवर के हर लेन की मरम्मत को पूरा करने के लिए 25-25 दिन की योजना बनाई है। लोगों को असुविधा से बचाने के लिए यातायात पुलिस से परामर्श जारी कर लोगों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के मरम्मत कार्य को चरणों में पूरा करने की योजना बनाई है। पहले चरण में नेहरू प्लेस से आईआईटी की ओर जाने वाले मार्ग की मरम्मत की जाएगी। दूसरे चरण में आईआईटी से नेहरू प्लेस की ओर जाने वाले मार्ग की मरम्मत की जाएगी। इस दौरान फ्लाईओवर का दूसरा लेन यातायात के लिए खुला रहेगा। यातायात पुलिस ने परामर्श में कहा कि नेहरू प्लेस से आईआईटी फ्लाईओवर तक के मार्ग पर मरम्मत का काम पहले किया जाएगा और उसके बाद आईआईटी फ्लाईओवर से नेहरू प्लेस तक दूसरे मार्ग का काम किया जाएगा।

फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य के कारण मालवीय नगर, पंचशील पार्क और वसंत कुंज सहित दक्षिण दिल्ली के सभी प्रमुख क्षेत्रों की ओर जाने वाले मार्गों पर यात्रियों को यातायात जाम का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, यातायात पुलिस ने यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए आवश्यक मार्ग परिवर्तन का सुझाव दिया है। परामर्श में कहा गया है, मार्ग बंद होने से सड़क पर यातायात जाम बढ़ सकता है और आम जनता को असुविधा हो सकती है। रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डे, अस्पतालों आदि की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने प्रस्थान की योजना पहले से बना लें और देरी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाएं।

### इन रास्तों का इस्तेमाल करें

परामर्श में कहा गया है, धौला कुआं, एम्स, डिफेंस कॉलोनी आदि की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे नेहरू प्लेस फ्लाईओवर के नीचे दाएं मुड़ें और अपने गंतव्य के लिए मूलचंद अस्पताल फ्लाईओवर की ओर लाला लाजपत राय मार्ग का इस्तेमाल करें।

बाहरी रिंग रोड पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से ग्रेटर कैलाश और नेहरू प्लेस की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे पंचशील फ्लाईओवर से अगस्त क्रांति मार्ग की ओर बाएं मुड़ें और रिंग रोड पर जाएं और मूलचंद फ्लाईओवर के नीचे दाएं मुड़ें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लाला लाजपत राय मार्ग का अनुसरण करें। आउटर रिंग रोड पर आईआईटी दिल्ली से ग्रेटर कैलाश और नेहरू प्लेस की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे आईआईटी फ्लाईओवर से अरबिंदो मार्ग की ओर बाएं मुड़ें और रिंग रोड पर जाएं और लाला लाजपत राय मार्ग की ओर मूलचंद फ्लाईओवर के नीचे दाएं मुड़ें अपने गंतव्य तक पहुंचें। बाहरी रिंग रोड पर चिराग दिल्ली फ्लाईओवर की ओर भारी और वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया जा सकता है, ताकि मार्ग पर यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके।

## मेट्रो अस्पताल के पास सड़क धंसी

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में रविवार को गिरधारी लाल गोस्वामी मार्ग पर मेट्रो अस्पताल के पास सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यातायात पुलिस ने बताया, मेट्रो अस्पताल और न्यू पटेल नगर पार्क के पास सड़क धंस जाने के कारण लोहा मंडी से शादीपुर डिपो की ओर जाने वाले यात्रियों राहगीरों को गिरधारी लाल गोस्वामी मार्ग पर जाने से रोक दिया गया है। कृपया इस मार्ग पर जाने से बचें।

# वसंत कुंज मामला: पति का दर्द भूली नहीं भी थी कि बच्चों की मौत से फटा मां का कलेजा

- बच्चों के पालन-पोषण के लिए दिल्ली में रहती थी पीड़िता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आवारा कुत्तों के हमले में दो मासूमों की मौत के बाद मां का कलेजा फट गया है। वह बार-बार बेहोश हो रही है।

उसे होश आता है तो वह अपने दोनों बच्चों के बारे में पूछने लगती है। कुत्तों के हमलों से जान गंवाने वाले बच्चों की मौसी सुषमा ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व सुमन के पति पवन की दिमागी हालत खराब हो गई। इसके बाद वह गांव चले गए। इलाहाबाद जाने के बाद वह एक बार भी अपने परिवार को नहीं देखा। लेकिन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सुमन अपने तीनों बच्चों के साथ दिल्ली में अपनी जेठानी के साथ रहने लगी। वह खुद ब्यूटी पार्लर में काम अपने तीनों बेटे अंश, आदित्य और आनंद का पालन पोषण करते है। आनंद व आदित्य इलाके के सरकारी स्कूल में एलकेजी और दूसरी कक्षा में पढ़ते थे।

पिता की दिमागी हालत खराब होने के बाद उनकी बहन उनके साथ रह रही थी। लेकिन उनके बच्चे होने के बाद वह अपने पति के साथ अलग रहने लगी। इसके बाद सुमन अपनी जेठानी के परिवार के साथ रहने लगी। शुक्रवार को हुए आनंद की मौत के बाद उसकी मां की हालत खराब हो गई थी। लेकिन आदित्य की मौत के बाद वह पूरी तरह टूट चुकी है। वहीं सूचना मिलते ही आसपास के लोग पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।

# अमन विहार में बाइक सवारों ने कार मैकेनिक को मारी गोली

- हत्या के बाद आरोपी फरार, मामले में पुरानी रंजिश का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अमन विहार इलाके में बाइक सवार दो हमलावरों ने एक कार मैकेनिक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बेगमपुर निवासी योगेश के रूप में हुई है।

शुरुआती जांच से पता चला है कि बाइक सवार दो हमलावरों ने योगेश पर हमला किया था। गोली लगने के बाद उसे इलाज के लिए अग्रसेन अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया है। अब तक की जांच में पता चला है कि मृतक कार मैकेनिक था और आशंका है कि रंजिश के कारण उसकी हत्या की गई।

उन्होंने कहा कि कई पहलुओं पर गौर किया जा रहा है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# डीटीसी की 100 और ई- बसें सड़कों पर दौड़ेंगी

- अप्रैल मे दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 400 हो जाएगी, मई से हर महीने 200-250 बसें होंगी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में अप्रैल में 100 इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी। इससे दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 400 हो जाएगी। उसके बाद हर महीने 200-250 बसें डीटीसी के बेड़े में शामिल होंगी।

दिल्ली के परिवहन आयुक्त आशीष कुन्द्रा बसों का निरीक्षण करने के लिए हाल ही में लखनऊ स्थित टाटा मोटर्स के प्लांट में गए थे। पिछले महीने डीटीसी की एमडी शिल्पा शिंदे बस का प्रोटोटाइप मॉडल देखने कर्नाटक गई थीं। एक अधिकारी ने बताया, मार्च के अंत में या अप्रैल के पहले सप्ताह में हमें 100 इलेक्ट्रिक बस मिलेंगी। उसके बाद हर महीने 200-250 बसें आएंगी। डीटीसी में 2023 के अंत तक 1500 नई इलेक्ट्रिक बस शामिल होंगी और इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,800 हो जाएगी।

# राजधानी में साल का सबसे गर्म दिन रहा रविवार

- पारा पहुंचा 34 डिग्री के पार, अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से पांच डिग्री अधिक है और यह इस मौसम का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा।

आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि गर्मियों का मौसम एक मार्च से शुरू होकर 31 मई तक रहता है। आईएमडी में वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि 34.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ दिल्ली में इस मौसम का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। आईएमडी के अनुसार आज शहर में न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके मुताबिक दिल्ली में सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत से 27 प्रतिशत के बीच रही। मौसम विभाग ने सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है।

# ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़, 3.5 करोड़ की चरस जब्त

- दिल्ली पुलिस ने तीन अलग-अलग ऑपरेशन में 12 को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 3.5 करोड़ की चरस बरामद करने के साथ ही 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने ड्रग्स रैकेट चलाने वालों को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों के पास से 3.5 किलो चरस जिसे मलाना क्रीम के नाम से जाना जाता है। क्राइम ब्रांच ने रविवार को बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए एक अंतरराज्यीय सिंडिकेट की जानकारी मिली थी। हिमाचल प्रदेश निवासी सेस राम दिल्ली और देश के अन्य राज्यों में चरस की आपूर्ति करता था। आरोपी आरोपी के पास से 1160 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि तीन ऑपेशनों में अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले 12 लोगों को गिरफ्तार किया हैं, जिसमें सेस राम निवासी हिमाचल प्रदेश। मयूर खाड़े निवासी धारावी मुंबई महाराष्ट्र शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली समेत अन्य स्थानों से आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

## दिल्ली पर्यटन विभाग के फूड फेस्टिवल का समापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पर्यटन विभाग के फूड फेस्टिवल का रविवार को समापन हो गया। इस फेस्टिवल में खाने के शौकिनों ने देसी और व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस फेस्टिवल का आयोजन 50 प्रमुख रेस्तरां, होटल, टूरिज़्म कॉरपोरेशन आदि की सहभागिता से मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम किया गया था।

इस उत्सव में अरेबियन, इंडोनेशियन, इतालवी, मैक्सिकन, आस्ट्रेलिया, चाइनीज व्यंजनों के अलावा भारतीय मोटे अनाज भी आकर्षण के केन्द्र थे। खाने के साथ-साथ साहित्य कला परिषद् द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा परिक्रमा बैंड की प्रस्तुति ने सबके मनों को मोह लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मंगोलपुरी में दंगल का आयोजन



**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी में गुरु ज्ञान अखाड़े की तरफ से रविवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दिल्ली हरियाणा यूपी के पहलवान शामिल हुए पहलवानों ने मिट्टी की कुश्ती के दांव पेंच दिखाकर दंगल को सफल बनाया। दंगल के आयोजक विकास ने बताया की दंगल उनके पिता गुरु ज्ञान और प्रकाश पहलवान की याद में करवाया जा रहा है। दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कुश्ती महासंघ राष्ट्रीय महासचिव गौरव सचदेवा भी मौजूद रहे।

### संगीता बनीं लोक जनशक्ति पार्टी की राष्ट्रीय सचिव



**नई दिल्ली।** समाजसेवी संगीता कुमारी को लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) की महिला विंग का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। रविवार को राजधानी स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान एलजेपी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बता दें कि लम्बे वक्त से समाज के लिए कार्य कर रहीं संगीता कुमारी यूथ मिशन नामक सामाजिक संगठन की कोषाध्यक्ष भी हैं। यह संगठन युवाओं के मुद्दों को लेकर समय-समय पर कार्य करता रहता है।

### देशभर के उत्तराखंडियों को एकजुट करेगा एकता मंच




**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग क्षेत्रों में रह रहे उत्तराखण्ड के लोगों को एकजुट करने का उत्तराखण्ड एकता मंच करेगा। आईटीओ स्थित गांधी पीस फाउंडेशन में रविवार को आयोजित एक बैठक में संगठन ने कई अहम मुद्दों पर वार्ता के बाद निर्णय लिया गया। बैठक में जल्द ही उत्तराखंडियों का राष्ट्रीय संगठन बनाने और हर क्षेत्र में उत्तराखण्ड के लोगों का प्रतिनिधित्व की भी बात कही गई। इस अवसर पर संगठन ने अंकिता भंडारी एवं किरण नेगी को न्याय दिलवाने का संकल्प भी दोहराया। इसके लिए सबसे पहले उत्तराखंड, दिल्ली-एनसीआर और चंडीगढ़ की 17 लोकसभा क्षेत्रों में विधानसभा स्तर पर संगठन तैयार किया जाएगा। साथ ही विभिन्न मुद्दों के लिए अलग- अलग समितियों का निर्माण किया जाएगा। अगले माह संगठन की वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

# सरकार ने शुरू की हैप्पीनेस करिकुलम नाम से यूट्यूब सीरीज

## बुधवार को शाम साढ़े सात बजे और रविवार को सुबह नौ बजे से होगा प्रसारण

- हैप्पीनेस करिकुलम की समझ और खुशहाल जीवन जीने की योग्यता विकसित करने में शिक्षा की भूमिका को देश और दुनिया में पहुंचाना मकसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केजरीवाल सरकार देश और दुनिया में हैप्पीनेस करिकुलम की गतिविधियों को पहुँचाने, शिक्षा के मानवीकरण और जीवन के मूल उद्देश्यों की समझ बनाने की दिशा में यूट्यूब सीरीज शुरू करने की अनूठी पहल की है।

शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई 36 एपिसोड की सीरीज के माध्यम से जीवन का मकसद और उस मकसद को हासिल करने में शिक्षा की भूमिका को पूरी दुनिया के साथ साझा किया जाएगा। साथ ही विडियो सीरीज को विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों व संस्थानों के साथ भी साझा कर उनके शोध व विचारों को इसमें सम्मिलित करेगा। इसका प्रसारण हर बुधवार को शाम साढ़े सात बजे तथा हर रविवार को सुबह नौ बजे 'जीवन विद्या-जीवन जीने का एक तरीका' सीरीज के नए एपिसोड को ऑन-एयर किया जायेगा।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना ने कहा कि, 'इतने कम समय में टीम शिक्षा द्वारा हैप्पीनेस करिकुलम के दर्शन पर आधारित सीरीज तैयार करना खुशी की बात है। यह सराहनीय कदम है कि टीम ने जीवन जीने के इस दर्शन को सहजता के साथ देश-विदेश में लोगों तक पहुँचाने की पहल की है।

देश के शिक्षा व्यवस्था में हमेशा ज्ञान और कौशल की बात हुई लेकिन मूल्य शिक्षा इसके बीच कहीं दबकर रह गई। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों में बच्चों को योग्य बनाने के साथ-साथ उन्हें अच्छा इंसान बनाने के लिए हैप्पीनेस माइंडसेट करिकुलम, एंत्रप्रेन्योर माइंडसेट करिकुलम व देशभक्ति करिकुलम की शुरुआत की गई। इन सबका उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से जीवन के मूल उद्देश्यों को समझना है। इन तीनों करिकुलम को और व्यापक बनाने की दिशा में टीम एजुकेशन काम कर रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री की सोच है कि शिक्षा का असल उद्देश्य जीवन को बेहतर ढंग से जीना सिखाना है।

इस सीरिज के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों ने हैप्पीनेस करिकुलम से जो कुछ सीखा है उसे देश और दुनिया के बाकी लोगों के साथ भी साझा कर सकें। और शिक्षा के माध्यम से जीवन के प्रति अपने नजरिये और जीवन जीने के तरीकों में सकारात्मक बदलाव ला सकें। शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि कक्षा में पढ़ा रहे शिक्षक के लिए ज्ञान के साथ-साथ उसका अच्छा चरित्र होना भी जरुरी है क्योंकि बच्चे अपने शिक्षक को अपने आदर्श के रूप में देखते है।

शिक्षकों ने जो कुछ सीखा है अब समय है कि उस ज्ञान को देश दुनिया में बाकी लोगों तक भी पहुंचा सकें ताकि सभी खुश होकर जीवन जीना सीख सकें और अपने छात्रों को भी सिखा सकें।

# गरीबों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने में सहयोग बढ़ाए कैनविन



रविवार को गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-2 में कैनविन के चौथे सेवा पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन करते सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, साथ में मौजूद डा. डीपी गोयल व नवील गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### अशोक विहार फेज-2 के चौ. धर्मबीर कटारिया टावर में बनाया गया है यह सेवा पॉली क्लीनिक

**गरीब** व आम आदमी को खास, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का मिशन लेकर काम कर ही कैनविन फाउंडेशन ने रविवार को अपने चौथे सेवा पॉली क्लीनिक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुरुग्राम के सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल से आग्रह किया कि वे अपने मिशन में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई स्वास्थ्य योजनाओं को भी शामिल करें, ताकि गरीब, जरूरतमंदों तक उनका लाभ पहुंच सके।

रविवार को सेक्टर-5 क्षेत्र स्थित अशोक फेज-2 में चौ. धर्मबीर कटारिया टावर में कैनविन के चौथे सेवा पॉली क्लीनिक का मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि उप-चिकित्सा अधीक्षक डा. डा. मनीष राठी पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर ने अध्यक्षता की। शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर का मिला। अपने संबोधन में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे शुरू से ही कैनविन सेवा पॉलीक्लीनिक का शुभारंभ करने में भागीदार रहे हैं। आज चौथे क्लीनिक की शुरुआत हुई है, जल्द ही पांचवें की भी होगी। उन्होंने डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल से कहा कि वे समाज की तरफ से उनसे कुछ मांग कर रहे हैं। पहली तो यह कि जब 8 मई 2023 को कैनविन अस्पताल की शुरुआत हो तो उसी दिन से अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के पैनल पर भी आए।

साथ ही शहर में चल रहे आरोग्य रथ के माध्यम से 20 रुपये ओपीडी फीस देने वालों से कैनविन अस्पताल में ओपीडी फीस ना ली जाए। जब कैनविन सेल्फ सस्टेन हो जाए तो जहां तक संभव हो ओपीडी फीस कम करने के प्रयास हों। स्वास्थ्य विभाग को एक शव वाहन कैनविन देकर पुण्य का काम करे। सिविल सर्जन ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैनविन के अस्पताल और पॉलीक्लीनिक में फ्री वैक्सीन दी जाएंगी और उन्हें फ्री में लगाने का काम कैनविन करे। आयुष्मान भारत योजना में हरियाणा की ओर से शामिल की गई चिरायु योजना के कार्ड बनाने में और अधिक सहयोग कैनविन करे। निरोगी स्कीम में भी योगदान दें। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव की जनहित में इन मांगों पर गोयल बंधुओं ने मौके पर ही हामी भरते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं को कैनविन शत-प्रतिशत लागू करके लोगों को अच्छी सुविधाएं देगा।

कार्यक्रम में अपना वक्तव्य देते हुए शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर ने कहा कि किसी भी काम को आगे बढ़ाने के लिए खुद पर विश्वास करवाना आसान नहीं होता। उन्हें खुशी है कि दोनों भाइयों ने एक विश्वास पैदा किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता राज निर्भीक ने कहा कि दोनों भाईयों में समाज से लेने की नहीं बल्कि देने की सोच है। कार्यक्रम के अध्यक्ष आरएसएस महानगर संघचालक जगदीश ग्रोवर ने कहा कि डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल के विचार ऊंचे हैं। कार्यक्रम में एसीपी प्रियांशु दीवान, एसएचओ जोगेंद्र, डिप्टी सिविल सर्जन डा. अनुज गर्ग, डा. मनीष राठी समेत अन्य अतिथियों को पौधा, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया। समाजसेवी समता सिंगला ने पूजा मित्तल द्वारा लिखा गया गीत- कैनविन फाउंडेशन के ये दो सरकार हैं, इन राम-लखन के हम सब कर्जदार हैं। इनकी सेवा का करते हम आभार हैं...गीत गाया तो पंडाल तालियों से गूंज उठा।

### यहां स्थापित होगा प्लेसमेंट सैल : नवीन गोयल

**नवीन** गोयल ने कहा कि इस सेवा पॉली क्लीनिक में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ रोजगार संबंधी विषय पर भी काम किया जाएगा। यहां युवाओं की प्लेसमेंट के लिए एक सैल बनाया जाएगा। उन्हें मार्केट की जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षित कराकर रोजगार के लायक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से तालमेल करके काम करते हैं। उन्हें परेशानी के साथ उसका हल भी बताने का प्रयास करते हैं, ताकि जनहित में अच्छे काम हों।

### हमारा मिशन, विजन जनसेवा का है : डा. डीपी गोयल

**कार्यक्रम** में कैनविन फाउंडेशन के कार्यों का ब्यौरा देते हुए डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारा मिशन, विजन जनसेवा का है। गुरुग्राम में यह जनसेवा का काम थमेगा नहीं। रोगियों को निरोगी बनाने में कैनविन की टीम दिन-रात लगी रहती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राष्ट्र निर्माण में आरएसएस अपनी भूमिका निभा रहा है। हम आरएसएस से संगठन चलाने की शिक्षा ले रहे हैं। समाज के लिए जिसने त्याग किया है, इतिहास में उसी का नाम हुआ है।

### समाज के इन अग्रणी लोगों की रही उपस्थिति

**इस** अवसर पर गजेंद्र गुप्ता बॉबी, गगन गोयल, आशा गोयल, सुधीर कलसन, धर्मेंद्र बजाज, सुरेश तंवर, हरीश यादव, जगदीश सिक्का, डा. विनोद धर्मानी, सतीश धर्मानी, बाली पंडित, रतनलाल गुप्ता, कमांडर उदयवीर यादव, अत्तर सिंह संधू, एडवोकेट अभय जैन, राजेश गुलिया, धर्मेंद्र शर्मा, संतोष ठाकुर, सतनारायण कादयान, अनिल सिंह, रजनीश राठी, अशोक सैनी, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति से कपूर सिंह दलाल, ईशु वाल्मीकि, चंद्रपाल, पारस बख्शी, मुकेश शर्मा, पवन सपरा, बिट्टू यादव, हरकेश प्रधान, सरदार मान सिंह, सुनील लाकड़ा, दशमेश कटारिया, राकेश जाटव, सुभाष यादव, बीएल अग्रवाल, राजेंद्र प्रधान धोबी समाज, कमल वर्मा, इंद्रजीत मेहता, ओपी शर्मा, अजीत भारद्वाज, दुर्गानंद झा, कुलदीप, पवन जिंदल, कृष्ण यादव, मनोज गर्ग, बलबीर गुप्ता, बलजीत सुभाष नगर, राजेश सिंह, पवन सपरा, बालकिशन हुड्डा, जगदीश, सुल्तान, सतनारायण कादयान, सुरेश शर्मा, तलुजा, ऊषा भारद्वाज, रवि सिंगला, गणेश चौहान, सचिन अग्रवाल, जितेश गोगिया, उमाशंकर भारद्वाज, बनवारी लाल शर्मा, योगेश शर्मा, गोपाल रावत समेत सेंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंगों ने दंपति को घर में घुसकर पीटा

**सोहना।** नगर परिषद के गांव लाखूवास में दबंगों ने दंपति को उनके ही घर में घुसकर डंडा व लाठियों से वार करके पीटा। पीड़िता महिला ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। गांव लाखूवास निवासी संगीता ने शहर थाना पुलिस को बताया कि शुक्रवार की दोपहर बाद तीन बजे सुनील व सचिन ने उसके पति फरेन्द्र को पहले तो आम रास्ते में अपने घर के पास मिलकर पीटा। पति की मदद के लिए वह गई तो आरोपियों की रिश्तेदार महिलाओं ने ईंट फेंक कर मारी। उसके बाद आरोपी सचिन, सुनील, उनकी मां, सुनील की मां के साथ पुत्र वधू अंजू और वर्षा उनके घर में घुस आए। जिन्होने उन्हे उनके घर में बंद करके लाठी व डंडों से मारा। घर से बाहर जाते समय सुनील उसे तथा उसके पति को जान से मार देने और मकान में न रहने देने की धमकी कर चला गया। परिजनों ने दंपति को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। जहां झगड़े के दूसरे दिन संगीता ने दी शिकायत के आधार पर पुलिस ने नामजद तीन महिलाओं समेत छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### स्लम स्कूल के बच्चों को मिली पाठ्य सामग्री



पुस्तक मिलने पर खुशी जताते बच्चे।

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-57 में स्लम स्कूल भगत फाउंडेशन में अ विशिंग ट्री वेलफेयर ट्रस्ट गुरुग्राम ने गरीब बच्चों के पढ़ने की सामग्री वितरित की। फाउंडेशन की संस्थापक सुनीता पाल ने गरीब बच्चों को किताबें, कॉपियां, पेंसिल, रबड़, शॉपनर्स व अन्य सामान दिया। इस दौरान सुनीता पाल ने वहां उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए उनके अच्छे भविष्य की भी कामना की। सुनीता पाल ने वहां उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई हर बच्चे का अधिकार है और हर बच्चे को पढ़ना भी चाहिए। जिस बच्चे को पढ़ाई करने के लिए किसी भी चीज की जरूरत होगी, उसको अ विशिंग ट्री फाउंडेशन पढ़ाई के हर चीज मुहैया कराएगा। इसके अलावा सुनिता पाल ने ट्रस्ट अपने सभी नेक काम में सहयोग करने वाले मेंबर्स का भी धन्यवाद किया।

### क्रिकेट से कभी खत्म नहीं होगा करप्शन : नीरज कुमार



गुरुग्राम में अपनी पुस्तक ए कॉर्प इन क्रिकेट लांच करते दिल्ली के पूर्व पुलिस कमिश्नर नीरज कुमार।

**गुरुग्राम।** यहां फरीदाबाद रोड स्थित एक क्लब में दिल्ली के पूर्व पुलिस कमिश्नर नीरज कुमार ने अपनी पुस्तक का विमोचन किया। उनकी पुस्तक का नाम है-ए कॉप इन क्रिकेट। इस दौरान दिल्ली के पूर्व पुलिस कमिश्नर ने वहां आए लोगों के सामने अपने अनुभव साझा किए। नीरज कुमार ने बताया कि क्रिकेट की दुनिया में करप्शन चल रहा है। उन्होंने कहा कि जब एक पुलिस ऑफिसर क्रिकेट की दुनिया में पहुंचता है तो उसके सामने क्या-क्या मसले सामने आते हैं, ये सिर्फ वो ही जानते हैं। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि जो क्रिकेट की दुनिया में करप्शन चल रहा है, वह उनके बीसीसी ज्वाइन करने के बाद भी चालू है। उन्होंने कहा कि जो काम मैंने अपने कैरियर में करेक्शन ऑफ क्रिकेट से जुड़ने के लिए किया है, वह करप्शन कभी खत्म होने वाला नहीं है। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि ज्वाइन करने के बावजूद भी करप्शन चालू है, लेकिन इस पर काबू करने के लिए मैंने जितना हो सके उतना काम किया है, उन्होंने कहा कि खेल में करप्शन चल रहा है। जैसे कबड्डी में, फुटबाल में, टेनिस में, गोल्फमें सब जगह करप्शन की गुंजाइश बनी हुई है, क्योंकि हर खेल में बैटिंग चलती है। इसके अलावा खेलों में अगर फिक्सिंग हो जाए तो लोग काफी पैसा बना भी लेते हैं। दिल्ली के पूर्व पुलिस कमिश्नर नीरज कुमार ने अपने विचार वहां मौजूद लोगों के सामने साझा करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

### पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लें पशुपालक

**मेवात।** पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाकर आजीविका के साधन विकसित किए जा सकते हैं। इच्छुक किसान सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना के तहत गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपये तक का ऋण लिया जा सकता है। छोटे किसानों की पशुपालन व अन्य संबद्ध क्षेत्रों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना चलाई जा रही है। डीसी अजय कुमार ने बताया कि योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल पर होने वाले खर्च के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपये तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखें व बिना किसी प्रकार गारंटी के कोलेटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई गारंटी देना अनिवार्य होगा। डीसी ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना सात प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से ब्याज दर तीन प्रतिशत की छूट मिल जाएगी और उसे केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से ही ऋण चुकाना होगा। कार्डधारक द्वारा ऋण की राशि जरूरत के अनुसार समय-समय पर ली जा सकती है और सुविधा अनुसार जमा करवाई जा सकती है।

# घुड़सवारी चैंपियनशिप में गुरुग्राम के शशांक ने जीता गोल्ड मेडल



घुड़सवारी प्रतियोगिता में भाग लेता शशांक।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### यूपी के मेरठ में आयोजित की गई थी घुड़सवारी स्पर्धा

### शशांक ने स्वर्ण पदक जीतकर गुरुग्राम का गौरव बढ़ाया

**गुरुग्राम** के 18 वर्षीय शशांक सिंह कटारिया ने सुपर ट्रिपल क्लियर राउंड देकर नेशनल इक्कास्ट्रियन चैंपियनशिप 2023 में नोवाइस नेशनल फॉल्ट एंड आऊट चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुग्राम और हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। घुड़सवारी की यह नेशनल चैंपियनशिप मेरठ में आयोजित की जा रही है।

देशभर से सर्वश्रेष्ठ अश्वारोही अकादमियों और सशस्त्र बलों के 70 से अधिक सर्वश्रेष्ठ राइडर्स अपने घोड़ों के साथ इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया। जिनमें 61 कैवलरी, सशस्त्र सेवा कोर, रिमाउंट वेटरनरी, बीएसएफ, राजस्थान पुलिस आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। इक्कास्ट्रियन फैडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य कर्नल राजपाल सिंह अहलूवालिया (सेवानिवृत) ने बताया कि शशांक सिंह कटारिया उभरता हुआ घुड़सवार है। उसने नोविस नेशनल फॉल्ट एंड आउट चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।

नेशनल इक्केस्ट्रियन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन शशांक सिंह कटारिया ने अपने घोड़े अला बॉन ह्यूर के साथ व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर दोनों प्रकार की स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप किया। एकल वाइस जंपिंग नॉरमल स्पर्धा में शशांक सिंह कटारिया अपने घोड़े अला बॉन ह्यूर के साथ प्रथम स्थान पर रहे जबकि नवीन कश्यप ने अपने गुलाब घोड़े के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और लेफ्टिनेंट कर्नल समीर चौधरी ने अपने घोड़े दिलावर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार टीम स्पर्धा में हरियाणा की ओर से शशांक सिंह कटारिया, मेजर कुणाल मलिक, अंकित गुप्ता और एरिक भाटिया की टीम ने प्रथम स्थान, कर्नल ऐके गोस्वामी, परिशवनाथ, अवधेश और नवीन कश्यप की टीम दूसरे स्थान पर रही जबकि आश्रय बूटा, स्थावी अस्थाना, कविता स्वीटन और कर्नल अंकुर शर्मा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कर्नल अहलूवालिया ने बताया कि इक्केस्ट्रियन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आरवीसी सेंटर, मेरठ में आयोजित की जा रही नोविस नेशनल इक्केस्ट्रियन चैंपियनशिप 2023 में गुरुग्राम के शशांक सिंह कटारिया और उनके घोड़े अला बॉन हियर ने शानदार ट्रिपल क्लीयर राउंड के साथ जादुई और शानदार प्रदर्शन किया।

# विधायक सुधीर सिंगला ने शीतला माता मंदिर में की जल सेवा की शुरुआत



गुरुग्राम स्थित शीतला माता मंदिर में जल सेवा की शुरुआत करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को शक्तिपीठ माता शीतला मंदिर में जल सेवा की शुरुआत की। यह जल सेवा पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया की ओर से की गई है। पूरे चैत्र मेले के दौरान यह सेवा चलती रहेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी में कोई दिक्कत नहीं होगी।

विधायक सुधीर सिंगला ने परमिंदर कटारिया व उनकी टीम को इस नेक कार्य के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि सेवा का कोई रूप नहीं होता। वह किसी भी समय, कहीं पर भी और किसी भी तरह से की जा सकती है। गर्मी शुरू हो गई है। गर्मी में चैत्र मेले में लाखों भक्त यहां शीतला माता मंदिर में आते हैं। यह अतिरिक्त जल सेवा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि हम सबको शीतला माता मंदिर में पहुंचकर अनुशासन बनाकर रखना चाहिए। भीड़ अधिक होती है, इसलिए हर भक्त की यह जिम्मेदारी है कि वे किसी दूसरे को परेशानी ना आने दें।

विधायक ने कहा कि मां शीतला के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस कारण माता को हॉल में विराजमान कराया गया है। जैसे ही यह मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा, मां भव्य भवन में विराजमान होंगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में शीतला माता का मंदिर दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का बड़ा स्थल है। माता के दर्शनों को यहां आने वालों के कष्ट दूर होते हैं।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से यह निवेदन भी किया है कि वे माता के दर्शनों के लिए लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार जरूर करें। अक्सर लोग जल्दबाजी करते हैं और भगदड़ मचने जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जलसेवा की शुरुआत के दौरान जुगल रैना, नरेंद्र कटारिया, सुरेश मलिक, अनिल शर्मा, रमेश तोमर, सतीश गुप्ता, अनिल सैनी,राकेश कुमार, रेखा, रुचि, प्रेरणा, नीलम, उषा, कमला, जयपाल, महेंद्र नमन समेत कई लोग मौजूद रहे।

# 'मन की बात' के 100वें एपिसोड के लिए प्रधानमंत्री को भेजें सुझाव : डीसी

**मेवात।** डीसी अजय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' अपने 100वें संस्करण में प्रवेश करने जा रहा है। जिलावासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को खास बनाने के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कहा है कि 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को कैसे खास बनाया जा सकता है, इसके लिए उन्हें सुझाव भेजेंगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर देशवासियों के समक्ष 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचार साझा करते हैं। सुझाव 27 अप्रैल 2023 तक सुझाव पीएमइंडियाडॉटगोवडॉटइन/ईएन/इंटरेक्ट-विद-ऑनरेबिलपीएम के माध्यम से पहुंचाएं।

# सुशासन की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा रही सरकार

**मेवात।** हरियाणा सरकार ने सुशासन की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाते हुए अब हरियाणा में वाहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से आधार आधारित 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ आमजन को देने का निर्णय लिया है।

डीसी अजय कुमार ने बताया कि आमजन को वाहन पोर्टल पर वाहन पंजीकरण से संबंधित जैसे गिरवी जारी रखना, स्वामित्व का हस्तांतरण, पते में बदलाव, नया परमिट जारी करना, परमिट का नवीनीकरण, किराया खरीद समझौते का पृष्ठांकन, अस्थायी परमिट के लिए आवेदन,रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि, मोटर वाहन के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन, परमिट की प्रतिलिपि जारी करना, फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि जारी करना, फीस के बदले रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट विवरण देखना, परिवहन सेवाओं के रिकार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करना जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# अधिवक्ता भाईयों से मारपीट के आरोपी चार दिन बाद भी नहीं हो सके गिरफ्तार

### विधायक संजय सिंह, बार एसोसिएशन ने एसीपी नवीन संधू के आश्वासन पर समाप्त किया था धरना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** थाना पुलिस धुल्हैंडी की रात अधिवक्ता भाइयों पर अस्पताल में मारपीट मामले में चार दिन बीत जाने के बाद पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दर्जनभर स्थानों पर छापा मारने का दावा कर रही है।

शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में आम रास्ते में गाड़ी बचाव को लेकर दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में सगे दो अधिवक्ता भाइयों पर एक गुट के लोगों ने अस्पताल में उपचार के दौरान डंडे बरसाते हुए गंभीर रुप से घायल कर दिया था। जिसमें एक अधिवक्ता नीरज व नवीन के हाथ समेत पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली शिकायतों के आधार पर तीन अलग-अलग मामले दर्ज कर लिए थे। जिसमें एक मामला पुनीत की शिकायत पर तथा दो मामले नवीन व नीरज की शिकायत पर दर्ज किए थे, लेकिन पुलिस चार दिन बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिससे पीडित पक्ष के नागरिकों की नजरें पुलिस की कार्रवाई पर टकटकी लगाए हुए हैं।

### हत्या का प्रयास का मामला दर्ज करने की मांग

**अधिवक्ता** भाई नवीन व नीरज पर रात के समय में निजी अस्पताल में जाकर वारदात के आरोपियों पर पीड़ित वकीलों के परिजनों समेत सोहना विधायक, बार एसोसिएशन, शहर के व्यापारी वर्ग और अधिवक्ताओं ने शहर थाना के सामने दरी बिछाकर बैठते हुए धरना दिया था। इस धरने पर बैठने वालों ने पुलिस से नवीन व नीरज के हमलवरों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए धारा 307 का मुकदमा चलाने की मांग की थी। धरना पर बैठे विधायक संजय सिंह समेत बार एसोसिएशन, व्यापारियों को आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को पूर्ण करने का आश्वासन एसीपी सोहना नवीन संधू ने दिया था। पुलिस ने अधिवक्ता भाइयों पर हुआ हमले की जांच तेजी से की जा रही है। जैसे-जैसे जांच में असल तथ्य सामने आएंगे। वैसे-वैसे ही आरोपों के तहत धाराओं को कम ज्यादा किया जाएगा। **सुनील कुमार ( शहर थाना प्रभारी )**

# आयुष्मान के तहत 1000 से अधिक हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन



आहूजा नेत्र संस्थान में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते बोधराज सीकरी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने आहुजा नेत्र संस्थान की सराहना की

**आयुष्मान** भारत के अंतर्गत आहूजा नेत्र एवं दंत संस्थान में 1000 मोतियाबिंद के सफ्ल ऑपरेशन होने के उपलक्ष्य में एक भव्य आयोजन किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव मुख्य अतिथि व उप-सिविल सर्जन डा. अनुज गर्ग विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे।

निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. टीएन आहूजा ने बताया कि इन सभी सुविधाओं का लाभ लेने वालों में अधिकतर बीपीएल श्रेणी के मरीज हैं। इस योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का इलाज नि:शुल्क है। बोधराज सीकरी ने बताया कि हम लोगों को जगह-जगह जाकर आयुष्मान योजना के बारे में बताएंगे और इसका लाभ उठाने के लिए जागरुक करेंगे। सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने कहा कि अब आयुष्मान योजना से ज्यादा लाभदायक चिरायु योजना है। जिन लोगों की सालाना आय 3 लाख तक है, वो भी इस योजना का लाभ उठा पाएंगे। इस तरह के कार्यों के लिए सरकार पूरी तरह से इन संस्थाओं को सहयोग करेगी। डॉ. हितेंद्र आहूजा मेडिकल डायरेक्टर ऑफ आहूजा नेत्र एवं दंत संस्थान ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत 1000 मोतियाबिंद के ऑपरेशन हो चुके हैं। अब इससे अधिक ऑपरेशन करने की कोशिश करेंगे। इस दौरान यदुवंश चुग, उमेश जैन, मास्टर वीरेन्द्र कुमार को इस तरह के कार्यों को करने में अपना सहयोग देने के लिए सम्मानित किया गया। आहूजा नेत्र एवं दंत संस्थान की टीम जिसमें डॉ. श्रद्धा यादव, डॉ.देवेंद्र यादव, सरिता वर्मा, चारु मनोचा, ऑपटम कौशल गौतम, ऑपटम सुनील कुमार दीक्षित, ऑपटम बरुन, ऑपटम आमीर आदि शामिल हैं।

# काला मोतियाबिंद सप्ताह : लोगों को करेंगे जागरुक

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

### कहा, 18 मार्च तक मनाया जाएगा काला मोतियाबिंद सप्ताह

**राष्ट्रीय** दृष्टि विहीनता व दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला में रविवार से विश्व ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) सप्ताह मनाए जाने की शुरुआत हुई। 18 मार्च तक यह सप्ताह मनाया जाएगा। जिला के सभी सीएचसी व पीएचसी पर विशेष जागरूकता शिविर लगाकर काला मोतियाबिंद के बारे में जानकारी दी जाएगी। जरुरत पड़ने पर चिन्हित मरीजों को उपचार के लिए सेक्टर 10 स्थित नागरिक अस्पताल भेजा जाएगा।

सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि विश्व ग्लूकोमा सप्ताह प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसी क्रम में 13वां विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 12 से 18 मार्च तक मनाया जाएगा। इस वर्ष यह सप्ताह-आओ अदृश्य ग्लूकोमा को हराएं की थीम पर मनाया जा रहा है। उप-सिविल सर्जन एवं जिला में इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. प्रिया शर्मा ने ग्लूकोमा रोग की जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचा सकती है। ऑप्टिक नर्व के जरिए ही आंख से देखी गई जानकारी आपके मस्तिष्क तक पहुंचती है। आमतौर पर आंख के अंदर असामान्य रूप से बहुत अधिक दबाव के कारण ग्लूकोमा होता है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता। समय के साथ आंख के अंदर बढ़ा हुआ दबाव ऑप्टिक नर्व के ऊतकों को नष्ट कर सकता है, जिससे नजर कमजोर होने के साथ ही अंधापन भी हो सकता है। इस बीमारी के लक्षण 40 से अधिक उम्र के लोगों में ज्यादा पाए जाते हैं, लेकिन कम उम्र में यदि आंख पर चोट लगी हो तो भी इस रोग से प्रभावित होने के आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अगर ग्लूकोमा की पहचान जल्दी कर ली जाती है तो आपके आखों की रोशनी को और अधिक नुकसान से बचाया जा सकता है। डॉ. प्रिया ने ग्लूकोमा के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्लोकोमा के अधिकांश प्रकारों में आमतौर पर कोई दर्द नहीं होता है। ध्यान देने योग्य दृष्टि हानि होने तक कोई लक्षण उत्पन्न नहीं होता है, लेकिन क्लोज्ड-एंगल ग्लोकोमा के साथ, एक व्यक्ति अचानक इन लक्षणों का अनुभव करता है। जैसे धुंधली दृष्टि, रोशनी के आसपास प्रभामंडल, आंखों में तेज दर्द, मतली और उल्टी महसूस होना। वहीं अधिकांश केसों में आंखों पर बढ़ता प्रेशर यह बताने के लिए काफी है कि वह व्यक्ति ग्लूकोमा रोग से पीड़ित है। ग्लूकोमा रोग से पीड़ित व्यक्ति इस विशेष सप्ताह के बाद भी सेक्टर 10 स्थित नागरिक अस्पताल व सेक्टर 31 स्थित पॉलीक्लिनिक में जाकर अपना चेकअप व उपचार करवा सकते हैं।



डा. विरेंद्र यादव, सिविल सर्जन।

# लापरवाही : दस्तावेज थे, फिर भी अज्ञात समझकर किया रेफर

**कविता। फरीदाबाद**

**सड़क** दुर्घटना के एक मामले में मृतक के परिजनों ने अस्पताल और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। जिसमें परिजनों ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के दौरान मृतक के पास पहचान से संबंधित दस्तावेज और फोन नंबर की डायरी तक मौजूद थी, लेकिन पुलिस ने तलाशी नहीं ली। वहीं अस्पताल ने भी उन्हें अज्ञात समझ कर दिल्ली रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि यदि उन्हें समय पर सूचना मिलती तो वे जान बचा सकते थे।

**यह है पूरा मामला:** किस्मती देवी ने बताया कि वह राहुल कालोनी की निवासी है। उनके पति राम शिव राव सेक्टर-59 में एक कम्पनी में काम करते थे। अन्य दिनों की तरह वह 9 अक्टूबर 2022 को भी काम पर जाने के लिए सुबह सात बजे निकले थे। बल्लभगढ़ नहर किनारे उनका एक्सीडेंट हो गया। वहां से किसी एम्बुलेंस चालक ने उन्हें बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती करवा

### सीपी को दी अस्पताल और पुलिस की लापरवाही की शिकायत, नहीं हुई कोई कार्रवाई

दिया। जहां उन्हें एक्सीडेंट के बजाय चिकित्सकों ने हार्ट अटैक बताते हुए बीके रेफर कर दिया। पुलिस उन्हें लेकर बीके पहुंची, यहां से भी उन्हें सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली रेफर कर दिया। लेकिन इस दौरान उनकी




जेब में मौजूद दस्तावेजों की जांच नहीं की। जहां से 9 बजकर 54 मिनट पर भर्ती करने के बाद कम्पनी में सूचना दोपहर को एक बजे दी गई कि राम शिव राव अस्पताल में भर्ती है। परिजनों को कम्पनी के एक कर्मचारी ने आकर बताया। जिस पर उनकी बेटी, बेटा और अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज की बेहतर सुविधाएं न मिलते देखकर वह ईएसआईसी के लिए राम शिव राव को लेकर आ गए। जहां बिस्तर न होने पर उन्हें नोएडा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान 18 अक्टूबर को रात पौने दो बजे राम शिव राव की मौत हो गई। एमएलसी के आधार पर पोस्टमार्टम के बाद भी कागजों में चिकित्सकों ने हार्ट अटैक बता दिया। वहीं पुलिस बुथ से जब बाइक ली तो वह एक्सीडेंट के कारण क्षतिग्रस्त थी।

पीड़ित महिला ने सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए पुलिस आयुक्त कार्यालय में लिखित में शिकायत दी है। लेकिन 15 दिन बाद भी किसी तरह की कोई कार्यवाही नही हुई है। जिसे देखते हुए पीड़िता ने सीएम विंडो पर लिखित में शिकायत देने का फैसला लिया है।

# मरीज देखने में देरी होने पर युवकों ने बीके अस्पताल के डॉक्टर को बेरहमी से पीटा

### पुलिस ने सीसीटीवी फुटैज से पहचान कर तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


बीके अस्पताल में चिकित्सक से मारपीट करते आरोपी।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी विकास, विनीत, और सचिन।

**बीके** सिविल अस्पताल में चिकित्सक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने चिकित्सक पर मरीज को पहले देखने के लिए दबाब बनाते हुए हमला कर दिया। मारपीट के दौरान हमलावरों ने चिकित्सक का सिर दीवार पर दे मारा। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। फुटैज में आठ लोग चिकित्सक से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने डॉ. रामनिवास की शिकायत पर मामला दर्ज कर तीन आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें दयालबाग निवासी विनीत, अमन बिहार रोहिणी निवासी अक्षय खत्री, विकासपुरी निवासी सचिन पंघाल शामिल हैं।

**यह है पूरा मामला :** बीके सिविल अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि अपातकालीन कक्ष में एमबीबीएस चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन अस्पताल में स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की संख्या कम है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा कर चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने की मांग की थी। अपातकालीन कक्ष में ड्यूटी डॉक्टरों की संख्या कम देखते हुए सीएमओ ने डिस्पेंसरियों के चिकित्सकों की ड्यूटी बारी-बारी यहां लगानी शुरू कर दी है। बीती रात डॉ. रामनिवासी ड्यूटी पर थे। वह एक मरीज की ड्रेसिंग कमरा नम्बर 39 में करके बाहर निकल रहे थे। उसी दौरान एमएलसी केस को लेकर कुछ लोग आए और डॉक्टर को पहले अपने मरीज को देखने का कहने लगे। जिस पर चिकित्सक ने कहा कि वह पहले वाले मरीज का उपचार पूरा करके देखते है। इतने में तो मरीज के तीमारदार भड़क गए और डॉ. रामनिवास के साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव के बावजूद भी आरोपियों ने चिकित्सक को घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटैज में आरोपी डॉक्टर से मारपीट कर उनका सिर दीवार पर मारते नजर आ रहे हैं।

**सुरक्षा का अभाव :** अस्पताल में सुरक्षा कर्मियों की संख्या 28 है। जिनकी तीन शिफ्टों में ड्यूटी होती है। इनमें से कुछ के पास वर्दी नहीं है। ऐसे में वह आरोपियों को रोकते तो वह भी पिटते है। पीएमओ डॉ. सविता यादव ने कहा कि वर्दी के लिए निर्देश जारी हो गए हैं। लेकिन वर्दी के पैसे न होने के कारण गार्ड वर्दी नहीं सिलवा रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि उन्होंने वर्दी के पैसों के लिए ज्ञापन भी सौंपा था। उन्होंने कहा कि यदि समय-समय पर अस्पताल में पुलिस गश्त होती रहे तो ऐसी घटना नहीं होगी। ड्यूटी चिकित्सकों के साथ मारपीट के कई मामले हो चुके हैं। ऐसे में चिकित्सक ड्यूटी करने से कतराते हैं या फिर यहां से ट्रांसफर करवा लेते हैं।

# दुकान के सामने बाइक खड़ी करने से मना करने पर व्यापारी से मारपीट

### कहासुनी होने पर दुकानदार ने लगाया आरोपियों पर दो लाख लूटने, पिता समेत कर्मचारियों को पीटने का आरोप


दुकानदार से मारपीट करते आरोपी हमलावर युवक।

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद की गोपी कालोनी में स्थित एक दवा विक्रेता को अपनी दुकान से सामने बाइक खड़ी करने से कुछ युवकों को मना करना महंगा पड़ गया। उस समय आरोपी धमकी देकर चले गए। लेकिन बाद में आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकान पर हमला कर दिया। आरोपियों ने दुकान में घुस दुकान मालिक और उनके कर्मचारियों से जमकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी दो लाख रुपये भी लूट कर फरार हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह गोपी कॉलोनी में रहते हैं। उनका अपने मकान के ग्राउंड फ्लोर पर दवाई की दुकान है। साथ ही ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एक अस्पताल में भी उनकी फार्मेसी है। शनिवार शाम उनकी पत्नी ने फोन पर बताया कि दुकान में कई लड़के घुस आए हैं और सभी से मारपीट और तोड़फोड़ कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उनकी पत्नी ने बताया कि लड़कों ने उनके पिता के साथ भी मारपीट की है और धक्का देकर गल्ले से करीब दो लाख रुपये लूट लिए हैं। विरोध करने पर सभी मारपीट कर रहे हैं। उनके बताने पर उनकी पत्नी ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती, सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पीड़ित व्यक्ति को बीके अस्पताल में भर्ती कराया है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मशालाओं का परिवहन मंत्री ने किया लोकार्पण


पांचाल समाज की धर्मशाला का लोकार्पण करते मंत्री संग में अन्य लोग।

**बल्लभगढ़।** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी में मैथिल समाज द्वारा बनाई गई धर्मशाला और आदर्श नगर में पांचाल समाज सेवा समिति द्वारा बनाए गए धर्मशाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मैथिल समाज और पांचाल समाज को बधाई देते हुए कहा कि समाज के लिए अच्छे कार्य करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि समाज में इस तरीके की धर्मशालाएं और सामुदायिक भवन गरीब बेटियों की शादी और समाज के अन्य सामाजिक और धार्मिक कार्य के लिए उपयोग किए जाते हैं। जिससे समाज का भला होता है। इस मौके पर पारस जैन, मैथिल समाज के प्रधान जगदीश प्रभाकर, वृंदावन से आए पंडित कृष्ण कन्हैया सहित समस्त मैथिली ब्राह्मण समाज मौजूद रहे। जबकि पांचाल समाज से प्रधान जीवन लाल पांचाल, सतीश पांचाल, ओम परकश पांचाल, संस्थापक पोहप सिंह पांचाल, राकेश गुर्जर, बुद्धा सैनी, योगेश शर्मा, गजेंद्र वैष्णव सहित दोनो कालोनियों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### छापेमारी में बिजली चोरी करते तीन परिवार पकड़े



**फरीदाबाद।** बिजली चोरों पर लगाम लगाने के लिए रविवार सुबह करीब छह बजे बिजली निगम की टीम सेक्टर-तीन मस्जिद वाली गली में पहुंच गई। जहां बिजली निगम की टीम ने बिजली चोरी करते हुए तीन परिवारों को रंगेहाथों पकड़ लिया। बिजली निगम ने चोरी के आरोप में जुर्माना लगा दिया। इस विषय में जानकारी देते हुए बिजली निगम के ईएक्सईएन नीरज दलाल ने बताया कि बिजली विभाग को लगातार बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर रविवार की सुबह अभियान चलाया गया। जहां निगम ने बिजली चोरो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छापा मारा। इस दौरान सेक्टर तीन स्थित मस्जिद वाली गली में बिजली की चोरी करते हुए तीन परिवार मिले। उन्होंने बिजली के खंभे से अवैध कनेक्शन लेकर अपनी सप्लाई चालू कर रखी थी। बिजली निगम की टीम ने तीनों परिवारों पर बिजली चोरी करने के आरोप में जुर्माना लगाया है।

### बार काउंसिल के चेयरमैन का किया स्वागत


सिददू का स्वागत करते सतेन्द्र भड़ाना।

**फरीदाबाद।** पंजाब एंड हरियाणा बार काऊंसिल के चैयरमेन सुवीर सिददू का सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल दयालबाग में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान जिला बार एसोसिएशन एवं सूरजकुण्ड इटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर सतेन्द्र भड़ाना, प्रिसीपल सुप्रता सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान मोरध्वज सिंह एडवोकेट, मुकेश भारद्वाज एडवोकेट, मोहित पोसवाल एडवोकेट, लक्ष्यवर्धन सिंह एडवोकेट, शायद अली एडवोकेट, राजीव भड़ाना, शेखर चंदीला, ज्ञानेन्द्र खटाना व अन्य अधिवक्ताओं ने चैयरमेन सुवीर सिददू को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर सतेन्द्र भड़ाना ने चैयरमेन सुवीर सिददू को जिला बार एसोसिएशन की समस्याओं से रूबरू कराया। जिसमें मुख्य तौर पर एडवोकेटों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, नए युवा वकीलों के बैठने के लिए चैबर, चैबरों में बिजली की सुचारू व्यवस्था, कामन एरिया-लिफ्ट और दूसरी जगहों को बिजली का खर्चा सरकार वहन करे। वकीलों के चैबर का डोमेस्टिक चार्ज वसूले बिजली विभाग। चेयरमेन ने सतेन्द्र भड़ाना की बातो को ध्यान से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि पंजाब एडं हरियाणा बार कांऊसिल उनकी समस्याओं पर प्रमुखता से गौर करेगा और प्रशासनिक हाइकोर्ट में भी बात की जाएगी। इसके बाद सतेन्द्र भड़ाना ने अन्य अधिवक्ताओं के साथ मिलकर चेयरमेन सुवीर सिददू को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### मानव सेवा समिति के शिविर में लोगों ने कराई जांच




**फरीदाबाद।** एशियन हॉस्पिटल के सहयोग से मानव सेवा समिति महिला मंडल ने रविवार को मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में कैंसर व हृदय रोग जांच का नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। डॉक्टर शेखर आनंद, डॉक्टर संदीप चौहान ने कैंसर व हृदय रोग पर स्वास्थ्य चर्चा के दौरान उन कारणों को बताया। जिसके तहत हृदय व कैंसर रोग बढ़ रहे हैं। डॉक्टर ने इस रोग से पीड़ित मरीजों को उचित चिकित्सीय परामर्श देकर दवाइयां लिखीं व परहेज बताकर इलाज किया। मार्केटिंग के एजीएम मनीष सिन्हा व अभिषेक मिश्रा एग्जीक्यूटिव की देखरेख में 105 मरीजों की ब्लड शुगर, बीपी, एक्स-रे, ईसीजी व महिलाओं की मैमोग्राफी की नि:शुल्क जांच की गई। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महिला मंडल चेयरमैन ऊषा किरण शर्मा, महासचिव सुरेन्द्र जग्गा, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, मुख्य सलाहकार प्रेम पसरीजा ने डॉक्टर व समस्त स्टाफ को सम्मान पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। कैंप के सफल आयोजन में राज राठी, कमला वर्मा, सीमा मंगला, रमा सरना, सरिता गुप्ता, परमेश्वरी, कुसुम वशिष्ठ, सुनीता, सविता सिंघल, बांकेलाल सितोनी ने सक्रिय सहयोग दिया।

# हरियाणा में बढ़ रहा आम आदमी पार्टी का परिवार


मेगा सदस्यता अभियान चलाते डॉ. अशोक तंवर और अन्य।

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर के नेतृत्व में मेगा सदस्यता अभियान की शुरुआत की। बसंतपुर के वार्ड नंबर 27 में मेगा सदस्यता अभियान की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने खट्टर सरकार को भ्रष्टाचार और माफिया को संरक्षण देने के लिए जमकर खरी खोटी सुनाई।

डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पार्टी के आधार को और मजबूत करने के लिए 10 लाख नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा है, ताकि आगामी चुनावों में राज्य से अहंकारी और अत्याचारी बीजेपी को बाहर किया जा सके। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी डॉ. भीमराव अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की विचारधारा पर चल रही है। उन्होंने कहा कि एक महीने के लंबे अभियान के दौरान पार्टी के सभी कार्यकर्ता हर गांव और हर वार्ड में जाकर नए सदस्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और मुफ्त बुनियादी सुविधाओं की नीति जनता के लिए हमारी यूएसपी होगी। वे बच्चों को बेहतर भविष्य और युवाओं को रोजगार देना चाहते हैं।

सत्ताधारी बीजेपी-जेजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करने और विकास के झूठे वादे किए थे, लेकिन उनके नेताओं ने आम लोगों की उपेक्षा करते हुए केवल अपनी तिजोरी भरी। उन्होंने दोहराया कि 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

# कृष्णपाल गुर्जर ने की सांसद खेल महोत्सव-टू के समापन की घोषणा





**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**केंद्रीय** भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार की शाम को स्थानीय खेल परिसर में सांसद खेल महोत्सव-टू के समापन की घोषणा की। सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर से पहले केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक राजेश नागर, विधायक दीपक मंगला, विधायक नरेंद्र गुप्ता, फरीदाबाद जिला परिषद के चेयरमैन विजय सिंह, फरीदाबाद के भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना, फरीदाबाद की पूर्व मेयर सुमन बाला, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर देवेंदर चौधरी, पूर्व डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग सहित जिला उपायुक्त विक्रम सिंह तथा तमाम अधिकारियों ने पहले रस्साकसी प्रतिस्पर्धा के फाइनल मैच व पुरुष कैटेगरी की 400 मीटर की रिले दौड़ का आनंद लिया। तत्पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित सभी विधायकगणों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का परिचय लिया और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी की।



केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सफल रहा। अगले वर्ष सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। अपने संबोधन में उन्होंने सभी सीएसआर पार्टनर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी सीएसआर पार्टनर्स के कारण ही सांसद खेल महोत्सव का यह आयोजन सफल हो पाया है। उन्होंने जिला उपायुक्त व प्रशासन के तमाम अधिकारीयों की सराहना भी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा जिला के अर्जुन, भीम व द्रोणाचार्य अवार्डी को शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

# सीएम विंडो से सरकार के प्रति बढ़ा विश्वास : ओमप्रकाश

**प्रवीन शर्मा। फरदाबाद**

**जिला** निगरानी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला महामंत्री डॉ. आरएन सिंह के सेक्टर-11 स्थित कार्यालय पर आयोजित हुई। इस बैठक में जिला निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रैक्सवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।


जिला निगरानी समिति की बैठक में भाग लेते सदस्य।

बैठक में फरीदाबाद जिले की सभी छह विधानसभाओं के विशिष्ट नागरिक उपस्थित थे। इस बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक ओमप्रकाश रक्षवाल ने कहा कि सीएम विंडो, एक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसकी आज पूरे हरियाणा में लोग भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं। अपने शिकायतों का समाधान पाकर भाजपा गठबंधन सरकार को भी धन्यवाद कर रहे है। उन्होनें कहा कि यह एक पारदर्शी प्रणाली है जिसमें शिकायतकर्ता को घर बैठे बैठे ही उसकी समस्या का समाधान हो जाता है। इसके लिए मात्र उसे एक सादे कागज पर अपनी शिकायत लिखकर देनी होती है। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो प्रणाली से लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है और अफसरों की जवाब देही तय होती है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का हर वर्ग लाभ उठा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। जिससे हरियाणा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर ओमप्रकाश रैक्सवाल ने विशिष्ट नागरिकों से दिक्कतों के बारे में पूछा और उनसे सुझाव भी लिए। कुछ विशिष्ट नागरिकों ने बताया कि लोग अक्सर ईर्ष्या से झूठी शिकायते लगाते है जिसपर जल्दी अंकुश लगना चाहिए। ओमप्रकाश रैक्सवाल ने स्पष्ट कहा कि यदि आपको लगता है कुछ लोग सीएम विड़ो का दुरूपयोग कर रहे है तो उनके नाम दिए जाए ताकि जल्दी ही उनपर कारवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिए और समय चाहे कितना भी लग जाए। उसकी तह तक जाना जरूरी है। जल्दबाजी में कोई साईन नहीं करने है। पीड़ित को फोन करके भी पूछना है कि वे संतुष्ट है या नहीं उसपर किसी का दबाव तो नहीं है। इस मौके पर जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों के विशिष्ट अतिथि जिनमें मनोज वशिष्ठ, उमाशंकर गर्ग, रविन्द्र पाराशर, राजेश डागर, जमना लाल, मनोज बालियान, कमल सौरोत, सतेन्द्र अधाना, रवि सोनी, राजेन्द्र शर्मा, प्रकाश सिंह रावत, रीता नवजीवन गौसाईं, हरीश धनखड़, देवेन्द्र मान, चौ. डिप्टी सिंह व विक्रम रावत मौजूद थे।

# दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**फरीदाबाद।** हाइवे पर गलत तरिके से खड़े वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ऐसा ही एक मामला बाटा पुल के पास सामने आया है। जहां गलत तरिके से खड़ी एक पिकअप से बाईक सवार टकरा गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गाजीपुर निवासी लव कुमार पांडे गत एक मार्च की शाम को बाइक पर सवार होकर काम से घर आ रहे थे। उसी दौरान हाइवे पर गलत तरीके से खड़ी एक पिकअप टैंपों से उनकी बाइक जा टकराई। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती करवया गया। लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक उन्हें दिल्ली रेफर करने की बात करने लगे, लेकिन परिजनों ने उन्हें नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। लेकिन वहां उनकी शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

# सेक्टर-8 के दसवीं बार निर्विरोध प्रधान बने अमर सिंह


प्रधान बनने पर अमर सिंह को बंधाई देते गोल्डी व अन्य।

**फरीदाबाद।** रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन नालन्दा पाकेट सेक्टर-8 के चुनाव में सर्वसम्मति से अमर सिंह को निर्विरोध दंसवी बार प्रधान चुना गया। इसके अलावा उपप्रधान सुनील शर्मा, महासचिव वैभव बजाज, कोषाध्यक्ष बीके श्रीवास्तव चुने गए। जैसे ही अमर सिंह को प्रधान बनाने की घोषणा हुई उन्हें बधाई देने वालों को तांता लग गया।

### युवा समाजसेवी गोल्डी बरेजा ने पुष्प गुच्छ के साथ दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर युवा समाजसेवी गोल्डी बरेजा ने उन्हें मिठाई खिलाई और पुष्प गुच्छा भेंट करते हुए कहा कि अमर सिंह और उनकी टीम पूरी टीम नेक, ईमानदार और कबिल है जिनकी देखरेख में आरडब्लूए नालन्दा पाकेट दिन दूनी रात चौगनी तरक्की करेगी। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान अमर सिंह ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया की वह उनकी आशाओं पर पूरी तरह खरा उतरेगें। उन्होनें कहा कि सभी सम्मानित सदस्यों ने उनपर जो आस्था व्यक्त की है उसे कभी टूटने नहीं देंगे और सभी पदाधिकारियों की सहमति से फैसले लेंगे। उन्होंने कहा कि वे अपनी पाकेट में साफ सफाई और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर अक्षय सहगल, मदन मोहन साहनी, सुभाष अदलक्खा, संदीप कत्याल, मुकेश गुप्ता, रामेश्वर चावला, रणजीत भाटी, अंकित बंसल, अनिल मल्होत्रा, एलन्एन सहरावत इत्यादि उपस्थित रहे।

## न्यू इंडिया
### कठोर प्रतिक्रिया

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहा 'न्यू इंडिया' अपने सामने आने वाले खतरों पर कठोर प्रतिक्रिया करता है। अमेरिकन खुफिया एजेंसी ने अपने विधि-निर्माताओं को पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अतीत की तुलना में पाकिस्तान से पैदा 'संभावित या असली' उकसावों पर कठोर सैनिक प्रतिक्रिया कर सकता है। हालांकि, यह स्थिति का बिल्कुल सही आंकलन नहीं है। यह सच है कि अब भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकियों के हमलों पर केवल कठोरतापूर्वक 'जघन्य कृत्यों' की निन्दा तक सीमित नहीं रहता है, बल्कि सैनिक प्रतिक्रिया भी करता है। चार साल पहले भारत ने बालाकोट आतंकी हमले का जवाब पुलवामा में दिया था। भारतीय राजनयिकों ने हमेशा दुनिया को यह समझाने के लिए कठोर मेहनत की है कि पाकिस्तान 'जिहाद फैक्ट्री' है और वह सारी दुनिया के आतंकियों को प्रशिक्षण तथा पैसा देता है। इसके साथ ही भारत सरकार आतंकी स्लीपर सेलों को समाप्त करने तथा आतंकी-फाइनेंसिंग रोकने के सारे प्रयास कर रही है। इन कार्रवाइयों के प्रभाव दिखाई भी दे रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में नागरिकों के खिलाफ कोई बड़े आतंकी हमले नहीं हुए हैं, जो कि 2000 के दशक में आम बात थी। 'साउथ एशियन टेररिज्म पोर्टल' के अनुसार, 2001 में आतंकी हमलों में 1,067 नागरिक तथा 590 सुरक्षा बल मारे गए थे। 2005 में ये आंकड़े क्रमश: 521 व 218 थे जो 2019 में घट कर 40 व 78 रह गए। यह उल्लेख करना जरूरी है कि राष्ट्रीय सुरक्षा व आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के बावजूद भारत ने कभी अपने पड़ोसियों, पाकिस्तान या चीन के प्रति आक्रामकता नहीं दिखाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस्लामाबाद से संबंध सुधारने के हर संभव प्रयास किए हैं। उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ को मई, 2014 में अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था। दिसंबर, 2015 में बिना किसी पूर्व योजना के वे शरीफ़ की पोती के विवाह में भी शामिल हुए थे।



इसके बावजूद उन्होंने सुरक्षा तैयारियों में कोई कमी नहीं आने दी तथा अपनी व्यक्तिगत निकटता को सुरक्षा सरोकारों पर हावी नहीं होने दिया। इसलिए जब उरी आतंकी हमले में 18 भारतीय सैनिक शहीद हुए, तब उन्होंने भारतीय सेना को 28-29 सितंबर, 2016 की रात में सर्जिकल स्ट्राइक के आदेश दिए जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए। इस प्रकार जहां यह कहना सही है कि पाकिस्तान से 'वास्तविक' उकसावों पर भारत की प्रतिक्रिया त्वरित व कठोर रही है, वहीं पाकिस्तान या चीन से किसी 'संभावित' खतरे के बारे में कोई भड़काऊ कार्रवाई नहीं की गई है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि जून, 2020 में गलवान में चीनी दु:साहस के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीजिंग से संबंध सुधारने के सारे प्रयास किए थे। गलवान झड़प के पहले उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से 18 बार मुलाकात हुई थी। जून, 2020 के बाद उन्होंने चीनी एपों पर प्रतिबंध लगाने तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा मजबूत करने के प्रयास किए तथा चीन पर कोई शाब्दिक हमला नहीं बोला। महत्वपूर्ण रूप से उन्होंने भारत, अमेरिका, जापान व आस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा व्यवस्था 'क्वाड' को अभूतपूर्व गति दी। यह ड्रैगन पर नियंत्रण का वास्तविक व प्रभावी उपाय है जो शी जिनपिंग के नेतृत्व में अत्यधिक आक्रामक हो गया है। इस प्रकरण से चीन की 'व्यथा' स्पष्ट रूप से दिखती है। उसने क्वाड को 'घेरेबंदी' तथा 'एशियाई नाटो' कहा है। संक्षेप में कहा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा व संरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन किया है। वर्तमान समय में 'न्यू इंडिया' का दृष्टिकोण बिना किसी आक्रामक बयानबाजी के राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति दृढ़ता प्रदर्शित करना है।

# नेपाल में लगा चीन को धक्का

नेपाली कांग्रेस के अलावा आठ दलों के गठबंधन उम्मीदवार के चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व वाली चीन-समर्थक शक्तियों को धक्का लगा है।



**के.एस. तोमर**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)



राजनीति को अनिश्चितताओं का खेल कहा जाता है। इसके साथ ही यह एक प्रकार से पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति चिन्ताजनक व परंपरागत उबाऊ आलोचना भी हो सकती है। यह बात नेपाल की राजनीतिक उथलपुथल पर लगभग सटीक तरीके से सही सिद्ध होती है। नेपाल में 27 फरवरी, 2023 को पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली के गुट द्वारा केन्द्र सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद एक और केन्द्र सरकार गठित होने जा रही है। ओली के गुट द्वारा इस समर्थन वापसी से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार अल्पमत में आ गई है।

आठ दलों के उम्मीदवार राम चंद्र पोडवाल के नेपाल का अगला राष्ट्रपति बनने के बाद पुष्प दहल 'प्रचंड' के नेतृत्व में नए गठबंधन की केन्द्र सरकार बनेगी। नए गठबंधन को 275 के नेपाली सदन में 138 सांसदों का बहुमत चाहिए। राष्ट्रपति चुनाव में राम चंद्र पोडवाल को कुल 52,628 वोटों में से 33,702 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सुभाष नेमबांग को केवल 15,518 निर्वाचकों का ही समर्थन मिला। कुल 831 संघीय व प्रांतीय विधि निर्माताओं के वोट अवैध पाए गए, जबकि संघीय विधि निर्माताओं के 312 तथा प्रांतीय विधानसभाओं के 514 वोट वैध पाए गए।

ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल गुट द्वारा समर्थन वापसी का उद्देश्य प्रचंड सरकार को अस्थिर करना था, पर यह प्रयास विफल हो गया और इससे चीन को बड़ा धक्का लगा क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री ओली को चीन का कट्टर समर्थक व उसका विश्वासपात्र माना जाता है। लेकिन आठ पार्टियों के उम्मीदवार राम चंद्र पोड़वाल का नेपाल के राष्ट्रपति के रूप में चुनाव पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के नेतृत्व में नए गठबंधन वाली केन्द्र सरकार गठित करने का रास्ता खोल देगा। नए गठबंधन को 275 के सदन में 138 सांसदों का समर्थन चाहिए। वास्तव में, पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल गुट का इरादा प्रचंड सरकार को अस्थिर करना था। लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं कहा जा सकता है क्योंकि प्रचंड नए गठबंधन के साथ सरकार बनाने में सफल होंगे। इसके साथ ही ओली की यह रणनीति चीन के लिए भारी धक्का साबित हुई है जिसके वे कट्टर समर्थक व विश्वासपात्र माने जाते रहे हैं। नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार व पूर्व अध्यक्ष पोडवाल का समर्थन प्रधानमंत्री प्रचंड ने किया था जिनको सीधे मुकाबले में विजय प्राप्त करने में सफलता मिली। उनका समर्थन 12 राजनीतिक दलों में से 8 ने किया। उनके समर्थकों में नेपाली कांग्रेस, माधव नेपाल के नेतृत्व वाली सीपीएन-एकीकृत सोशलिस्ट, प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन-माओइस्ट सेंटर, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी, जनमत पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय जनमोर्चा ने किया। इसके उलट पूर्व प्रधानमंत्री ओली केवल चार पार्टियों का समर्थन प्राप्त करने में ही सफल हुए। इसके कारण उनके उम्मीदवार रवि लामिछाने की अपमानजनक पराजय हुई। ओली के नेतृत्व वाली पार्टी सीपीएन-यूएमएल प्रचंड सरकार की गठबंधन सरकार में साझीदार थी, लेकिन पूर्व-प्रधानमंत्री ओली ने 27 फरवरी, 2023 को इससे समर्थन वापस ले लिया। इसका कारण प्रधानमंत्री प्रचंड द्वारा राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष-समर्थित उम्मीदवार के समर्थन का निर्णय था। नेपाल में राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें संघीय विधि-निर्माता तथा प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्य शामिल होते हैं। हालांकि, उनके मतों का मूल्य अलग-अलग होता है।

नेपाल की केन्द्रीय सत्ता में गठबंधन की अदला-बदली की यह खबर भारत के लिए अच्छी है। शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस ने राम चंद्र पोड़वाल को अपने दल के राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में खड़ा किया था। राष्ट्रपति का चुनाव 9 मार्च को प्रस्तावित था। पोड़वाल की उम्मीदवारी का समर्थन लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष महंत ठाकुर, नेपाली कांग्रेस के उपाध्यक्ष पूर्ण बहादुर खड़का, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ, राष्ट्रीय जनमोर्चा के अध्यक्ष चित्र बहादुर के.सी तथा माओइस्ट सेंटर के हितराज पांडे ने किया था।

आठ राजनीतिक पार्टियों के समर्थन के कारण राष्ट्रपति चुनाव में पोड़वाल की विजय लगभग निश्चित थी। वर्तमान राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी का कार्यकाल 12 मार्च को समाप्त हो गया है। भंडारी को नेपाली कांग्रेस को उस समय गुस्सा झेलना पड़ा था जब उन्होंने संसद में अकेली सबसे बड़ी पार्टी को 2020 में नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने से इनकार कर दिया था। राष्ट्रपति का यह कदम ओली सरकार के सदन में गिर जाने के बाद सामने आया था। आम चुनाव में 89 सीटों के साथ नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी और वह 10 जनवरी, 2023 को विश्वास मत पर प्रचंड के साथ खड़ी थी।

लेकिन इसके बाद नए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति चुनाव में सहमति बनाने की बात कही जिस पर राजनीतिक समीकरण बदल गए। ओली ने उनके इस विचार का समर्थन नहीं किया और सरकार से समर्थन वापस ले लिया। हालांकि, वर्तमान घटनाक्रम से प्रचंड सरकार को कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। वर्तमान समय में प्रचंड की सरकार इसलिए सुरक्षित है क्योंकि उसे नेपाल की 12 राजनीतिक पार्टियों में से 8 का समर्थन प्राप्त है। इनमें प्रमुख विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस शामिल है। इसके साथ ही उनको प्रचंड के नेतृत्व वाले माओइस्ट सेंटर, माधव नेपाल, पूर्व प्रधानमंत्री की यूनीफाइड सोशलिस्ट, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी, जनमत पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी तथा राष्ट्रीय जनमोर्चा का समर्थन भी प्राप्त है। इस प्रकार पांच पार्टियों का चुनाव-पूर्व गठबंधन पुनर्जीवित हो गया है। इसके साथ ही उनको चार पार्टियों का सुनिश्चित समर्थन प्राप्त है। इससे 275 के सदन में बहुमत का 138 का आंकड़ा पार हो जाता है। इस प्रकार उनके समर्थक दलों में नेपाली कांग्रेस के 89 सांसद, प्रचंड के नेतृत्व वाले माओइस्ट सेंटर के 32 सांसद, माधव नेपाल, पूर्व प्रधानमंत्री की युनाइटेड सोशलिस्ट के 10 सांसद तथा राष्ट्रीय स्वतंत्रता पार्टी के 20 सांसद शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्रता पार्टी का नेतृत्व पूर्व टीवी पत्रकार रवि लमिछाने कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल के संसद में 79 सांसद हैं, लेकिन वह प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेने के बावजूद राजनीतिक रूप से अप्रासांगिक हो गई है तथा अलग-थलग पड़ गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रचंड की पार्टी ने नवंबर, 2020 के संसदीय चुनाव तथा प्रांतीय चुनाव पांच दलों के एक गठबंधन साझीदार के रूप में लड़े थे। इसका नेतृत्व नेपाली कांग्रेस कर रही थी। लेकिन प्रचंड द्वारा राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के दो प्रमुख पदों में से एक भी न दिए जाने के कारण उसने गठबंधन छोड़ दिया था।

# शिक्षा क्षेत्र में खेलकूद का महत्व

"खेल शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप में सुधार करके समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं।"

**बृजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



शिक्षा में खेलों को शामिल करने के महत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है क्योंकि खेल शारीरिक और मनोवैज्ञानिक कल्याण में सुधार करके समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं जबकि संज्ञानात्मक क्षमताओं को भी बढ़ाते हैं। जैसा कि सतत विकास लक्ष्य 4 (सभी के लिए समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना) में कहा गया है, समग्र शिक्षा शिक्षा पाठ्यक्रम के साथ शारीरिक शिक्षा और खेल को एकीकृत करती है।

खेलों में भाग लेने और कक्षा के बाहर शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के दौरान, छात्र खेल के मूलभूत सिद्धांतों जैसे निष्पक्ष खेल, एक टीम के रूप में काम करना, जीतने और हारने की भावना, सहयोग, अनुशासन, सहिष्णुता, के माध्यम से वास्तविक जीवन के सबक सीखते हैं। नियमों आदि का सम्मान सामाजिक और व्यक्तिगत विकास के लिए यह जो लाभ प्रदान करता है, उसे देखते हुए खेलों में पहुंच और भागीदारी बढ़ाना एक प्रमुख विकास उद्देश्य है। ये क्षमताएं समुदायों और संस्कृतियों के बीच सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा देने में मदद करती हैं और भविष्य में समूह गतिविधियों और पेशेवर जीवन में जुड़ाव के लिए आवश्यक हैं। एनईपी 2020 शैक्षणिक दृष्टिकोण में खेल की बातचीत पर और जोर देता है जो सहयोग, अनुशासन, पहल और जिम्मेदारी लेने, आत्म-निर्देशन, टीम वर्क और नागरिकता आदि जैसे कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए शैक्षणिक प्रथाओं में स्वदेशी खेलों सहित शारीरिक गतिविधियों का उपयोग करता है। छात्रों को आजीवन दृष्टिकोण के रूप में फिटनेस अपनाने और फिट इंडिया मूवमेन एजुकेशन टी में निर्धारित संबंधित जीवन कौशल प्राप्त करने में मदद करने के लिए कक्षा में खेल एकीकृत शिक्षा। स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (ह्रष्टस्नस्श्व) जो निर्माण के चरण में है, इसमें खेल, फिटनेस और स्कूली पाठ्यक्रम के अन्य पहलू शामिल होंगे। व्यवहार में बदलाव लाने और अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय जीवन शैली की ओर बढ़ने की दृष्टि से देश को फिटनेस और कल्याण के पथ पर आगे ले जाने के लिए फिट इंडिया आंदोलन शुरू किया गया है। इस आंदोलन के मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य फिटनेस को आसान, मजेदार और मुफ्त के रूप में बढ़ावा देना है; केंद्रित अभियानों के माध्यम से फिटनेस को बढ़ावा देने वाली फिटनेस और विभिन्न शारीरिक गतिविधियों के बारे में जागरूकता फैलाना; स्वदेशी खेलों को प्रोत्साहित करें; फिटनेस को हर स्तर तक पहुंचाएं।



फिट इंडिया का जनादेश शारीरिक गतिविधि के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है और स्कूलों को प्रारंभिक चरण से ही खेलों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है जो कि एक पूर्वापेक्षा है यदि हम उच्चतम क्षमता के एथलीटों को विकसित करना चाहते हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। एक आंदोलन के रूप में फिट इंडिया के प्रभाव को मजबूत करने और जागरूकता फैलाने के लिए कई नई और अभिनव पहल की गई हैं। समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना को इस नीति के साथ जोड़ दिया गया है। योजना के तहत, सभी सरकारी स्कूलों को एक वार्षिक खेल अनुदान प्रदान किया गया है, जिसमें से कम से कम दो छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं, उन स्कूलों को 25,000 रुपये का अतिरिक्त खेल अनुदान उपलब्ध है। फिट इंडिया मिशन नवंबर/दिसंबर में फिट इंडिया स्कूल सप्ताह आयोजित करने के लिए स्कूलों को प्रोत्साहित करता है।

उपलब्ध प्रतिभा पूल, प्राकृतिक रुचि और उपलब्ध बुनियादी ढांचे के आधार पर राज्यों को एक खेल एक राज्य, एक खेल दृष्टिकोण को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह एक केंद्रित दृष्टिकोण लाएगा और राज्य में मौजूदा संसाधनों के इष्टतम उपयोग की भी अनुमति देगा। सक्रिय खेल संस्कृति को विकसित करने के लिए स्थानीय, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का आयोजन करने की आवश्यकता है। जैसा कि स्पष्ट है, खेल प्रतिभाएँ ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित परिवारों में निहित हैं जहाँ नवोदित खिलाड़ी कठिन परिस्थितियों में पालन-पोषण के कारण कठिन हैं। कठिन जीवन परिस्थितियों वाले पहाड़ी क्षेत्रों में अच्छे एथलीट पैदा करने की क्षमता है।

भागीदारी बढ़ाने और युवा एथलीटों को अपने कौशल को सुधारने के लिए आवश्यक मंच प्रदान करने के लिए राष्ट्र को विभिन्न स्तरों पर उच्च आवृत्तियों पर अधिक लीग और प्रतियोगिताओं की आवश्यकता है। हमारे स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में बड़ी अप्रयुक्त क्षमता है। आने वाले खिलाड़ियों को खेल सुविधाएं प्रदान करना, उन्हें सुविधाएं प्रदान करना और खुद का पोषण करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना समय की मांग है।

## आप की बात

### सऊदी-ईरान संबंध

**राष्ट्रसंघ** महासचिव एंटोनियो मैनुअल डी ओलिवेरा गुटेरेस ने ईरान और सऊदी अरब के बीच छह साल बाद फिर से कूटनीतिक संबंध के स्थापित होने से खुशी का इज़हार किया है। अच्छी बात है कि विश्व बिरादरियों में मनमुटाव जितना कम से कम हो उतना ही धरती के शांत रहने के आसार बढ़ जाते हैं। मगर नवीनतम घटनाक्रम में चीन की कुछ ज्यादा ही भागीदारी देख कर शंका पैदा होती है। शिया धर्मगुरु निम्र अल निम्र की सऊदी में फांसी दिए जाने के बाद 2016 में ईरानी प्रदर्शनकारियों ने ईरान में सऊदी राजनयिक मिशनों पर हमला कर दिया था। उसके बाद रियाद ने तेहरान के साथ संबंध तोड़ दिया था। अब उसकी बहाली का रास्ता साफ़ होता दिख रहा है। मगर इस कूटनीतिक मिशन से चीन ने कहीं अमेरिका एवं पश्चिमी देशों को कहीं मात तो नहीं दे दी है। सऊदी अरब हमेशा से पश्चिम का करीबी रहा है। चूंकि वर्तमान समय में ईरान पश्चिमी देशों का दुश्मन नंबर एक बना हुआ है और चीन के पश्चिमी देशों से संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं। ऐसे में क्या चीन ने सऊदी अरब को अपनी ओर खींच कर अमेरिकियों को जोरदार झटका तो नहीं दे दिया है? सऊदी-ईरान संबंधों को अनेक दृष्टिकोण से देखना भारत व दुनिया के लिए उचित होगा।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### लोकपर्व गणगौर

**गणगौर** राजस्थान की संस्कृति से जुड़ा प्रसिद्ध त्योहार हैं जो भगवान शिव व देवी पार्वती को समर्पित है। गणगौर त्योहार को हिंदू कैलेंडर के अनुसार तृतीया तिथि, शुक्ल पक्ष, चैत्र माह में मनाया जाता है। मालवा की शान गणगौर वैसे तो राजस्थानियों का विशुद्ध लोकपर्व है लेकिन यह लोकपर्व देश के अनेक भागों में मनाया जाता है। बुजुर्ग बताते हैं कि यह अट्ठारह दिनों तक चलने वाला लोकपर्व है। माना जाता है कि माता गवरजा या पार्वती मां होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं तथा अठारह दिनों के बाद भगवान शिव उन्हें फिर लेने आते हैं। वैसे तो यह विवाहित महिलाओं का लोकपर्व है लेकिन कुंवारी लड़कियाँ भी इस दिन माता गौरी पार्वती जी और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करतीं हैं। राजस्थान के अधिकतर क्षेत्रों में गणगौर पूजन एक आवश्यक वैवाहिक रीत के रूप में भी प्रचलित है। जयपुर में घेवर नामक एक मीठा व्यंजन गणगौर उत्सव की विशेषता है। गणगौर लोकपर्व के अवसर पर राजस्थान में जगह-जगह मेले भरते है और पूर्व राजपरिवारों की गणगौर सवारी बड़े ही धूमधाम के साथ निकलती है। समय के साथ त्योहार मनाने के तरीके में परिवर्तन आ रहा है।

**सुनील कुमार महला,** पटियाला


### चंदे का खेल

**चंदे** का धंधा शब्द तो बरसों से सुनते आये हैं, फिर चाहे चुनावी चन्दा हो या सामजिक अथवा धार्मिक या त्योहारी मनोरंजन आदि के लिए इकठ्ठा किया जाने वाला चन्दा। मंदिरों में दान या किसी धार्मिक स्थल के निर्माण अथवा किसी आवश्यक सहयोग या सेवा के लिए भी दान आदि प्रचलित प्रथा है। यह सब निस्वार्थ और जन-सेवा के लिए रहता है। किन्तु एक खबर के अनुसार दिल्ली की एक सस्था ने इंदौर के इस्कॉन मण्दिर के निर्माण के लिए मंदिर प्रबंधक को 50 लाख का दान दिलाने के एवज में 1.77 लाख रूपये कमीशन के बतौर ठग लिए। करीब दो साल तक दान नहीं मिलने पर वकील द्वारा नोटिस देना पड़ा और पुलिस को सूचना देनी पड़ी। दोनों के दबाव में आकर कम्पनी ने पूरे रूपये लौटाए। तात्पर्य यह है कि देश में अब दान दिलाने के लिए भी संस्थाएं खुल गई हैं जो दान के नाम पर ठगी करने में भी नहीं चूक रही हैं। ऐसी संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई जरूरी है, नहीं तो लोगों का दान-पुण्य व धार्मिक कार्यों के लिए भी चंदा देने से विश्वास उठ सकता है।

**महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**आस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री ने मुझे आश्वस्त किया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए विशेष प्राथमिकता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**लोकतंत्र** को निरंकुशता में बदलना भाजपा का लक्ष्य है। विपक्ष को समाप्त करने का उद्देश्य एक राष्ट्र, एक दल, एक नेता है।

– **राघव चड्ढा**
आप नेता





**लालू** प्रसाद और उनके सहयोगियों के परिसरों पर छापे राज्य में उनके महागठबंधन का हिस्सा होने का परिणाम हैं।

– **नीतीश कुमार**
बिहार के मुख्यमंत्री"

# देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है उत्तर प्रदेशः मुख्यमंत्री

● यूपी में निवेशकों व पूंजी की सुरक्षा की गारंटीः सीएम
● सीएम ने किया इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश में निवेश लाना चुनौतीपूर्ण था। कानून व्यवस्था बदहाल थी, कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी देश में 14वें पायदान पर था। पर आज उप्र में निवेशकों व उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33़50 लाख करोड़ रुपये के मिले निवेश प्रस्ताव इसके प्रमाण हैं। यह इस बात का भी द्योतक है कि आज उप्र सही ट्रैक पर आगे बढ़ रहा है और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है।

मुख्यमंत्री रविवार को गीडा के सेक्टर 23 में प्रतिष्ठित उद्योग समूह मेसर्स अंकुर उद्योग लिमिटेड के अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा को एक सप्ताह पूर्व उन्हें संडीला में एशिया की सबसे बड़ी पेंट फैक्ट्री बर्जर पेंट के 1000 करोड़ रुपये के प्लांट का शुभारंभ करने का अवसर मिला। इंग्लैंड में बनने वाली बबले स्कॉट रिवाल्वर अब यूपी में बनेगी। इसके लिए संडीला में निवेश की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। रूस में बनने वाले एके राइफल का लेटेस्ट वर्जन, ब्रह्मोस मिसाइल, बड़े-बड़े एयरक्राफ्ट सब यूपी में ही बनने जा रहे हैं। छह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उप्र में जनता जनार्दन के आशीर्वाद से जिस सरकार का गठन किया था। आज वह सरकार उन्ही की प्रेरणा से हरेक क्षेत्र में विकास कर रही है। डबल इंजन की सरकार विकास की लंबी छलांग लगा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि की यह हमारी सोच और कार्यपद्धति पर निर्भर करता है कि हम अपना भविष्य कैसा बनाना चाहते हैं। बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान को संघर्षों से जूझते हुए आगे बढ़ाना पड़ता है। जब सुरक्षा का माहौल होता हैए किसी के साथ भेदभाव नहीं होता हैए सकारात्मक सोच की ताकतों की एकजुटता होती है तो अच्छे परिणाम सबके सामने होते हैं। सीएम योगी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सवाल उठते थे कि लक्ष्य क्या होगा। हमने कहा था कि हम सिर्फ लोअर लिमिट तय करेंगे, अपर लिमिट जनता तय करेगी। शुरू में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लोअर लिमिट रखा गया। परए जब हमारी टीमें देश और दुनिया में निकलीं तो निवेशक पलक पांवड़े बिछाकर इंतजार करते मिले। उप्र की कानून व्यवस्था, सेक्टोरल पॉलिसीज, पारदर्शी व्यवस्था से प्रभावित निवेशकों ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ एनसीआर में निवेश के लिए प्रस्ताव नहीं मिले हैं बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश को दस लाख करोड़ रुपये तथा बुंदेलखंड को भी चार लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह सब इसलिए संभव हो रहा है कि सरकार निवेशकों को सुरक्षा दे रही है, सिंगल विंडो सिस्टम, निवेश सारथी पोर्टल से ऑनलाइन मॉनिटरिंग और ऑनलाइन इंसेंटिव देने जैसी सहूलियत दे रही है। अब सरकार उद्यमियों की मदद के लिए सीएम फेलो की सहायता भी उपलब्ध कराने जा रही है। शासन प्रशासन की तरफ से निवेशकों को हर तरह का सपोर्ट दिया जा रहा है।

### खुशहाली और विकास का आधार है निवेश

मुख्यमंत्री ने निवेश प्रक्रिया में जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हमें निवेश को प्रोत्साहित करना है हतोत्साहित नहीं करना है। निवेश खुशहाली और विकास का आधार होता है। निवेश बढ़ाने के ही दृष्टिगत बजट में दो नए औद्योगिक क्षेत्र गोरखपुर व झांसी में विकसित करने का प्रावधान किया गया है। निवेश से रोजगार की अनंत संभावनाएं बढ़ेंगी, युवाओं का पलायन रुकेगा और उनकी प्रतिभा का लाभ उप्र को ही मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए ही सरकार नए उद्योगों को जीएसटी में भारी छूट दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि चोरी की स्टील के कारोबार को प्रदेश में प्रतिबंधित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में कारोबार की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि जीएसटी की चोरी न होने पाए और साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादित गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की स्थापना के लिए 400 करोड़ रुपये का लोन देने के लिए केनरा बैंक के महाप्रबंधक की सराहना करते हुए कहा कि बैंक ने भी कोविड काल में जोखिम लिया। सरकार बैंकर्स के माध्यम से सीडी रेशियो बढ़ाने के प्रयास कर रही है।

पहले सीडी रेशियो 46 फीसद से कम था आज बढ़कर 55 फीसद हो गया है। इसे 60 फीसद से अधिक करने का लक्ष्य है। सीडी रेशियो बढ़ने से युवाओं को अधिक लोन मिल सकेगा और वह रोजगार तथा स्वरोजगार के अभियानों से जुड़कर स्वावलंबन की राह पर मजबूती से आगे बढ़ सकेंगे। सीएम योगी ने प्लांट में रेल साइडिंग की सुविधा देने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्योगों को संस्थाओं के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कालेजों के युवाओं को उद्योग अप्रेंटिसशिप से जोड़ें। कुछ मानदेय उद्योग दें, कुछ सरकार देगी। इससे बड़े पैमाने पर स्किल्ड मैन पावर तैयार होगा।

# गोरखपुर के दक्षिणांचल में मिलेगी वाटर वे की सुविधाः योगी

● औद्योगिक नक्शे पर चमकेगा दक्षिणांचल, भूमि अधिग्रहण के लिए 200 करोड़ की व्यवस्था
● बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में बोले सीएम



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के दक्षिणांचल के लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। औद्योगिक नक्शे पर चमकाने के साथ ही दक्षिणांचल में वाटर वे की सुविधा दी जाएगी। इससे यहां के किसान अपनी फसलों, सब्जियों का बंदरगाह के जरिये निर्यात कर सकेंगे। सीएम योगी रविवार दोपहर बाद बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद कमलेश पासवान की मेजबानी में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम स्थल कौड़ीराम के जीडी इंटर कॉलेज डिघवा में खिलाड़ियों व उपस्थित जनसमूह के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिणांचल में सर्वाधिक पलायन होता था। अब इंडस्ट्रियल टाउनशिप के जरिये धुरियापार, गोला, सिकरीगंज, खजनी होते हुए इतने उद्योग लग जाएंगे कि लोगों को रोजगार के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए 200 करोड़ की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप और उनके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के भरपूर प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए धन की कोई कमी है। खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर संसाधन मजबूत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर स्टेडियम व मिनी स्टेडियम बने हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1994 से स्पोर्टस होस्टल के विभिन्न मदों की व्यय राशि को कभी बढाया नहीं गया था। इसे बढ़ाने के साथ ही खिलाड़ियों की डाइट मनी 250 रुपये से बढ़ाकर 375 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है। खिलाड़ियों को एसी तृतीय श्रेणी में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है। मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश के पहले स्पोर्ट्स विवि का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ से गांव-गांव खिलाड़ियों की नई पौध तैयार हो रही है। एक-एक संसदीय क्षेत्र में दो से ढाई हजार तक नए खिलाड़ी तैयार हुए हैं। प्रदेश के 80 संसदीय क्षेत्रों में यह संख्या करीब दो लाख तक होगी। सांसद खेल महाकुंभ वैश्विक स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने का मंच बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में शुरू हुए खेलो इंडिया व फिट इंडिया अभियान का परिणाम है कि गांव गांव खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। प्रदेश के हर गांव में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिला स्तर पर स्टेडियम बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सांसद खेल महाकुंभ के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुश्ती व वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सीएम ने अलग अलग स्पर्धाओं में व विजयी व उप विजेता टीमों के कप्तानों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भाजपा के वरिष्ठ नेता मार्कण्डेय राय के पिता व माता स्मृति शेष रामनरेश राय व गंगा देवी की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

# पिछले 6 साल में यूपी में बड़ा परिवर्तन हुआ हैः मुख्य सचिव

● दुर्गा शंकर मिश्र ने 23 साहित्यकारों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र ने लखनऊ विवि के मालवीय सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित पुरस्कार एवं सम्मान समारोह वर्ष 2022-2023 व कवि सम्मेलन अलंकरण का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने 23 साहित्यकारों को सम्माति किया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि साहित्य हमें अवसाद से बचाता है। साहित्य मानवीय सभ्यता को आगे ले जाने वाली ताकत है। साहित्यकार की दृष्टि बहुरंगी है। इस खूबसूरती को बचाना है। आने वाले वक्त में हम जो अपनी विरासत छोड़ जाएंगे, वही हमारा योगदान है। उन्होंने कहा कि सेवा काल में रहते हुए हम यह सोचते हैं कि हम नहीं रहेंगे तो कार्य कैसे होंगे, लेकिन यह सत्य नहीं है, सारे कार्य हमारे न होने पर भी होते रहते हैं। सरकारी काम के साथ अपनी मूल सोच को बचाए रखना जरूरी है। आपके अंदर जो प्रतिभा है, उसे सामने लाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रतिभाशाली अधिकारी और कर्मचारियों अपने कार्य के साथ-साथ साहित्य सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक आम जनमानस को प्रेरणा एवं जागरुक करती हैं।

मानवता के प्रति भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की संवेदना जुड़ी रहती है, उनमें समाज को देखने, समझने और परखने की प्रतिभा होती है। वह अन्य लोगों से अलग होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले 6 साल में उत्तर प्रदेश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। आम जनमानस की मूलभूत सुविधा के लिए प्रदेश में सकरात्मक माहौल बना हुआ है। जीआईएस-2023 में हजारों की संख्या में निवेशक उपस्थित थे उन निवेशकों को उत्तर प्रदेश में पूरा भरोसा है कि हमारा प्रस्तावित निवेश पूरी तरह से सुरक्षित है। पूरे उत्तर प्रदेश के 75 जनपद के लिए कई लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इस अवसर पर मुख्य सचिव द्वारा साहित्यकारों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किये गये।

नितिन रमेश गोकर्ण कि पुस्तक श्रीगोकर्णपुराणसार को रामधारी सिंह दिनकर पुरस्कार, हरपाल सिंह पुस्तक गोकरन की बीवी को शिव सिंह सरोज पुरस्कार, डॉक्टर हरिओम पुस्तक मानसरोवर को पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार, पार्थ सारथी सेन शर्मा पुस्तक लव इन लखनऊ को सुब्रमण्यम भारती पुरस्कार, सुषमा सिंह पुस्तक बताओ मनु को भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार, केडी सिंह पुस्तक छलकत जाए ज्ञान घट को भगवती चरण वर्मा पुरस्कार, अनिल कुमार पाठक पुस्तक पारस बेला को सुमित्रानंदन पंत पुरस्कार, डॉक्टर दिनेश चंद्र सिंह पुस्तक काल प्रेरणा को अमृतलाल नागर पुरस्कार, सूर्य नारायण पांडे पुस्तक पंचफोरन को डॉ विद्यानिवास मिश्र पुरस्कार, अनुपम आनंद पुस्तक नवजागरण के निकर्ष पर को श्यामसुंदर दास पुरस्कार, डॉ. उदित नारायण पांडे. उदित की पुस्तक जागो रे जागो को जयशंकर प्रसाद पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी 23 साहित्यकारों को 1 लाख रुपये की धनराशि के साथ ही प्रमाण.पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त साहित्य गौरव सम्मान एवं प्रशंसा पत्र प्राप्त करने वाले साहित्यकारों को 5100 रुपये की भेंट, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ. शोमा दीक्षित भावना, महामंत्री डॉक्टर सीमा गुप्ता, सदस्य डॉक्टर सुधा मिश्रा, सदस्य ज्योत्स्ना सिंह, सदस्य गीतिका चतुर्वेदी समेत अन्य साहित्यकार उपस्थित थे।

# किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार कटिबद्धः उद्यान मंत्री

● किसानों का औसत गुणवत्ता का आलू 650 रुपए प्रति कुन्तल की दर से क्रय किया जायेगा
● ई नैम के माध्यम से आलू विक्रय के लिए ई ट्रेड की विशेष व्यवस्था लागू ● मलेशिया, दुबई एवं कतर को 600 टन आलू आगरा से निर्यात



### पूर्ववर्ती सरकार के नेता व्यवस्था बिगड़ाने की साजिश में

**लखनऊ।** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आलू को लेकर उठाए गए सवाल पर जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के नेता आलू को लेकर व्यवस्था बिगड़ाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकतर कोल्डस्टोरेज पूर्ववर्ती सरकारों के हैं जिसका विपक्ष के नेता फायदा उठाते हुए आलू किसानों को परेशान करने की साजिश रच रहे हैं। प्रदेश सरकार विपक्ष की इस साजिश को किसी भी स्तर से सफल नही होने देगी। इसी को ध्यान में रखने हुए प्रदेश सरकार ने प्रत्येक कोल्ड स्टोरेज पर सख्त व्यवसथा कर दी है। इसके तहत प्रतिदिन उद्यान विभाग के अधिकारियों और कोल्ड स्टोरेज के मालिकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कृषकों को आलू भण्डारण में किसी प्रकार की कोई समस्या न आये। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कोल्ड स्टोरेज पर उद्यान विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी किसानों को कोल्ड स्टोरेज में आलू भण्डारण में सुगमता के लिए लगायी गयी है। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए कटिबद्ध है और प्रत्येक आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर यथोचित योजनायें लागू की गयी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कहना है कि आलू ही सरकार को बदलने का काम करता है। उन्होंने कहा कि कारण है कि जिन लोगों ने आलू किसानों के साथ अन्याय किया वो आज विपक्ष में बैठे हैं।

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उद्यान मंत्री** दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आलू के कृषकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके इस हेतु बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत उचित औसत गुणवत्ता का आलू 650 रुपए प्रति कुंतल की दर से क्रय किये जाने का निर्णय लिया है। बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए कटिबद्ध है और प्रत्येक आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर यथोचित योजनायें लागू की गयी है। दिनेश प्रताप सिंह ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि प्रथम चरण में मैनपुरी, एटा, कासगंज, फर्रूखाबाद, कौशाम्बी, उन्नाव एवं बरेली में यूपी राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) के क्रय केन्द्र खोले जा रहे हैं। हॉफेड के स्तर से आलू निर्यात की ठोस कार्यवाही आरम्भ कर दी गयी है और निर्यातकों से मांग भी प्राप्त हो रही है। यूपी राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा भी बाजार हस्तक्षेप योजना के अन्तर्गत सभी जनपदों में आलू उत्पादक क्रय केन्द्र खोले जायेंगे। उन्होंन बताया कि मार्च 2023 के प्रथम सप्ताह में प्रदेश के विभिन्न मण्डियों में आलू के थोक बाजार भाव में कमी के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में किसानों का आलू सुगमता से शीतगृह में भण्डारित कराना, प्रदेश से बाहर आलू का विपणन कराना, किसानों को लागत का मूल्य दिलाना, भारत सरकार की योजना का किसानों को भण्डारण एवं विपणन पर लाभ दिलाना, मण्डी में ई नैम व्यवस्था आदि प्रभावी कार्यवाही की गयी। उद्यान मंत्री ने बताया कि आलू का प्रदेश के बाहर तथा देश के बाहर निर्यात को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में आलू बाहुल्य क्षेत्र विशेषकर फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, बाराबंकी आदि में ई नैम के माध्यम से आलू विक्रय हेतु ई ट्रेड की विशेष व्यवस्था लागू की गयी है। प्रदेश से 15000 टन आलू का निर्यात यूपी राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) के माध्यम से नेपाल को निर्यात करने के अनुबन्ध के क्रम में पहली खेप फर्रूखाबाद से रवाना की जा चुकी है।

जनपद आगरा से 600 टन आलू का निर्यात मलेशिया, दुबई एवं कतर के लिए भेजा जा चुका है। उद्यान मंत्री ने बताया कि भारत में उत्तर प्रदेश का आलू उत्पादन में प्रथम स्थान है। प्रदेश में उपभोक्ताओं के लिए पोषणीय आवश्यकता, रोजगार सृजन एवं आर्थिक दृष्टि से नकदी फसल के रूप में आलू का महत्वपूर्ण योगदान है। देश के कुल उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत आलू का उत्पादन उत्तर प्रदेश में उत्पादित होता है। योगी सरकार के प्रयास से आलू के क्षेत्रफ्ल एवं उत्पादन में वृद्धि हुई। प्रदेश में इस वर्ष लगभग 6.94 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू के आच्छादन के सापेक्ष लगभग 242.93 लाख मी0टन उत्पादन सम्भावित है। सरकार के प्रयास एवं लागू नीतियों के माध्यम से शीतगृहों की संख्या एवं भण्डारण क्षमता में वृद्धि हुई है। इस वर्ष आलू भण्डारण के लिए 1971 शीतगृह संचालित है, जिनकी भण्डारण क्षमता 162.62 लाख मी.टन है। अभी तक मात्र 88.14 लाख मी.टन आलू भण्डारित हुआ है एवं 74.48 लाख मी.टन (45.80 प्रतिशत) की क्षमता भण्डारण हेतु अवशेष है।

# एक हजार करोड़ से अपग्रेड होंगे परिषदीय विद्यालय

● परिषदीय विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट स्कूल में अपग्रेड करेगी सरकार ● आगामी तीन वर्षों में प्रदेश के लगभग चार हजार परिषदीय विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी आदित्यनाथ** सरकार ने हालिया प्रस्तुत आम बजट 2023-24 में शिक्षा विभाग के लिए 2000 करोड़ रुपये की धनराशि देने का प्रावधान किया है। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों के लिए एक हजार करोड़ रुपये से प्रत्येक विकास खंड में एक-एक मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों को विकसित किया जाएगा। योगी सरकार की मंशा आगामी 3 वर्षों में लगभग 4000 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों को विकसित करने की है। बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बना ली है जिस पर आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 8 तक के इन विद्यालयों को अपग्रेड कर योगी सरकार न सिर्फ प्रत्येक छात्र तक उत्तम शिक्षा पहुंचाने का प्रयास कर रही है बल्कि उन्हें विद्यालय में वे सभी सुविधाएं भी मुहैया कराने का उद्देश्य है जिसकी मदद से उनका कौशल विकास हो सके और वे बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार बजट में किए गए इस प्रावधान के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण विकासखंड से जगह की उपलब्धता, व्यवहारिकता एवं महत्तम सामाजिक लाभ के दृष्टिगत प्रत्येक विकासखंड से एक कंपोजिट विद्यालय का पारदर्शितापूर्ण चयन किया जाएगा। इन विद्यालयों को तय मानकों के अनुरूप अपग्रेड किया जाएगा और मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक कंपोजिट विद्यालय में लगभग 1.42 करोड़ रुपये से अवस्थापना सुविधाओं को अपग्रेड किए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रथम चरण में बेसिक शिक्षा विभाग के लिए आवंटित बजट 1000 करोड़ रुपये से लगभग 704 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के अंतर्गत पहले से संचालित परिषदीय कंपोजिट विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं के साथ ग्रेड लर्निंग कांसेप्ट के आधार पर अपग्रेड किया जाएगा। इन विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों का समावेशी एवं कौशल विकास को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। इन विद्यालयों के अपग्रेडेशन के बाद प्री प्राइमरी से कक्षा 8 के लिए प्रति वर्ग पृथक-पृथक कक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक विद्यालय को लगभग 450 छात्र-छात्राओं की क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण बौद्धिक विकास को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक परिवेश के लिए तैयार किया जाएगा जहां पहले से निर्मित समस्त सुविधाओं एवं कक्षा का सुदृढ़ीकरण करते हुए जल एवं स्वच्छता संबंधी अवस्थापना सुविधाओं को भी अपग्रेड किया जाएगा। 5 कक्षों से युक्त अभ्युदय ब्लॉक जहां होंगे, एक साथ बैठकर पुस्तकें पढ़ने के लिए समर्पित एवं समृद्ध बाल मैत्रिक फर्नीचरयुक्त पुस्तकालय, लैंग्वेज लैब की सुविधा के साथ कंप्यूटर लैब, रोबोटिक्स लर्निंग, विज्ञान एवं गणित विषयों के लिए मॉड्यूलर कम्पोजिट प्रयोगशाला, डिजिटल लर्निंग के लिए इंटरएक्टिव डिस्प्ले बोर्ड एवं वर्चुअल कनेक्टिविटी के साथ स्मार्ट क्लास, शौचालय सुविधा के साथ स्टाफ रूम, बाल वाटिक, पोषण वाटिका, वाई-फाई एवं ऑनलाइन सीसीटीवी सर्विलांस, बाल सुलभ फर्नीचर एवं मॉड्यूलर डेस्क बेंच, सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी की तैनाती, खेल का मैदान व ओपन जिम के साथ मल्टीपल एक्टिविटी हॉल, सोलर पैनल एवं वर्षा जल संचयन इकाई की स्थापना, आरओ एंड यूवी वॉटर प्लांट, मिड डे मील किचन व डायनिंग हॉल, वॉशिंग एरिया, मल्टीपल, हैंडवाशिंग यूनिट की इंटीग्रेटेड व्यवस्था और आधुनिक अग्निशमन यंत्र होगी।

## प्रदेश भर में 150872 रोगियों को मिला उपचार

**लखनऊ।** रविवार को प्रदेश भर में आयोजित 87 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेलें में कुल 150872 रोगी 61897 पुरूष 63422 महिलायें 25553 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1100 गम्भीर रोगियों को उच्च चिकित्सालयों में रेफर किया गया। मेले में 6613 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में कुल 5898 चिकित्सक तथा 11364 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 4198 आई सी डी एस स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। आज के मेले में कुल 9037 फीवर के केसेज आये, जिनमें 3433 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किये गये तथा 14 मलेरिया हेतु धनात्मक पाये गये। डेंगू के 899 टेस्ट किये गये, जिसमें एक भी मरीज धनात्मक नहीं मिले। आज के आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 5508 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें कोविड का एक भी मरीज नहीं मिला। इस प्रकार अब तक आयोजित कुल मेलों में 117526886 रोगी लाभान्वित हुये। 202833 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 1194137 गोल्डेन कार्ड बने।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4497 लोगों को मिला स्वास्थ्य परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4297 लोगों ने चिकित्सकीय लाभ लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4497 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1684 पुरुष, 2101 महिलायें और 712 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 12 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 13 मार्च, 2023



# प्रदेशों में सरकार बनाकर 2024 फतह की ओर कदम बढ़ा रही भाजपाः जेपीएस राठौर

● सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर का स्वागत

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**भाजपा** प्रदेश महामंत्री व उ.प्र सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर का जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सहकारिता मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी गठबंधन पूर्वोत्तर भारत के तीन प्रदेशों में सरकार बनाकर 2024 फतह की ओर कदम आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यकर्ता सहकारिता तथा निकाय चुनाव पूरी गंभीरता से लड़ें और पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें।

मंत्री राठौर ने कहा कि योगी 2.0 सरकार में प्रदेश में कई विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया गया है और कानून व्यवस्था पूरी दुनिया के लिये मिसाल बनी हुई है। माफिया गुंडे जेल में हैं एवं डरे हुए हैं। मजबूत क़ानून व्यवस्था एवं सरकार की साफ नीयत के चलते पूरी दुनिया के निवेशकों को उत्तर प्रदेश आकर्षित कर रहा है इसी का नतीजा है कि हाल ही में संपन्न हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दुनिया भर के उद्यमियों से लगभग 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, ददरौल विधायक मानवेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, डीसीबी अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर, अजय प्रजापति, रवींद्र प्रजापति, रामनरेश प्रजापति, सौरभ सोमवंशी, अवधेश तोमर, हिमांशु रघुवंशी, दर्शन सिंह बजाज, अभय प्रताप सिंह, सुरेश गुप्ता, अरविंद सिंह, पंकज मिश्रा, मनोज वर्मा, राजीव सहाय, राजशेखर, सहायक आयुक्त सहकारिता प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक डीसीबी सौरभ द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# स्मार्ट क्लास की स्थापना कर निघासन ब्लाक ने प्रदेश में रचा इतिहास

● ब्लाक के समस्त 209 परिषदीय विद्यालय स्मार्ट क्लास से हुए आच्छादित

●जिलाधिकारी के नेतृत्व में अध्यापकों का प्रयास लाया रंग




**लखीमपुर खीरी।** कालजयी शायर कृष्ण बिहारी नूर की यह पंक्तियां ष्मेरे हाथों की लकीरों के इज़ाफ़े हैं ग्वाहए मैने खुद को तराशा है पत्थरों की तरहष् विकास खण्ड निघासन के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए काफी है। नवाचार के माध्यम से जनपद को एक नई पहचान देने के लिए दृढ़ संकल्पित डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह की हौसला अफ्जाई ने ऐसा जज्बा पैदा कर दिया कि मात्र एक पखवाड़े के अन्दर ब्लाक निघासन के शिक्षकों ने उपलब्ध धनराशि का सदुपयोग करते हुए अपने निजी प्रयासों एवं जनभागीदारी से शायद असंभव से दिखने वाले लक्ष्य को पूरा करते हुए सभी 209 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना कर प्रदेश के अव्वल स्थान प्राप्त कर लिया। निघासन उत्तर प्रदेश के ऐसा पहला ब्लाक है जहॉ पर सभी 209 विद्यालय स्मार्ट क्लास से सुसज्जित हो गए हैं।

इस ब्लॉक के स्मार्ट क्लास की तस्वीर किसी महानगर के नामचीन पब्लिक स्कूल की नही है बल्कि जनपद लखीमपुर के नेपाल से लगे दूरस्थ सीमावर्ती विकास क्षेत्र निघासन के बेसिक स्कूल्स की है। यहां सभी 209 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से 56 हजार छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्मार्ट क्लासेज शुरू होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त ई.कंटेंट उपलब्ध हुआ। बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय ने बताया कि स्मार्ट क्लास जो न केवल टीचिंग लर्निंग प्रक्रिया को आनंदमय बना रहीए बल्कि बच्चों को बेहतर ढंग से सीखने में मदद भी कर रही है। इसके माध्यम से जहां एक ओर निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन में मददगार साबित हो रहाए वही टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन के साथ.साथ बच्चों की सभी ऑनलाइन लर्निंग रिसोर्स तक पहुंच हो रही है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अनूठीए अभिनव पहल बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक मुहिम का उद्देश्य खीरी के सभी परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले एक.एक बच्चे को शानदार शिक्षा देना है और हम प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में काम कर रहे हैं। बीईओ डॉ बृजेश त्रिपाठी ने कहा कि स्कूलों की सूरत बदलने के साथ अभिभावकों की परिषदीय स्कूलों के प्रति मानसिकता भी बदल रही है। पहले अभिभावकों के दिमाग में जो परिषदीय स्कूलों की छवि होती थी। वह कहीं.न.कहीं बदलती जा रही है। अत्याधुनिक सुविधाओं के मिलने से बच्चों का विकास भी तेजी से हो रहा है। डीएम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में निघासन ब्लाक के सभी 209 परिषदीय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से क्लास रूम को स्मार्ट क्लास रूम में तब्दील किया गया।

# गुझियो की मिठास के संग हुई युवा प्रेस कलब की बैठक

**मोहम्मदी खीरी।** युवा प्रेस क्लब की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष अब्बास नकवी की अध्यक्षता में कलब के कोषाध्यक्ष देवरंजन मिश्रा के आवास पर सम्पन्न हुईएजिसमे प्रमुख रूप से युवा प्रेस क्लब के माध्यम से आयोजित आगामी 15 मार्च को श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीयूट आफ मेडिकल साइंसेज बरेली के माध्यम से जे पी इंटर कालेज मोहम्मदी में लगने वाले निशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर के बारे की विस्तृत चर्चा की गईएतथा जिम्मेदारी सौपी गयी, अध्यक्ष अब्बास नकवी ने संगठन के सभी पदाधिकारियोंएसदस्यों को अपनी अपनी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गयाएउन्होंने कहा हमारे आपके मतभेद हो सकते है मनभेद नही होना चाहिए।

## रामचरित मानस के लेखन हेतु आए सादे पृष्ठों का नैमिष की पावन धरती पर हुआ स्वागत...

**सीतापुर।** विश्व की सबसे बड़ी रामचरित मानस के लेखन हेतु आए सादे पृष्ठों का नैमिष की पावन धरती पर स्वागत किया गया। कुल 674 श्वेत पृष्ठों की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा का आयोजन मां वैष्णों ग्रुप आजाद हिंद भगत संगठन और बिहारी जी मंदिर द्वारा किया गया। यात्रा चक्रतीर्थ पहुंची, जहां प्रधान पुजारी राज नारायण पांडेय, आचार्य मानू द्विवेदी, आचार्य सचिन शास्त्री द्वारा चक्रतीर्थ के जल से आचमन कराया गया। इसके बाद जगदाचार्य देवेंद्रानंद सरस्वती, महंत संतोष दास खाकी, महंत नारायण दास नन्कू, महंत मनमोहनदास, विद्यानंद सरस्वती, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी, प्रभात अग्निहोत्री, विमल मिश्र द्वारा, वेद मंत्रों के साथ पृष्ठों का पूजन किया गया। इस दौरान आशीष शास्त्री, अनूप खेतान, शरद श्रीवास्तव, स्वप्रिल, अभिलाष आदि लोग मौजूद रहे।

# जलजमाव को लेकर संघर्ष में एक की मौत, दो घायल

● मिर्जापुर के गांव मंझरिया में फोर्स तैनात

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**रविवार** को थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव मंझरिया में सड़क पर जमा पानी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष ने अवैध असलाहों से फायरिंग कर एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। जबकि एक महिला सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सुचना पर पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारीयों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव मंझरिया में सड़क पर जमा पानी को लेकर ऋषिपाल और गांव के नरसिंह के बीच सड़क पर मकान से आने वाले पानी को लेकर बहस शुरू हुई द्य एक पक्ष ने दूसरे दूसरे पक्ष पर आरोप जड़ना शुरू किए इसी बीच हमलावर नरसिंघ व उसके साथी पप्पू ने फायरिंग शुरू कर दी ताबड़तोड़ गोली बारी से ऋषिपाल की मौत हो गई जबकि शैलेश व गुड्डी गोली लगने से घायल हो गए पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर एस आनंद ने बताया कि मंझरिया गांव निवासी ऋषिपाल पुत्र बदन सिंह और गांव के नरसिंह पुत्र अमर सिंह में रविवार सुबह सड़क पर जमा पानी को लेकर विवाद शुरू हो गया।

इस दौरान नरसिंह पुत्र अमर सिंह, मुन्ना पुत्र अमर सिंह,भूरे पुत्र अमर सिंह,पप्पू पुत्र अमर सिंह व आलोक पुत्र भूरे ने अवैध असलाहों से फायर कर दिया। जिससे ऋषिपाल पुत्र बदन सिंह, शैलेश पुत्र नरवीर एवं गुड्डी पत्नी गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया। जहां रास्ते में ऋषि पाल(40) ने दम तोड़ दिया।वही शैलेश व गुड्डी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। मृतक ऋषि पाल अपने पीछे लड़के अमित,सुमित,ललित व लड़की जूली को रोता बिलखते छोड़ गया है। वहीं ऋषि पाल की मौत से पत्नी गुड्डी का रो-रो कर बुरा हाल है।

घटना की जानकारी होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर एस आनंद, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई व क्षेत्राधिकारी जलालाबाद अजय कुमार राय ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस अधीक्षक ने सीओ को ग्राम प्रधान की मदद से जेसीबी बुलाकर सड़क से पानी निकास की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम कलान दुर्गेश यादव, नायब तहसीलदार पूनम मधुकर प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर शोएब मियां प्रभारी निरीक्षक पर और संजय कुमार राजपूत निरीक्षक कलान सत्य प्रकाश सिंह, निरीक्षक परौर बलराज सिंह, राजस्व निरीक्षक परशुराम शुक्ला समेत कई कई थानों से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## क्विक न्यूज

### पत्नी को मारने का किया प्रयास

**बरेली।** एक अन्य महिला के प्रेम प्रसंगों में फंसे पति ने पत्नी की गला घोटकर हत्या का प्रयास किया इस काम में पति के घर वालों ने भी उसका साथ दिया गांव वालों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव बेलऊआ निवासी भीमसेन की पत्नी ममता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां ममता ने बताया कि उसका विवाह ईट भट्टे पर काम करने वाले भीमसेन से लगभग 11 वर्ष पूर्व हुआ था और वह 3 बच्चों की मां है लेकिन कुछ दिनों से भीमसेन के संबंध गांव में ही रहने वाली एक अन्य महिला से हो गए जिसके चलते वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और घर से निकालने की कोशिश करता है बीती रात भीमसेन ने अपने भाई राजू और घरवालों की मदद से उसके साथ मारपीट की और रस्सी से गला घोटने का प्रयास किया लेकिन गांव के लोगों ने उसे बचा लिया।

### दबंगों ने युवक पर किया चाकू से हमला

**बरेली।** मामूली विवाद के बाद दबंगों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला जखीरा बगिया निवासी मोहम्मद राजा पुत्र मोहम्मद यूसुफ को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि मोहम्मद राजा के मकान के सामने ही इलाके में रहने वाले उवैस ने कुछ दिन पहले पतंगों का काम शुरू किया है यहीं पर उसने गोदाम बनाया जिसके चलते उसके गोदाम में बाहरी लोगों का आना जाना अधिक है जो अक्सर मोहम्मद राजा के घर के सामने हंगामा करते हैं जिसको लेकर कल शाम को मोहम्मद राजा ने विरोध जताया और ऐसे लोगों पर प्रतिबंध लगाने को कहा जिससे उवैस और राजा का विवाद हो गया गुस्साए उवैस ने अपने भाई जावेद, रिजवान शोएब की मदद से मोहम्मद राजा को जमकर पीटा और चाकू से हमला कर दिया, मोहम्मद राजा घायल हो गया शोर सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे जिन्हें देखकर हमलावर फरार हो गए घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बंटवारे को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी को पीटा

**बरेली।** मकान के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के चलते बड़े भाई और उसके ने युवक और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव परधौली निवासी 33 वर्षीय शिवकुमार पुत्र गेदन लाल और उसकी पत्नी मंजू को आज घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां शिवकुमार कुमार ने बताया कि उसका अपने बड़े भाई जमुना प्रसाद से मकान के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चला क्योंकि जमुना प्रसाद अपने हिस्से के मकान के अलावा अतिरिक्त जगह मांग करता है इसी के चलते वह अक्सर उसके साथ गाली गलौज करता है आज सुबह भी वह उसे गालियां दे रहा था विरोध करने पर जमुना प्रसाद ने अपने लड़के दीपक और पत्नी माला के साथ मिलकर उसके ऊपर हमला कर दिया शोर सुनकर उसकी पत्नी मंजू उसे बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे बचा लिया शिवकुमार ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसने उसे और उसकी पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर हमलावरों पर कार्रवाई शुर कर दी।

### चालक को पीटकर टेंपो लूटने वाले तीन बदमाश पकड़े गए

**बरेली।** टेंपो चालक को पीटकर उसका टेंपो लूट कर फरार हुए तीन बदमाशों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया उनके पास से पुलिस ने लूटा गया टैंपो भी बरामद किया। अलीगंज थाना क्षेत्र में सिरौली मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने टेंपो चालक को पीटकर टेंपो लूट कर ले जाने वाले बदमाश आंवला थाना क्षेत्र के गांव अयादानपुर निवासी रिंकू पुत्र गेदन लाल लालता प्रसाद पुत्र ओमप्रकाश और अमित पुत्र शोभाराम को लूटे गए टेंपो के साथ गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उनके पास से पुलिस ने 750 रुपए नकद भी बरामद किए, गिरफ्तार किए गए तीनों बदमाशों ने अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास 6 मार्च की रात को एक टेंपो चालक को रोककर उसके साथ मारपीट करने के बाद उसका टैंपो लूट लिया घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस लुटेरों को गिरफ्तार करने की कोशिश में जुट गई और आज वाहन चेकिंग के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

### फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** अवैध रूप से फायरिंग करने वाले एक युवक को पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी साधु गिरी पुत्र दया गिरी को पुलिस ने बहादुरपुर करोड़ स्थित नहर की पुलिया पर वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया वह कहीं भागने का प्रयास कर रहा था एक वायरल वीडियो में साधु गिरी फायरिंग करते हुए देखा गया था पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

# विद्युत कर्मचारियों ने 72 घंटे की हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

**सीतापुर।** दिसंबर महीने में ऊर्जा मंत्री के साथ समझौते का पालन न होने और पावर कारपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन के रवैये से नाराज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने विरोध स्वरूप 16 मार्च की रात से 72 घंटे की हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे दी है। इसे लेकर सीतापुर जिले में सोमवार को विद्युतकर्मी 3 घंटे का कार्यबहिष्कार कर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर विरोध सभा का आयोजन करेंगे, जहां पर इस आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। संघर्ष समिति के पदाधिकारी हिमांशु पटेल, रमेश सिंह, सुनील पाल और रवि कुमार गौतम ने जानकारी दी है कि यदि 16 मार्च तक ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते का क्रियान्वयन न हुआ तो 16 मार्च की रात 10 बजे से प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारी, जेई, अभियंता तथा निविदा एवं संविदाकर्मी 72 घंटे की हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

# महिला कैदियों के बच्चों का भविष्य सुधारने की पहल

● शिक्षा से लेकर स्किल डबलप करने का इंतजाम



**शाहजहांपुर।** जेल में स्वयंसेवी संगठन के सहयोग से महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों हेतु बालबाडी एवं बालक्रीडा केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। इस केन्द्र में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर कार्य किया जायेगा। उनके लिए शिक्षा संबंधित अत्याधुनिक उपकरणों से उनके लिए शिक्षा का सुन्दर वातावरण तैयार किया जायेगा ताकि बच्चे स्वप्रेरणा से सीखने के लिए उत्साहित व आकर्षित हों। विभिन्न प्रकार के खिलोनों से खेलते खेलते सीखना, आकर्षक पोस्टरों व चित्रों से सीखना। बाल मनभावन सुन्दर कुर्सियों व मेजों तथा विभिन्न झूलों व खिलोनों से उनके मानसिक, शारीरिक व मनोवैज्ञानिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। जेल की चाहरदीवारी के का कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। उनके खेलने के लिए एक हरी घास व पुष्प युक्त पौधों से सुन्दर वाटिका तैयार की जा रही है जिसमें झूले स्थापित किए जायेगे।

बच्चों को नियमित शिक्षण कार्य व अभ्यास के लिए बेसिक शिक्षा विभाग से जिला मजिस्ट्रेट महोदय व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अनुरोध कर एक महिला अध्यापक की तैनाती कराई गई है। महिला बंदियों में भी प्रशिक्षित अध्यापक हैं, उन्हें भी शिक्षण कार्य दिया गया है। जेल में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चे कम उम्र के कारण तथा मां के जेल में निरुद्ध हो जाने के कारण उन्हें भी जेल में रहने के लिए मजबूर होना पड रहा है जबकि अपराध से उनका कोई लेना देना नहीं है। वह बिल्कुल बेगुनाह हैं।

उनके जेल में रहने से उनके भविष्य पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े, तथा उन्हें बालसुलभ खेलने, खाने, पहनने व पढ़ने का अच्छा वातावरण मिले, यह सुनिश्चित करने हेतु यह कदम उठाए जा रहे हैं। खाने हेतु नियमित खाने के अतिरिक्त पौष्टिकता हेतु दूध, फल, बिस्कुट उपलब्ध कराए जाते हैं। समाजसेवियों व स्वयंसेवी संगठनों के सौजन्य से कपड़े, जूते, मौजे उपलब्ध कराए जाते हैं। बालसुलभ खाद्य पदार्थ यथा-मिष्ठान, चाकलेट, चिप्स, कुरकुरे, ठंडे पेयपद्धार्थ आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रमुख पार्कों, दर्शनीय स्थलों की भी सैर कराई जायेगी। बालबाडी व बालक्रीडा केंद्र की स्थापना की कड़ी में स्वयं सेवी संगठन मानव कल्याण वेल्फेयर सोसाइटी के सौजन्य से विभिन्न सामग्री कारागार को प्राप्त कराई गई।

# डोर फाउंडेशन ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**सीतापुर।** सीतापुर डोर फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव बालक त्रिवेदी व मंडल उपाध्यक्ष शशिकांति तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। संचालन परिषद के महासचिव अम्ब्रीश दीक्षित ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुभारंभ प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इसके उपरांत मंजुलिका सिंह, कृष्णानस शुक्ला, संजय पाण्डेय, शशिकला मिश्रा, ने होली गीत प्रस्तुत किया वही जिला अध्यक्ष आकाश राय व प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने व्यागत्मक कविता पाठ करके सभी लोगो को हसाया। इस दौरान विजय कुमार शुक्ला, सचिन त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत बाजपाई, राम कुमार कटियार, अनिल श्रीवास्तव, विनोद त्रिपाठी, डॉ विकास चन्द्र जैन, कमलेश मेहरोत्रा, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, अशोक प्रजापति, संजय पाण्डेय, शशिकला मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, डॉ राजीव मिश्रा संजय शुक्ला, शशि सिंह, कोमल सिंह, संध्या सिंह, कविता पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**सीतापुर।** अग्रवाल सभा सीतापुर द्वारा उत्सव गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाराज अग्रसेन के पूजन से हुआ। जिसके बाद एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, जवाहरपुर चीनी मिल के प्रबंधक आशीष बंसल, सिचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल तथा आंख अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ब्रिगेडियर डाक्टर विनोद बरनवाल अतिथि रूप में मौजूद रहे। इस दौरान फूलों की होली का भी आयोजन किया गया।

# पेज एक का शेष

## भारत के...

देश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए प्रयासरत हैं और लोगों का आशीर्वाद उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। मोदी ने मांड्या जिले में यहां 118 किलोमीटर लंबी बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेसवे परियोजना का उद्घाटन करते हुए कहा, देश के विकास और उसके लोगों की प्रगति के लिए डबल इंजन सरकार के प्रयासों के बीच कांग्रेस और उसके साथी क्या कर रहे हैं ?...कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने का सपना देख रही है। यहां एक जनसभा में मोदी ने कहा, कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में लगी हुई है जबकि मोदी बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेस बनाने में लगा है। कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने में लगी है जबकि मोदी गरीबों की जिंदगी बेहतर बनाने में लगा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के जो लोग मोदी की कब्र खोदने का सपना देख रहे हैं उन्हें यह नहीं पता कि करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों और लोगों की दुआएं मोदी के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। अधिकारियों के अनुसार, 8,480 करोड़ रुपए की लागत वाले एक्सप्रेसवे, जिसमें एनएच-275 के बेंगलुरु-निदाघट्टा-मैसूरु खंड को छह लेन का बनाना शामिल है, के जरिए दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा और यह समय तीन घंटे से घटाकर अब लगभग 75 मिनट हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी गरीबों की परेशानियों और तकलीफ की परवाह नहीं की। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, फिल्मी दुनिया से राजनीति में आईं मांड्या की लोकसभा सदस्य सुमलता अंबरीश भी मौजूद थीं।

## राहुल पर...

और इनके षड्यंत्र को सफल नहीं होने देना है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8-9 वर्षों में हासिल देश की उपलब्धियां नए भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की सुनहरी तस्वीर है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारत दुनिया को राह दिखाने वाला देश होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में इसकी गूंज को अंगीकार कर जन जन तक पहुंचाने का दायित्व सभी कार्यकर्ताओं पर है। योगी ने जी-20 की चर्चा करते हुए कहा कि जी-20 का नेतृत्व मिलना भारत के सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है, वैश्विक मंच पर भारत की शक्ति की यशोगाथा दुनिया गा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान केवल अधिकार ही नहीं बताता बल्कि कर्तव्यों का भी एहसास कराता है। मुख्यमंत्री ने केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकारों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सरकार विपत्ति में भी नागरिकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी रही। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट में मुफ्त जांच, मुफ्त इलाज, मुफ्त वैक्सीन और मुफ्त राशन की सुविधा दी गई। मुख्यमंत्री के संबोधन के पहले चार कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के अभिभाषण का वाचन किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ योगी ने भी संपूर्ण अभिभाषण को सुना।

## राष्ट्रीय स्वयं...

लिए उन्हें मौलाना मुलायम कहा गया था। मुलायम को प्रमुखता देने के पीछे 15 महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में ओबीसी मतदाताओं में आरएसएस-भाजपा द्वारा जनाधार बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है। यूपी की 80 लोकसभा सीटें केंद्र में सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक के पहले सत्र में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने उन सभी प्रतिष्ठित हस्तियों के नाम पढ़े जिनका पिछले एक साल में निधन हो गया। इस सूची में समाजवादी नेता शरद यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता शांति भूषण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी आदि अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक, बीजू जनता दल के नेता नबकिशोर दास समेत 100 लोग शामिल हैं। इस सूची में छत्तीसगढ़ से भाजपा नेता सागर साहू, बुधराम करताम का नाम भी शामिल है जो नक्सली हिंसा में मारे गए।

## संसद के...

नेता के. सुरेश ने कहा कि उनकी पार्टी अडाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे को उठाना जारी रखेगी और सरकार से सवाल पूछेगी क्योंकि सत्र के पहले चरण में इस बारे में सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया था। मुख्य विपक्षी दल इस मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) जांच की मांग कर रहा है। विपक्षी दलों द्वारा सत्र के दूसरे चरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विपक्षी नेताओं पर छापा मारने के मुद्दे को भी उठाने की संभावना है। विपक्षी दलों ने गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की है। वहीं, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि सरकार की प्रमुख प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की है। उन्होंने कहा कि सत्र के दूसरे चरण में रेलवे, पंचायती राज, पर्यटन, संस्कृति, स्वास्थ्य सहित कई मंत्रालयों से जुड़ी अनुदान की मांगों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बाद में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए प्रस्तावित अनुदानों की मांगों एवं उनसे संबंधित विनियोग विधेयक को गिलोटिन (बिना चर्चा के) के माध्यम से मंजूरी दी जाएगी।

## फार्म हाउस...

जाने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का प्रारंभिक कारण दिल का दौरा पड़ना है और मौत का कारण स्वाभाविक प्रतीत होता है। महिला ने दावा किया कि उसके पति ने उसे कौशिक से मिलवाया था। उसने कहा कि 23 अगस्त, 2022 को अभिनेता दुबई में उनसे मिले थे और उसके पति से 15 करोड़ रुपए वापस मांगे थे। जिसके बाद कौशिक और मेरे पति में बहस हुई। मेरे पति ने कौशिक से वादा किया कि वह जल्द ही पैसे चुका देंगे। जब मैंने पति से पूछा, तो उन्होंने कोविड महामारी के दौरान कौशिक की रकम गंवा देने की बात कही। मेरे पति ने यह भी कहा कि वह कौशिक से छुटकारा पाने की योजना बना रहे है।

## केंद्र समलैंगिक...

संबंधों की किसी भी औपचारिक मान्यता को दो वयस्कों के बीच केवल गोपनीयता का मुद्दा नहीं माना जा सकता है। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा कि भारतीय लोकाचार के आधार पर ऐसी सामाजिक नैतिकता और सार्वजनिक स्वीकृति का न्याय करना और उसे लागू करना विधायिका का काम है। केंद्र ने कहा कि भारतीय संवैधानिक कानून न्यायशास्त्र में किसी भी आधार के बिना पश्चिमी निर्णयों को इस संदर्भ में आयात नहीं किया जा सकता है। केंद्र ने कहा कि समलैंगिक व्यक्तियों के बीच विवाह को न तो किसी असंहिताबद्ध कानूनों या किसी संहिताबद्ध वैधानिक कानूनों में मान्यता दी जाती है और न ही इसे स्वीकार किया जाता है। केंद्र ने कहा, भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के बावजूद, याचिकाकर्ता देश के कानूनों के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते हैं। केंद्र का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अधीन है और इसे देश के कानूनों के तहत मान्यता प्राप्त करने के वास्ते समलैंगिक विवाह के मौलिक अधिकार को शामिल करने के लिए विस्तारित नहीं किया जा सकता है, जो वास्तव में इसके विपरीत है।

## कोहली विराट...

मारे। भरत के आउट होने के बाद कोहली ने शतक पूरा किया और फिर कुछ आकर्षक शॉट लगाए। अक्षर ने भी कुछ अच्छे शॉट खेले। वह मर्फी की गेंद पर भाग्यशाली रहे जब लांग ऑफ पर उस्मान ख्वाजा ने उनका कैच छोड़ दिया और गेंद छह रन के लिए चली गई। चाय के विश्राम के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने और तेजी दिखाई। अक्षर को 43 रन के स्कोर पर दूसरा जीवनदान मिला जब स्लिप में कप्तान स्टीव स्मिथ उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इस बार दुर्भाग्यशाली गेंदबाज लियोन थे। कोहली ने ग्रीन पर लगातार दो चौकों के साथ 313 गेंद में 150 रन पूरे किए और फिर लियोन पर भी दो चौके मारे। अक्षर ने मर्फी की गेंद पर एक रन के साथ 95 गेंद में श्रृंखला का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। अक्षर ने इसके बाद कुहनेमैन के दो ओवर में तीन छक्के मारे। वह हालांकि मिशेल स्टार्क की गेंद को विकेटों पर खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 113 गेंद की अपनी परी में पांच चौके और चार छक्के मारे। अश्विन भी सात रन बनाने के बाद लियोन की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर कुहनेमैन को कैच दे बैठे। उमेश यादव एक भी गेंद खेले बिना हैंड्सकॉम्ब के सटीक निशाने का शिकार होकर रन आउट हुए।

# झोपड़ी में आग लगने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत





**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

## ●झोपड़ी में रह रहे दम्पति व उसकी संतानें आग में जलकर हुए खाक

**रूरा** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात एक झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हादसे में दंपति व उनके तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। आगे में दंपति की मां भी झुलस गई। घटनास्थल का डीएम और एसपी ने जायजा लिया। डीएम ने मृतक परिवार को दैवीय आपदा के तहत मदद दिलवाने की बात कही है।

रूरा के हारामऊ बंजारन डेरा निवासी मजदूर सतीश(29) के परिवार में पत्नी काजल (26), बेटा सन्नी (7), संदीप (4) और बेटी गुड़िया (2) और मां रेशमा (52) पिता प्रकाश बड़ा भाई विजय बहादुर, विवाहिता बहन नीतू रहते हैं। हाल ही में आवासीय योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी काजल और मां को आवास योजना में पहली किस्त की धनराशि मिली थी जिससे आवासों का निर्माण कराया जा रहा है।

शनिवार रात दो बजे मां रेशमा बहन नीतू, सतीश उसकी पत्नी काजल एवं बच्चों के साथ झोपड़ी के अन्दर लेटा हुआ था और पिता प्रकाश झोपड़ी के बाहर सो रहा था। भाई विजय बहादुर बगल की झोपड़ी में सो रहा था जबकि बहन नीतू भी अपने नवजात शिशु के साथ वहीं लेटी थी तभी अज्ञात कारणों से झोपड़ी में अचानक आग लग गई और आग की जलती लपटों को देखकर एवं बहन नीतू के चीखने की आवाज सुनकर मां रेशमा भागकर झोपड़ी के अन्दर पहुंची और नवजात शिशु को लेकर भागी जिसमें वह भी बुरी तरह से झुलस गई , बहन नीतू भी भागकर बाहर निकली किंतु तबतक देखते-देखते झोपड़ी आग का गोला बन चुकी थी और झोपड़ी के अंदर सो रहे दंपति और तीनों बच्चे जिंदा जलकर खाक हो गए। आग लगने की

## ●पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर दमकल की मदद से आग पर पाया काबू

जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का असफल प्रयास किया। सूचना के तत्काल बाद सीओ सदर प्रभात कुमार, थानाध्यक्ष रूरा शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने पुलिस बल के साथ मौके पर दमकल की गाड़ी के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस कर्मियों एवं ग्रामीणों ने एक के बाद एक शव को झोपड़ी से बाहर निकाला। सूचना पर डीएम नेहा जैन, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंच गए। पुलिस ने पीड़ितों को अस्पताल भेजा।

राज्यमंत्री के मौके पर आने और 20 हजार रूपए की तत्काल प्रभाव से सहायता देने के प्रयास से रिश्तेदार एवं परिजन भड़क उठे। परिजनों एवं नायक समाज के नेताओं ने राज्य मंत्री पुलिस द्वारा आनन फानन में शवों को उठा लिए जाने से नाराज परिजनों ने मृतकों के शवों का पंचायतनामा भरवाने के लिए जाने से इनकार कर दिया। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की सांसे फूल गईं।

राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल एवं सपा पूर्व ब्लाक प्रमुख वेद व्यास निराला के द्वारा समझाए जाने और काफी देर तक समझाने तथा अपर जिलाधिकारी कानपुर देहात उप जिलाधिकारी डेरापुर के द्वारा 2बीघा भूमि का पट्टा किए जाने तथा 25 लाख की से सहायता में 5 लाख की चेक सोमवार को दिए जाने के आश्वासन पर पिता एवं अन्य परिजन पंचायतनामा भरवाने के लिए जाने पर राजी हुए।

# सात बाइक, लोडर समेत दो शातिर चोर गिरफ्तार

## ●एक तमंचा, दो कारतूस सहित नकदी हुई बरामद

**संवाददाता।** रामपुरा, जालौन



**लंबे** समय से थाना क्षेत्र में पूर्व में हो रही चोरियों तथा नगर में दुकानदारों के प्रतिष्ठानों के ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं के साथ बाइकों को चुराने की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनसे पुलिस ने एक तमंचा 315 दो जिंदा कारतूस, 1.5 किलो गांजा, सात बाइक, एक लोडर तथा 2900 रुपये नकद बरामद हुए।

रविवार को थाना पुलिस द्वारा चौकिंग अभियान के तहित थाना प्रभारी राजीव कुमार वैश्य को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में हुई चोरियों का सामान तथा मोटर साइकिलों को लेकर लोडर से बेंचने के लिए राठौरनपुरा होते हुए मध्यप्रदेश बॉर्डर में दाखिल होकर ले जाई जा रही हैं। तभी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार वैश्य तथा एसओजी प्रभारी ने बगैर समय बिताये पुलिस फोर्स लेकर लोडर से भाग रहे चोरों को मध्यप्रदेश बॉर्डर पर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही में दो चोर सुंदरलाल उर्फ सोनू शाक्यवार पुत्र रामचरन शाक्यवार निवासी ग्राम नरौल थाना रामपुरा, विशाल पुत्र संतोष 19 वर्ष निवासी गोपालपुरा थाना माधौगढ़ को गिरफ्तार कर लिया तथा गोलू पुत्र महेश निवासी नरौल पुलिस को देख चलती लोडर से कूंदकर भाग गया। पुलिस द्वारा पकड़े गये चोरों के पास से एक तमंचा 315 दो जिन्दा कारतूस, 1.5 किलो गांजा, सात चुरायी गयी मोटर साइकिलें, एक लोडर तथा 2900 रुपये नगद बरामद किये। थाना प्रभारी राजीव कुमार वैश्य ने बताया कि क्षेत्र में पूर्व में हुई चोरियों तथा नगर में दुकानों की चोरी को लेकर पुलिस बारीकी से जांच में जुटी थी तथा इन चोरों के चोरी की घटनाओं में संलिप्तता पाई गई। जिसके बाद पुलिस ने इन पर शिकंजा कस कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान चोरों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बड़े भाई की ससुराल में हुई छोटे भाई की हत्या

**राजापुर,** चित्रकूट। जिले के राजापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरी में बड़े भाई के ससुराल में छोटे भाई की हुई हत्या के बाद रविवार की सुबह राजापुर छीबों मार्ग के सिकरी में शव रखकर करीब दो घण्टे रास्ता जाम कर दिया



## ●ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

गया। जिससे ट्रकों की लम्बी कतार लग गई थी। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अपने हमराही पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुँचे और समस्याएं सुनते हुए तत्काल जाम को हटवाया और रास्ता खाली कराया। मृतक रामप्रसाद के बड़े भाई उमेश कुमार ने बताया कि मेरा छोटा भाई रामप्रसाद पुत्र सुकरू आरख (26वर्ष) निवासी सिकरी सूरत के चिराल केमिकल फैक्टरी में नौकरी करता था और मेरे ससुराल 8 मार्च को झारखण्ड के शाहपुर जनपद डाल्टनगंज गया था और मुझे सूचना दी गई है कि तुम्हारे छोटे भाई की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है, यह खबर पाकर मैं मौके पर पहुंचा और जानकारी किया तथा अपने ससुराली जनों पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे भाई की हत्या की गई है और शव देखने पर यह प्रतीत होता है कि उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है और शव को रेल लाइन में फेंक दिया गया है।

मृतक रामप्रसाद तीन भाइयों में सबसे छोटा था, मेरे माता पिता की चार वर्ष पहले मौत हो गई थी। साथ ही आरोप लगाया है कि मेरे ससुराल में मेरे छोटे भाई की हत्या की गई है, इसके विरोध में राजापुर - छीबों रोड सिकरी गांव के मुख्य मार्ग में शव रखकर कार्रवाई के लिए जाम लगाया गया था। जाम की खबर पाकर प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा, उपनिरीक्षक रामवीर सिंह तथा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिवार को सांत्वना देते हुए जाम को हटवाया गया।

# पाठा के डॉ. उदित नारायण पांडेय को मिला जयशंकर प्रसाद सम्मान



**चित्रकूट।** किसी जमाने में दस्यु प्रभावित होने का दंश झेलने वाले पाठा क्षेत्र के सकरौंहा गांव के युवा लेखक डॉ उदित नारायण पांडेय ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आज डॉ उदित नारायण पांडेय को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जयशंकर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया। जिले की मानिकपुर तहसील के सकरौंहा गांव के डॉ उदित वर्तमान में लखनऊ में एआरटीओ पद पर कार्यरत हैं। पूर्व में उप्र के संस्कृति विभाग ने सांस्कृतिक कलाकार के रूप में भी पंजीकृत किया था। सांस्कृतिक अभिरुचि वाले डॉ उदित नारायण पांडेय कवि व गायक भी हैं। उनकी सड़क सुरक्षा, कोरोना वायरस व मतदाता जागरूकता, जनसंख्या नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण समेत अनेक कवितायें/गीत व लघु फिल्म अत्यंत लोकप्रिय हैं। उनके सड़क सुरक्षा संबंधी गीतों और फिल्मों को प्रदेश के सभी जिलों में प्रसारित करने के आदेश परिवहन विभाग व यातायात निदेशालय से जारी किए गए हैं। इस बार उन्हें पुस्तक, जागो रे जागो के लिए जयशंकर प्रसाद पुरस्कार दिया गया है।

# 548 लाख खर्च कर भी पूरा न हुआ तटबंध का काम

**संवाददाता।** हमीरपुर



**मुख्यालय** के यमुना नदी के तटबंध में स्वच्छ वायु लेने के लिए शमशान घाट से पातालेश्वर मंदिर की ओर बनाए गए दो कोठी के पुल समेत सिर्फ तीन सौ मीटर निर्माण में मौदहा बांध ने 548 लाख रुपये खर्च कर दिए। केवल मिट्टी का कार्य कराए जाने के कारण फिलहाल लोगों को पातालेश्वर मंदिर तक जाने की मंशा पूरी नहीं हो सकेगी। 48 लाख सिर्फ पुल निर्माण में खर्च किया गया है। यमुना पुल से लेकर पातालेश्वर मंदिर तक यमुना तटबंध में करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके है। लेकिन यह काम अभी पूरा नहीं हुआ है। तटबंध में मिट्टी के काम व दो कोठी के पुल में कार्यदायी संस्था मौदहा डैम ने 548 लाख रुपये खर्च किए गए है। जिसमें केवल 48 लाख पुल निर्माण में व 500 लाख रुपये मिटटी के कच्चे कार्य में कार्यदायी संस्था मौदहा बांध ने खर्च किए है। जबकि कार्यदायी संस्था मौदहा बांध के सहायक अभियंता सर्वजीत वर्मा का कहना है कि उनकी परियोजना में पुल निर्माण व कच्चे काम में जो मानक शामिल था, जो चादर डाली गयी है वह रेलवे पुल में जो टीन डाली गयी है उसी का प्रयोग किया गया है। 300 मीटर तक डाली गई मिटटी के बाद इंटरलॉकिंग व सीसी रोड बनाने का काम आगे नगर पालिका कराएंगी या नहीं, यह भविष्य में पता चल सकेगा।

## मौका पाकर चालक चोरी से ट्रक लेकर हुआ फरार

**हमीरपुर।** ओवरलोड के आरोप में ट्रक का चालान कर कुछेछा चौकी पुलिस को सौंपने के बाद कल देर रात चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक एआरटीओ अमिताभ राय ने कल दोपहर सुमेरपुर के पास चेकिंग के दौरान ट्रक को ओवरलोड में चालान कर हमीरपुर नगर सीमा से लगी पुलिस चौकी के हवाले कर दिया। तभी से चालक जीतू निवासी ग्राम मोहली थाना कमलापुर जिला सीतापुर ट्रक के आसपास घूमता रहा। कल देर रात मौका पाकर चालक ट्रक लेकर भाग निकला,एआरटीओ ने बताया कि जब पुलिस चौकी में खड़े वाहनों की गिनती होमगार्ड गयादीन ने आज दोपहर की तो तब तक चालक ट्रक लेकर भाग निकला था। एआरटीओ ने ट्रक चालक व ट्रक मालिक के खिलाफ ट्रक चोरी से लेकर भागने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# क्विक न्यूज

## सर्विस लाइन बनी पार्किंग नाली पर सजी दुकानें



**घाटमपुर।** कानपुर सागर नेशनल हाइवे पर नगर के चौराहे में बनें ओवर फ्लाई की सर्विस लाइन हल्के और दुपहिया वाहनों की पार्किंग स्थल सबित हो रहा हैं वहीं सर्विस लाइन के किनारे बनी जल निकासी की नाली के ऊपर दुकानदारों का कब्जा होने से राहगीर यमदूतों के आगे चलने को विवश है और जरा सी चूक पर जान चली जाती है। लेकिन कानपुर रोड पर ओवर फ्लाई की सर्विस लाइन पर सामने के दुकानदार नाले के ऊपर सामान रख कर अतिक्रमण किये रहते हैं। इसके अलावा सर्विस लाइन पर अपने हल्के चौपहिया या मोटर साइकिलें आदि खड़ी कर देते हैं जिससे पैदल राहगीरों को चलने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। उधर बस स्टाप के सामने और मुख्य चौराहे पर सर्विस लाइन पर कानपुर और हमीरपुर चलने वाले आटो-रिक्सा और मैजिके खड़ी होकर सवारियाँ बैठाती रहती हैं और दिन भर जाम जैसे हालात बने रहने के राहगीरों विशेष कर महिलाओं और स्कूली बच्चों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## यादव महासभा के होली मिलन में दिखी सामाजिक समरसता

**फतेहपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के कार्यालय में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक समरता जहां देखने को मिली वहीं अबीर-गुलाल के साथ उपस्थित लोगों ने जमकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम का आयोजन सदर विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप यादव यादव के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में यादव महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव व सपा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव रहे। जिलाध्यक्ष चौ. राजेश यादव ने होली की बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष होने वाले इस होली के महापर्व में सभी लोग भेदभाव भुलाकर गले मिलें। रंगों का यह पर्व दिल मिलाता है। इसमें शामिल लोगों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। सदर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि होली मिलन समारोह संगठन के भटके पदाधिकारियों को संगठन में फिर से एक साथ एक मंच पर लाने का प्रयास किया जायेगा।

## 26 पात्र गरीबों को आज आवंटित होगी कांशीराम कालोनी

**उरई,** जालौन। उप जिलाधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अंतर्गत कस्वा उरई में निर्मित आवासों में से पूर्व में निरस्त किये गये 26 आवासों का कस्वा उरई के पात्र व्यक्तियों को आवंटन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में 13 मार्च 2023 को अपरान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार उरई में किया जायेगा। पात्र व्यक्तियों की सूची कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है जिसे किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। पात्र व्यक्ति अपने-अपने मूल अभिलेखों, प्रमाण पत्रों व आधार कार्ड आदि के साथ नियत तिथि व समय पर कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## ट्रेन की चपेट में आये तेंदुए की मौत

**चित्रकूट।** ट्रेन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हो गई। घटना मारकुंडी-मझगवां स्टेशनों के बीच हुई। तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम को यहां वन विभाग भेजा गया है। ये हादसा मारकुंडी और मझगवां रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार को तेंदुए का शव मिला। बताया गया कि तेंदुआ किसी ट्रेन के नीचे आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। रानीपुर टाइगर रिजर्व के तहत मारकुण्डी रेंज क्षेत्र में मारकुंडी और मझगवां रेलवे स्टेशनों के बीच इटवा डुडैला हाल्ट पर ट्रेन की पटरियों में तेंदुआ मृत मिला। इसके शरीर में चोटों के निशान होने से आशंका जताई है कि यह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। रानीपुर वन्य जीव विहार के उप निदेशक पीके त्रिपाठी ने बताया कि तेंदुआ नर था और लगभग 65 किलोग्राम वजन वाले इस पशु की उम्र छह साल के आसपास थी।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, पिता-पुत्री घायल

फतेहपुर। खागा क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव निवासी विमलेश सिंह अपनी ललिता देवी 28 वर्ष, पॉच वर्षीय पुत्री अनुष्का व सात माह का पुत्र आयुष के साथ मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल कौशाम्बी जनपद के थाना मंझनपुर गांव डुबरा जा रहा था। बाइक जैसे ही खखरेरू थाने के भीमपुर के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मासूम आयुष की घटना स्थल पर मौत हो गई वहीं दंपती व पुत्री घायल हो गये।सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया, हालत गम्भीर होने पर ललिता को कानपुर रेफर कर दिया जिसकी रास्ते में मौत हो गई।

# भारतीय संस्कृति व इतिहास में मातृ शक्ति सदैव अग्रणी रही : लक्ष्मीकांत

**संवाददाता।** चित्रकूट



**वीरांगना** रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम हेतु बैठक का आयोजन जिला संघचालक रामबेटा कुशवाहा की उपस्थिति में दीनदयाल शोध संस्थान के महर्षि वाल्मीकि परिसर कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां सतना में आयोजित की गई। जिसमें सह विभाग कार्यवाह लक्ष्मीकांत जी, नगर पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट साधना पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता चूड़ामन जी, रामराज जी अध्यक्ष रानी दुर्गावती शोध समिति, डीआरआई के उप महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल, समाजशिल्पी दम्पति प्रभारी डॉ अशोक पाण्डेय, हरिराम सोनी एवं दीनदयाल शोध संस्थान के समस्त प्रकल्पों के कार्यकर्ताओ के साथ साथ मझगवां विकास खंड के 96 पंचायतों के प्रमुख तथा ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान लक्ष्मीकांत जी सह विभाग कार्यवाह ने कहा कि इक्कीसवीं सदी जो कि भारत की होगी ऐसा पहले से कहा जा रहा था वह हम सभी के सामुहिक प्रयत्न से यथार्थ हो रही है। देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महापुरुषों, जननायकों को आजादी के इस अमृत महोत्सव में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से हम सभी परिचित होकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं और उनके आदर्शों से समाज सीख रहा है। हमारी सांस्कृतिक विरासत समृद्ध हो रही है।

महापुरुषों को हम जाति, वर्ग, सम्प्रदाय में विभक्त न करें क्योंकि उन्होंने देश और भारतमाता के प्रति अपना सर्वस्व निछावर किया है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से वीरांगना दुर्गावती जी की प्रतिमा अनावरण का गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न किया जाएगा, साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम से पूर्व सामाजिक समरसता एवं विश्व बंधुत्व की भावना को साकार करने के लिए स्थानीय स्तर पर जनजागरण हेतु साइकिल रैली, मोटरसाइकिल रैली, तिरंगा यात्रा, भारतमाता पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्यालयों की प्रार्थना सभा के समय महापुरुषों के जीवन चरित्र व उनके योगदान पर बच्चों को जानकारी प्रदान करें। भारत के इतिहास में मातृ शक्ति का योगदान विषय पर प्रदर्शनी एवं भाषण, निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। चित्रकूट गौरव दिवस (रामनवमी) पर मझगवां मण्डल के प्रत्येक आबादी के प्रत्येक घर में कम से कम 5 दीपक अवश्य प्रज्ज्वलित किये जायें।

# आर्य समाज वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ

**खागा,** फतेहपुर। आर्य समाज खागा का वार्षिकोत्सव विजय नगर स्थित आर्य समाज मे संपन्न हुआ। हवन पूजन का आयोजन हुआ। इसके बाद विद्वानों ने प्रवचन व भजन के माध्यम से श्रोताओं को बताया। बताते चले कि आर्य जगत के प्रतिष्ठित विद्वान पंडित ने धनुर्विद्या का प्रदर्शन किया। उन्होंने आंख मे पट्टी बांधकर शब्दभेदी बाण सहित मन व्यापक बाण का प्रदर्शन किया। साथ ही पृथ्वीराज चौहान की वीरगाथा भजन के माध्यम से सुनाया। इसके साथ ही सोमेंद्र आर्य ने भगत सिंह के जीवन चरित्र पर भजनों के माध्यम से लोगो को सुनाया। वहीं अशर्फी लाल शास्त्री और अशोक त्रिपाठी सहित सभी विद्वानों ने वेदो की ओर लौटो का संदेश दिया और सनातन वैदिक धर्म के महत्व को समझाया। आर्य समाज के प्रधान विष्णु दयाल गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर जागरूक किया गया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** सांसद खेल स्पर्धा क्रिकेट टूर्नामेंट का जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने कहा कि बच्चों व नवयुवकों को आगे बढ़ाने में सांसद खेल स्पर्धा उपयोगी साबित हो रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि खेल से आपसी भाईचारे की भावना जागृत होगी है। उन्होने कहा कि खेलों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से ही सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा ग्राम स्तर से लेकर जिले स्तर तक आयोजित किया जा रहा है जिससे बच्चों व नवयुवकों में खेल की निखार पहचानी जा सके व उन्हें आगे बढ़ाने में उपयोगी साबित हो। इसी महीने के 16 मार्च से लेकर 18 मार्च तक तहसील स्तर से लेकर जिले स्तर तक के कई खेल सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत होने हैं। जिनमें खो खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन आदि खेल होने हैं। इन सब खेलों के उपरांत 18 मार्च को प्रेक्षागृह में पुरस्कार वितरण का समारोह का आयोजन होगा।

जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री विजेता टीमों को पुरस्कृत करने का काम करेंगी। यह जानकारी भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने दी।

# आल इण्डिया मुशायरे में शायरों ने सजाई महफ़िल



**कोंच,** जालौन। आजाद हिन्द फाउंडेशन कोंच की ओर से अदबी महफिल का आयोजन शनिवार की रात कैलिया बस स्टैंड के मैदान में किया गया। एक बुन्देली शाम कविता और शायरी के नाम कार्यक्रम का आगाज महफ़िल के सदर शशांक श्रीवास्तव एड व नईम अख्तर खादमी बुराहनपुर ने शमां रोशन कर किया।

क्रोंच ऋषि की तपोस्थल भूमि पर गंगा जमुनी तहजीब की श्रंखला में ऑल इंडिया मुशायरे में मशहूर शायरा राना तबस्सुम ने मुशायरे का आगाज किया 'तुम को अपना हमसफर जब कह दिया तो कह दिया, अब नहीं दुनिया का डर जब कह दिया तो कह दिया।' विख्यात शायर डॉ नदीम शाद देवबंद ने सुनो हमसे कोई वादा न करना बहुत पागल बनाए जा चुके हैं हम और मशहूर शायरा निकहत अमरोही ने 'मुरझाये कोई फूल तो गुलदान रो पड़े एक शख्स मारा जाये तो इंसान रो पड़े, ऐसी फज़ा बनाओ मेरे देशवासियों हिन्दू का घर जले तो मुसलमान रो पड़े' ने अपनी गजलों और शायरी से लोगों का दिल जीत लिया। वहीं कुछ शायरों ने वर्तमान राजनैतिक हालात पर तंज कसे। मुजफ्फरनगर से आये शायर खुर्शीद हैदर ने उसे माली कैसे कहूं जिसने गुलशन बंच दिया सुनाकर महफ़िल लूट ली। मुशायरे में उरई से पधारे शफीकुर्रहमान कश्फी ने अपना कलाम पढ़ा 'गरीबी ऐसे रुखसत हो रही है, निवालों पर सियासत हो रही है।'

# परी जायसवाल ने किया चित्रकूट को गौरवान्वित

**राजापुर,** चित्रकूट। गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मभूमि राजापुर की रहने वाली परी जायसवाल ने इण्डिया बुक ऑफरिकॉर्ड में अपना दर्ज करा जन्मभूमि राजापुर का ही नही बल्कि पूरे जनपद चित्रकूट को गौरवान्वित किया है। गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र पाकर बेटी के माता-पिता की खुशी का ठिकाना नही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव समेत कस्बे के लोगों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाली राजापुर की छात्रा परी जायसवाल ने बताया कि वर्चुअल क्वान्टम स्पीड रीडिंग में पृष्ठों को देखे बिना किताबें पढ़ने की एक नई तकनीक है। इसमें एकेडमी द्वारा 8 छात्र छात्राओं को प्रतिभाग करने का मौका दिया गया था। जिसमें मैंने आँख पर पट्टी बांधकर बुक को अपने सामने रखा और अंगूठे का उपयोग कर कहानी के पन्ने पलटे व निर्धारित समय के पहले ही चार कहानियों को समझाया और इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में मेरा नाम दर्ज हो गया और मुझे संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र व गोल्ड मेडल से नवाजा गया है।

# बांदा में नहीं रुक रहा लव जिहाद

## कड़ा कानून होने के बावजूद बढ़ रहे धर्म परिवर्तन के मामले

**संवाददाता।** बांदा



**प्रदेश** में इतना कड़ा कानून लागू होने के बाद अचानक बांदा जनपद धर्म परिवर्तन की बाढ़ सी आ गयी है नरैनी-कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुकारी गांव स्थित शंकर बाजार निवासी एक महिला ने अपने ऊपर यौन शोषण का आरोप लगाया।बताया कि धर्म परिवर्तन कर जबरन युवक शादी का भी दबाव बना रहा हैं। शुक्रवार के दिन उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुची पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बेवा हैं साथ मे दो बच्चे है। अपने पिता के घर मे रहकर जीवन यापन कर रही थी।अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने घटना की पुष्टि की। आपको बताते चलें कि सलामत पुर गांव निवासी वारिस खान जो कि अब वर्तमान में करतल में निवास कर रहा हैं। बीते चार वर्ष उपरांत मध्यप्रदेश के पन्ना जनपद ले गया था।

## ● नरैनी में धर्म परिवर्तन और बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर की जा रही कानूनी कार्रवाई

लगातार चार वर्ष तक पीड़िता के साथ यौन शोषण करता रहा। अब पीड़िता का धर्म बदलवाकर जबरन शादी का दबाव बना रहा है। बताया कि वारिस खान लगातार लड़कियों की खरीद फरोख्त का धंधा अपनाए हुए है। कहना न मानने पर जान से मारने की धमकियां दे रहा हैं। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की हैं। इस बारे अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्रीनिवास मिश्र ने बताया कि घटना सही है थाना कोतवाली नरैनी में धर्म परिवर्तन एवं बलात्कार का मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जिलाध्यक्ष विश्वहिंदू परिषद बांदा चंद्रमोहन बेदी ने ऐसे मुस्लिम के विरुद्ध दंडानात्मक कार्यवाही करने की मांग की है हिन्दू महिला को जबरन नकद धर्म परिवर्तन करना चाहता है।

# जेएस मेडिक्स एण्ड हास्पिटल का हुआ उद्घाटन



**फर्रुखाबाद।** आपके शहर में पांचाल घाट अमेठी रोड पर श्याम कोल्ड स्टोरेज के निकट एक और अस्पताल जेएस मेडिक्स एण्ड हास्पिटल का उदघाटन वरिष्ठ चिकित्सक डा. जितेन्द्र कटियार ने फीता काटकर किया। जेएस मेडिक्स एण्ड हास्पिटल के डायरेक्टर डा. जावेद अख्तर ने सभी आये अतिथियों व गणमान्य लोगो का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। उदघाटन अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डा. जितेन्द्र कटियार ने कहा कि इस जेएस मेडिक्स एण्ड हास्पिटल सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। यहां मरीजो को उचित इलाज कम पैसे में मिलेगा। इस हास्पिटल में सभी प्रकार की जाचों की सुविधा उपलब्ध है। गरीबों के इलाज में यह हास्पिटल मददगार साबित होगा।

# पशुपालन विभाग द्वारा आरोग्य मेले का शुभारंभ

**कानपुर देहात।** पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन ग्राम तोडा मोहम्मदपुर मे किया गया मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान डॉ महेश कुमार पाल एवं डॉक्टर भगवान सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर वाह डॉक्टर आइए सिद्धकी पशु चिकित्सा अधिकारी रूरा के द्वारा फीता काटकर एवं गो पूजन के साथ पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया मेले में 1398 पशु पंजीकृत किए गए जिसमें 567 बड़े पशु व 831 छोटे पशुओं ने सहभाग किया 76 पशुओं की सामान्य चिकित्सा की गई 1038 पशुओं को कृमि नाशक दवा पान कराया गया साथ ही पशुपालकों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। कानपुर देहात पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन ग्राम तोडा मोहम्मदपुर मे किया गया मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान डॉ महेश कुमार पाल एवं डॉक्टर भगवान सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर वाह डॉक्टर आइए सिद्दीकी पशु चिकित्सा अधिकारी रूरा के द्वारा फीता काटकर एवं गो पूजन के साथ पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 13 मार्च, 2023



# इजराइल में तीन फलस्तीनी बंदूकधारी ढेर

## ● सेना ने वेस्ट बैंक में की कार्रवाई

**भाषा।** यरुशलम

**इजराइली सेना** ने वेस्ट बैंक में सैनिकों पर गोलीबारी करने वाले तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों को रविवार को मार गिराया। सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि एक बंदूकधारी ने सेना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने नबलस शहर के पास तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। हालांकि, मंत्रालय ने तुरंत उनकी पहचान का खुलासा नहीं किया। रविवार की कार्वाई के बाद इस वर्ष अब तक हिंसा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या 80 हो गई है। वहीं, इजराइल ने वेस्ट बैंक में छापेमारी तेज कर दी है। 2023 में फलस्तीनी हमलों में 14 लोगों की मौत हुई है। पिछले हफ्ते वेस्ट बैंक के जबा गांव पर इजराइली सेना के एक छापे के बाद हिंसा की यह ताजा घटना हुई, जहां तीन फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए थे। इजराइल ने 1967 के युद्ध में वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और पूर्वी यरुशलम पर कब्जा कर लिया था। वहीं, फलस्तीनी भविष्य के अपने स्वतंत्र देश के लिए इसे कब्जे में लेना चाहते हैं।




### इजराइल ने एक पश्चिमी शहर पर मिसाइल दागी : सीरियाई सरकारी मीडिया

**बेरूत।** इजराइली प्रक्षेपास्त्रों ने रविवार को सीरिया के एक पश्चिमी शहर को निशाना बनाया, जिसमे तीन सीरियाई सैनिक घायल हो गए। सीरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने एक सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि मिसाइल हामा प्रांत के मसयफ मे दागी गई। सीरियाई वायु रक्षा बलो ने उनमे से कई मिसाइल को नष्ट कर दिया। अभी किसी की मौत नही हुई है। सना से मिली तस्वीरो के अनुसार, मिसाइल खेत में गिरी होगी। इजराइल ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नही की है। इजराइल कहता है कि वह ईरान×समर्थित मिलिशिया खासतौर से लेबनान के आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला को निशाना बनाता है। हिज्बुल्ला के लड़ाके सीरिया मे तैनात है और वे सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद की सरकार की सेना की ओर से लड़ रहे है।

# यूक्रेनी शहर बखमुत पर कब्जा करने संबंधी रूसी अभियान प्रभावित हुआ है : आईएसडब्ल्यू

## ● रूसी सेना के आगे नहीं बढ़ी

**भाषा।** कीव



**पूर्वी यूक्रेनी** शहर बखमुत पर कब्जा करने संबंधी रूसी अभियान प्रभावित हुआ है। एक प्रमुख विचारक संस्था (थिंक टैंक) ने सबसे लंबे जमीनी युद्ध के आकलन में यह बात कही है। वाशिंगटन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) ने कहा कि बखमुत में रूसी सेना के आगे बढ़ने की पुष्टि नहीं की गई है। आईएसडब्ल्यू ने शनिवार को कहा कि रूसी सेना और क्रेमलिन-नियंत्रित अर्धसैनिक वैगनर समूह की इकाइयों ने शहर में जमीनी हमले करना जारी रखा है, लेकिन इस बात का कोई सबूत नहीं है कि वे इस पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के पूर्वी समूह के प्रवक्ता सेरही चेरेवती का हवाला दिया गया है, जिन्होंने कहा था कि बखमुत क्षेत्र में लड़ाई पिछले सप्ताह की तुलना में इस सप्ताह अधिक तेज थी। चेरेवती के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में शहर में 23 झड़पें हुईं। आईएसडब्ल्यू की यह रिपोर्ट इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी प्रगति के दावों के बाद आई है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा था कि क्रेमलिन-नियंत्रित वैगनर समूह की अर्धसैनिक इकाइयों ने पूर्वी बखमुत के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। रूस की सेना ने अगस्त में बखमुत पर नियंत्रण करने के लिए अभियान शुरू किया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी बलों का पूरी मजबूती के साथ मुकाबला करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### 3डी प्रिंटेड तकनीक से बने रॉकेट का प्रक्षेपण विफल

**केप केनवरल (अमेरिका)।** लगभग पूरी तरह 3डी प्रिंटेड तकनीक से बने रॉकेट टेरान की पहली उड़ान शनिवार को नाकाम रही। यह रॉकेट एक के बाद एक प्रक्षेपण में नाकाम होने के बाद अपने लॉन्च पैड पर ही खड़ा है। शनिवार को इंजन चालू हुआ, लेकिन अचानक बंद हो गया जिससे रिलेटिविटी स्पेस का रॉकेट टेरान अपने पैड पर ही खड़ा रहा। इसे केप केनवरल स्पेस फोर्स स्टेशन से दोबारा उड़ाने की कोशिश की गई, लेकिन फ्लाइट कम्प्यूटर ने 45 सेकंड शेष रहते उलटी गिनती रोक दी। रिलेटिविटी स्पेस ने शनिवार को पहली बार समस्या के लिए स्वचालित सॉफ्टवेयर को और दूसरी बार समस्या के लिए ईंधन के कम दबाव को जिम्मेदार ठहराया। इस रॉकेट का बुधवार को भी प्रक्षेपण करने की कोशिश की गई थी, लेकिन खराब वॉल्व के कारण एक मिनट के भीतर यह प्रयास नाकाम हो गया। अभी कंपनी ने यह नही बताया कि वह फिर कब प्रक्षेपण का प्रयास करेगी। यह रॉकेट 110 फुट लंबा है।

### कैलिफोर्निया में बाढ़ से हजारों लोग विस्थापित

**वॉट्सनविले (अमेरिका)।** उत्तरी कैलिफोर्निया मे स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए मशहूर एक इलाके के लोगों को पजारो नदी में बाढ़ आने के कारण शनिवार को मजबूरन अपने घरों को खाली करना पड़ा। सेंट्रल तट की मॉन्टेरे काउंटी में 8,500 से अधिक लोगों को शनिवार को जगह खाली करने का आदेश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों ने शुक्रवार दोपहर घर-घर जाकर निवासियों से बारिश आने से पहले घरो को खाली करके सुरक्षित स्थानो पर जाने का आग्रह किया, लेकिन कुछ लोग ठहरे रहे और शनिवार तड़के उन्हे बाढ़ के पानी से बाहर निकाला गया। कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड ने रातभर 50 से अधिक लोगो को बचाया। गवर्नर गैविन न्यूसम के कार्यालय ने शनिवार को बताया कि वह पजारो मे स्थिति पर नजर रख रहा है।

### स्विमिंग पूल या जंगल में तैरना -असुरक्षित

**लीसेस्टर।** कन्वरसेशन) हाल के दिनो मे वाइल्ड स्विमिंग की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। बाहर तैरना न केवल धूप, ताजा हवा और हरे-भरे परिवेश का आनंद लेने का एक सुखद तरीका है, बल्कि यह तनाव को दूर करने और हमारे एंडोर्फिन को बढ़ाने मे भी मदद कर सकता है। यह स्वास्थ्यवर्द्धक होने के साथ-साथ कैलोरी जलाने और मांसपेशियो का व्यायाम करने की भावना पैदा करता है। लेकिन आउटडोर स्विमिंग के आनंद के साथ कुछ खतरे भी आते है। न केवल खुले पानी मे तैरने से ज्वार, धाराओ और प्रवाह का अधिक खतरा होता है, साथ ही पानी मे दुबके हुए कीड़े और बैक्टीरिया भी हो सकते है।

# अमेरिकी राजनीति में बढ़ा एशियाई-भारत समुदाय का दखल

## ● सिर्फ जीत का अंतर ही नही करते प्रभावित अब हार-जीत भी करते हैं तय :विशेषज्ञ

**भाषा।** वाशिंगटन



**भारत सहित** एशिया के विभिन्न देशों से आकर अमेरिका में बसे लोग अब अमेरिकी राजनीति में उम्मीदवारों की हार-जीत तय करने की स्थिति में हैं और अब वे सिर्फ जीत का अंतर तय नहीं करते हैं। एक भारतीय-अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता ने यह बात कही। भारतीय-अमेरिकी उद्यमी, समुदाय के नेता और राजनीतिक कार्यकर्ता शेखर नरसिम्हन का कहना है कि एशियाई-अमेरिकी समुदाय के बारे में सामान्य तौर पर यह माना जाता है कि हम जीत का अंतर तय करते हैं, इसका मतलब यह है कि चुनाव के दौरान कांटे की टक्कर में हम 10 अंक इधर या उधर करके चुनाव परिणाम पर असर डाल सकते हैं। लेकिन अटलांटा में डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर रफायल वारनॉक की हाल में हुई जीत का उदाहरण देते हुए नरसिम्हन ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं इसे सिरे से खारिज करता हूं। अब मैं मानता हूं कि हम जीत की वजह हैं। सीनेट के लिए वारनॉक को 99,000 वोटों की मदद से जीत मिली। लेकिन उन्हें 34,000 वोट एएपीआई (एशियाई अमेरिकी प्रशांत द्वीप क्षेत्र के निवासी) समुदाय से मिले थे। ए वो वोट हैं जो मध्यावधि चुनाव के दौरान नहीं पड़े थे। एएपीआई के प्रात्र मतदाताओं को लामबंद करने और डेमोक्रेटिक पार्टी के एएपीआई उम्मीदवारों का समर्थन करने का काम करने वाली एक राजनीतिक कार्य समिति एएपीआई विक्टरी फंड के प्रमुख नरसिम्हन ने उक्त जानकारी दी। यह रेखांकित करते हुए कि अटलांटा में मतदान के लिए पात्र आबादी में से महज चार फीसयदी लोग एएपीआई समुदाय से हैं, नरसिम्हन ने कहा, हम (एएपीआई विक्टरी फंड) का ए वोट डलवाने में बड़ा हाथ है... चुनाव में 68,000 वोट चुनाव परिणाम को पूरी तरह से बदल सकते हैं। यह सिर्फ अश्वेत (काले लोगों) वोट या अटलांटा के उपनगरीय क्षेत्र से मिले वोट का कमाल नहीं था। यह एशियाई-अमेरिकी वोट का नतीजा है। वह भी इसे मानते हैं। मुझे नहीं लगता कि हमारे साथ के बगैर वह जीत सकते थे। उन्होंने रेखांकित किया कि यही स्थिति अमेरिका के अन्य राज्योंप्रांतों की भी है। पेनसिल्वेनिया में एएपीआई समुदाय की आबादी चार फीसदी है जबकि मिशिगन में यह पांच फीसदी है। एरिजोला में यह महज दो फीसदी है, लेकिन वहां 10,000 वोटों के अंतर से तय हुए चुनाव परिणाम में भी समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण है। वही, नेवादा जहां एएपीआई समुदाय के पास एशियाई-अमेरिकी वोट का 12 फीसदी है, समुदाय चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समुदाय विस्कांसिन के चुनाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उत्तर कैरोलिना, जहां समुदाय के लोगों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, एशियाई-अमेरिकी समुदाय उम्मीदवारों की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एक सवाल के जवाब में नरसिम्हन ने कहा कि अगर 2024 का आम चुनाव राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच होता है तो एशियाई-अमेरिकी समुदाय को लामबंद करना आसान होगा। उन्होंने कहा, लेकिन अगर बाइडन के समक्ष कोई नया प्रतिद्वंद्वी खड़ा होता है तो यह मुश्किल होगा, तब और भी मुश्किल होगा जब मुकाबला भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली जैसे किसी उम्मीदवार के साथ हो। गौरतलब है कि निक्की हेली ने 2024 के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल होने की घोषणा कर दी है। रेखांकित करते हुए कि अगर हेली रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार बनती हैं तो एएपीआई विक्टरी फंड उनकी नीतियों पर गौर करेगा, नरसिम्हन ने कहा कि इसकी संभावना ज्यादा है कि 2024 के चुनाव में वे बाइडन का साथ देंगे और समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, वह (हेली) बहुत ही रूढ़िवादी और पुरातनपंथी रिपब्लिकन हैं। नरसिम्हन लंबे समय से डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक हैं और उनके लिए धन जुटाने का काम करते हैं।

### नेपाल में बस दुर्घटना में छह लोगों की मौत, 28 घायल

**भाषा।** काठमांडू,

**नेपाल के** सिंधुली जिले में रविवार को एक बस के पहाड़ी से टकरा जाने से उसमें सवार तीन महिलाओं सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। समाचार पत्र द काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार ओखलढुंगा से काठमांडू जा रही बस मिड-हिल राजमार्ग के निकट फिक्कल ग्रामीण नगर पालिका-4 में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 34 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन पुरुषों और तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीवी दाहाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खो देने के बाद बस पहाड़ी से टकरा गई। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को खुरकोट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल ने बताया कि गंभीर रूप से घायल यात्रियों में से पांच को इलाज के लिए हवाई मार्ग से काठमांडू ले जाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि बस चालक फरार है।

### पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर अमेरिकी सांसद ने जताई चिंता

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों और लोकतंत्र के लगातार उल्लंघन की घटनाओं को लेकर चिंता जताई और सरकार से कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कानून का शासन सुनिश्चित करे। सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्य ब्रैड शर्मन ने ट्वीट किया, पाकिस्तान में हिंसा की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता है। एक वीडियो बयान में शर्मन ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्वाई करने के उसके दायित्व के बारे में याद दिलाया है। शर्मन का यह वीडियो बयान अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के एक नेता द्वारा साझा किया गया। कैलिफोर्निया के 32वें संसदीय जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद शर्मन ने कहा, हम मानवाधिकारों के हनन के खिलाफ आवाज उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे डान अखबार ने बताया कि इससे पहले, उन्होंने ट्वीट किया कि उन्होंने इमरान खान के साथ फोन पर बात की और राज्य के 40वें संसदीय जिले में यंग किम के खिलाफ खड़े एक पाकिस्तानी समाजसेवी और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार आसिफ महमूद से मुलाकात की। वीडियो संदेश में महमूद के साथ खड़े नजर आ रहे शर्मन ने कहा, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंध 1940 के दशक से हैं, और इन वर्षों में दोनों देशों ने कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर एक साथ काम किया है। अमेरिका को दुनिया भर में और विशेष रूप से पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों का समर्थन करना चाहिए।

### अमेरिका के हवाई में ज्वालामुखी फिलहाल नहीं फट रहा है: वैज्ञानिकों ने बताया

**होनोलूलू ( अमेरिका )।** अमेरिका के हवाई के दूसरे सबसे बड़े ज्वालामुखी में विस्फोट की अपनी पूर्व की चेतावनियों को अद्यतन करते हुए वैज्ञानिकों ने जानकारी दी है कि इसमें फिलहाल विस्फोट नहीं होगा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि किलाउआ पर्वत के शिखर के नीचे भूकंपीय गतिविधि सामान्य हो गई है और सतह पर कोई लावा नहीं देखा गया है। बयान में हालांकि आगाह किया गया है कि निकट भविष्य में ऐसी घटना हो सकती है, लेकिन यह घटना मामूली रह सकती है। वैज्ञानिकों ने मंगलवार को कहा था कि ज्वालामुखी विस्फोट के 61 दिनों के बाद लावा निकलना बंद हो गया था। दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक किलाउआ में सितंबर 2021 से लेकर पिछले दिसंबर तक विस्फोट होते रहे थे। वर्ष 2018 में किलाउआ में इस तरह की घटना में 700 से अधिक मकान नष्ट हो गए थे।

### ट्रंप ने छह जनवरी को मेरे परिवार को खतरे में डाल दिया था : माइक पेंस

**वाशिंगटन।** पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने अमेरिका के संसद भवन परिसर में छह जनवरी को हुए दंगे में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका की शनिवार को कड़ी आलोचना की और कहा कि ट्रंप ने उनके परिवार तथा संसद भवन में मौजूद हर व्यक्ति की जान खतरे में डाल दी थी। पेंस के इस बयान से अगले साल के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवार के नामांकन की दौड़ में शामिल दोनों नेताओं के बीच विवाद और गहरा गया है। वार्षिक ग्रिडिरोन रात्रि भोज के दौरान पेंस ने कहा, (पूर्व) राष्ट्रपति ट्रंप गलत थे। इस रात्रि भोज में नेता और पत्रकार शामिल होते हैं। मुझे चुनाव पलटने का कोई अधिकार नहीं था और उनके (ट्रंप के) बेतुके बयानों ने उस दिन (छह जनवरी को) मेरे परिवार और कैपिटोल (संसद भवन परिसर) को खतरे में डाल दिया था। मैं जानता हूं कि इतिहास डोनाल्ड ट्रंप को इसके लिए जिम्मेदार ठहराएगा। कभी ट्रंप के वफादार रहे पेंस की यह टिप्पणी उनकी अब तक की सबसे तीखी आलोचना थी, जो अक्सर अपने पूर्व बॉस का सामना करने से कतराते रहे हैं। ट्रंप पहले ही अपनी उम्मीदवारी का एलान कर चुके हैं। लेकिन पेंस ने ऐसा नहीं किया है, हालांकि वह राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल होने के लिए अपने पांव जमा रहे हैं। 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में पेंस परिणामों के औपचारिक प्रमाणीकरण की अध्यक्षता कर रहे थे और ट्रंप ने छह जनवरी के दिन तक राष्ट्रपति जो बाइडन की चुनावी जीत को पलटने के लिए पेंस पर दबाव डाला था। लेकिन पेंस ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था और जब दंगाइयों ने कैपिटोल पर धावा बोला था तब कुछ ने कहा था कि वे माइक पेंस को फांसी पर लटकाना चाहते हैं। हमले की जांच करने वाली प्रतिनिधि सभा की समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने भीड़ को उकसाया था जिसने अपने ही उपराष्ट्रपति को निशाना बनाया था।

### चीन के विदेश मंत्री कांग को स्टेट काउंसलर के रूप में पदोन्नत किया गया

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री छिन कांग को स्टेट काउंसलर के रूप में पदोन्नत किया गया है, जिससे वह भारत-चीन सीमा वार्ता के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि के पद पर नियुक्त होने वाले संभावित उम्मीदवार हो जाएंगे। चीनी संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) रविवार को अपना वार्षिक सत्र आयोजित कर रही है। एनपीसी ने छिन की विदेश मंत्री के रूप में नियुक्ति का समर्थन किया और उन्हें स्टेट काउंसलर के पद पर पदोन्नत किया, जो चीनी सरकार के कार्यकारी अंग स्टेट काउंसिल या केंद्रीय कैबिनेट के भीतर एक उच्च पद होता है। छिन (56) को दिसंबर में वांग ई के बाद विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था और ई को चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के राजनीतिक ब्यूरो के लिए चुना गया, जो पार्टी की प्रमुख नीतिगत संस्था है। स्टेट काउंसलर के पद पर छिन की पदोन्नति उन्हें 2003 में गठित भारत-चीन सीमा तंत्र के विशेष प्रतिनिधि (एसआर) के रूप में उनकी नियुक्ति के लिए संभावित उम्मीदवार के तौर पर खड़ा करेगी। यह तंत्र दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार और सीमा मुद्दों पर बातचीत के लिए उच्चस्तरीय प्रणाली है। इतने वर्षों में यह तंत्र सीमा विवाद और संबंधों को सुधारने के कदमों के अलावा कई समस्याओं से घिरे दो पड़ोसियों के बीच संबंधों की स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में उभरा है। अमेरिका में चीन के पूर्व राजदूत और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के करीबी विश्वासपात्र रहे छिन कांग जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली आए थे।

# खगोलविदों ने खोजा नया धूमकेतु



## ● अगले साल इसके अधिकतर तारों से ज्यादा चमकीला होने की संभावना

**भाषा।** भाषा

खगोलविदों ने सी-12023 ए 3 (सुचिंशान-एटलस) नामक एक नए धूमकेतु की खोज की है, जो संभवत: अगले साल की एक बड़ी खोज साबित हो सकती है। इस धूमकेतु के पृथ्वी और सूर्य के निकट पहुंचने में अब भी 18 महीने से अधिक की देरी है। हालांकि, धूमकेतु सुचिंशान-एटलस को लेकर पहले से ही सोशल मीडिया पर चर्चा जारी है। इसे लेकर आशावादी लेख लिखे जा रहे हैं कि यह एक शानदार दृश्य कैसे हो सकता है। इस नए बर्फीले पथ की पूरी कहानी क्या है? हर साल कई नए धूमकेतु खोजे जाते हैं जो सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। अधिकांश लोग बिना किसी सहायता के अपनी आंखों से इसे देखने के लिए बेताब हैं। हर साल संभवत: एक धूमकेतु ऐसा होता है जिसे बिना किसी सहायता के आंखों से देखा जा सकता है। कभी-कभार बेहद चमकीला धूमकेतु भी दिखेगा। धूमकेतु अल्पकालिक और क्षणिक सुंदरता की चीजें हैं, इसलिए इनकी खोज हमेशा रोमांचक होती है। धूमकेतु सी2023 ए 3 (सुचिंशान-एटलस) निश्चित रूप से इस पूरे पैमाने पर खरा उतरता है। चीन में पर्पल माउंटेन ऑब्जर्वेटरी और क्षुद्रग्रह स्थलीय-प्रभाव अंतिम चेतावनी प्रणाली के खगोलविदों ने स्वतंत्र रूप से इस धूमकेतु की खोज की जो वर्तमान में पृथ्वी से एक अरब किलोमीटर दूर बृहस्पति और शनि की कक्षाओं के बीच है। यह अंदर की ओर आ रहा है, एक ऐसी कक्षा में घूम रहा है जो इसे सितंबर 2024 में सूर्य के 5.9 करोड़ किलोमीटर के दायरे में लाएगी।

# अंतरिक्ष में पांच महीने बिताने के बाद धरती पर लौटे चार यात्री



**भाषा।** केप केनवरल (अमेरिका)

**नासा के स्पेसएक्स** मिशन के साथ चार अंतरिक्ष यात्री शनिवार देर रात को धरती पर लौटे। उनका कैप्सूल टेम्पा के समीप फ्लोरिडा तट पर मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। अमेरिका, रूस और जापान के चालक दल के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में करीब पांच महीने बिताए। यह मिशन गत अक्टूबर में रवाना हुआ था। नासा की निकोल मैन की अगुवाई में अंतरिक्ष यात्री शनिवार सुबह अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए। निकोल अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाली अमेरिका की पहली मूल निवासी महिला हैं। निकोल ने कहा कि वह अपने चेहरे पर हवाओं को महसूस करने, ताजा घास की सुगन्ध और कुछ स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए बेताब हैं। जापानी अंतरिक्ष यात्री कोइची वकाता ने सुशी खाने की इच्छा जताई जबकि रूसी अंतरिक्ष यात्री एना किकिना असली कप न कि प्लास्टिक बैग से गर्म चाय पीने के लिए तरस रही हैं। नासा के वैज्ञानिक जोश कसाडा अपने परिवार के लिए एक कुत्ता लाना चाहते हैं। अब अंतरिक्ष केंद्र में अमेरिका के तीन, रूस के तीन और संयुक्त अरब अमीरात का एक अंतरिक्ष यात्री है।

# गणित की चिंता एक वास्तविकता, पर घबराएं नहीं बच्चे, समाधान उपलब्ध

**भाषा।** सिडनी

## ●तीन तरीके से बच्चों की कर सकते हैं मदद

### 1. विश्वास बढ़ाने के लिए सफलताओं पर ध्यान केंद्रित करें

### 2. एनएपीएलएएन के दबाव से बचें

### 3.बच्चे के साथ काम करें



**विद्यार्थियों में** गणित की चिंता का होना एक वास्तविकता है, लेकिन तीन तरीके अपनाकर हम बच्चों की मदद कर सकते हैं। गणित की चिंता से आशय तनाव और परेशानी की खास भावना से है जो किसी व्यक्ति की गणितीय समस्याओं को हल करने की उसकी क्षमता में बाधा डालती है। शोधकर्ता गणित की चिंता को सामान्य चिंता, या परीक्षा की चिंता से अलग मानते हैं, हालांकि इनमें कुछ बातें समान होती हैं। देशभर में 10 लाख से ज्यादा युवा ऑस्ट्रेलियाई 15 मार्च से एनएपीएलएएन संख्यात्मक परीक्षा में शामिल होंगे। अधिकांश छात्रों के लिए यह स्कूल की गतिविधियों का एक नियमित हिस्सा होगा (यद्यपि दोपहर भोजन के अवकाश में इधर-उधर भागने के मुकाबले कम मजा मिलेगा)। लेकिन कई छात्रों के लिए गणित की परीक्षा देना अपने आप में ही भयावह अनुभव होता है। ए छात्र गणित को लेकर चिंता से पीड़ित हो सकते हैं। हम गणित की पढ़ाई के शिक्षाविद हैं। यहां बताया गया है कि अगर आपका बच्चा भी गणित को लेकर चिंता का सामना कर रहा है तो उसकी मदद कैसे करें। ज्यादातर बच्चे गणित में अच्छा करना चाहते हैं। यदि वे छोटे हैं, तो वे समझेंगे कि यह कुछ ऐसा है जो उनके शिक्षक और माता-पिता सोचते हैं कि यह महत्वपूर्ण है। यदि वे बड़े हैं, तो वे जानेंगे कि भविष्य की नौकरियों और करियर के लिहाज से यह महत्वपूर्ण है।गणित को लेकर चिंता का एक अहम स्रोत छात्रों को उनके गणित में कमजोर होने को लेकर लगातार मिलने वाली हिदायत हैं। बेचैनी को कम करने के लिए सकारात्मक पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, अपने बच्चे को वह समय बताएं जब उसने गणित में सफलता प्राप्त की थी। गणित में आगे की सफलता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पूर्व में मिली सफलता के अनुभव महत्वपूर्ण हैं।सफलता प्रदर्शित करने का एक व्यावहारिक तरीका यह है कि बच्चे से कोई पुरानी वर्कशीट कराई जाए, भले ही वह दो साल पहले की हो। राष्ट्रीय मूल्यांकन कार्यक्रम-साक्षरता और संख्यात्मकता (एनएपीएलएएन) और किसी भी अन्य परीक्षा को लेकर चिंता को इसके महत्व पर अधिक जोर देकर बढ़ाया जा सकता है। अपने बच्चे को इस बात को लेकर आश्वस्त करना कहीं ज्यादा रचनात्मक तरीका है कि वे परीक्षा में कैसा प्रदर्शन करते हैं इसे लेकर कोई फैसला नहीं सुनाएगा। फिलहाल अधिकांश स्कूलों नें एनएपीएलएएन परीक्षा को लेकर छात्रों को तैयारी करवाने पर जोर है ऐसे में स्वाभाविक है कि कई बच्चे एनएपीएलएएन के दबाव में आ जाएं। हम सलाह देते हैं कि दिन को भयावह बनाने के बजाय रोमांचक बनाने की कोशिश करें। उदाहरण के लिए, परीक्षा के दिन आप एक विशेष एनएपीएलएएन नाश्ते की योजना बना सकते हैं।

### गणित को लेकर चिंता क्या है?

गणित की चिंता तनाव और परेशानी की भावना है जो किसी व्यक्ति की गणितीय समस्याओं को हल करने की क्षमता में बाधा डालती है। गणित को लेकर चिंता आमतौर पर इस विषय के साथ खराब अनुभव के परिणामस्वरूप विकसित होती है, जो आपके गणित की क्षमता के बारे में नकारात्मक विचारों की ओर ले जाती है। ए विचार गणित से बचने की तरफ ले जा सकते है और अगर परीक्षा का सामना करना ही पड़े तो असहाय होने की भावना महसूस होती है। गणित को लेकर चिंता कई युवा लोगो और वयस्को के लिए एक आम समस्या है यहां तक कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चो तक मे देखी जा सकती है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के गणित शिक्षा के प्रोफेसर जो बोलर के अनुसार, 2012 तक, 50 प्रतिशत वयस्कों में गणित को लेकर चिंता थी। विक्टोरियाई शिक्षा विभाग का मानना है कि दरें कम है तथा छह से 17 प्रतिशत के बीच है। हालांकि, अकादमिक अध्ययन मे औसत दर लगभग 20 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि ऐसे हजारों बच्चे है जो आगामी एनएपीएलएएन संख्यात्मक परीक्षा से डर रहे होंगे। ऐसे मे सवाल यह है कि माता-पिता ऐसा क्या कर सकते है कि उनके चिंतित बच्चे एनएपीएलएएन संख्यात्मक परीक्षा और गणित की अन्य परीक्षाओ मे बेहतर करें?

# आतंकवाद सहन न करने की नीति जारी रहेगी

## सीआईएसएफ के 54वें स्थापना दिवस समारोह पर बोले गृहमंत्री शाह



**भाषा।** हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र ने पिछले नौ वर्षों में कई आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीति आने वाले वक्त में भी जारी रहेगी। शाह ने यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 54वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सख्ती से निपटा जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और राज्य पुलिस की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने इसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पिछले नौ वर्षों में यह प्रदर्शित किया गया है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पिछले नौ वर्ष में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में हिंसा काफी कम हुई है, जबकि पूर्वोत्तर और वामपंथी चरमपंथ प्रभावित इलाकों में उग्रवाद भी कम हुआ है तथा लोगों का भरोसा बढ़ रहा है। आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है और कई लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है यदि उसके हवाई अड्डे, बंदरगाह और औद्योगिक प्रतिष्ठान सुरक्षित हों। उन्होंने देश में सेवाओं के लिए सीआईएसएफ कर्मियों की प्रशंसा की। शाह ने कहा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था को पांच हजार अरब डॉलर तक पहुंचाने के प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य को हासिल करना है तो राष्ट्रीय महत्व के हवाई अड्डों, बंदरगाहों और अन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि सीआईएसएफ भविष्य में इन चुनौतियों पर खरा उतरेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय सीआईएसएफ को हवाई अड्डों, बंदरगाहों और अन्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के वास्ते आधुनिक तकनीक से लैस करने में कोई कोर कसर नहीं छोडेगा। सीआईएसएफ द्वारा अपनाए हाइब्रिड मॉडल पर शाह ने कहा कि सीआईएसएफ ने एक हाइब्रिड मॉडल अपनाया है और इससे आने वाले समय में इसकी भूमिका बहुत बढ़ने वाली है। इस मॉडल से निजी कंपनियों में भी सलाहकार और अन्य कई भूमिकाओं में इसका उपयोग होने का रास्ता खुलेगा। उन्होंने कहा कि ए बल आने वाले दशकों में आधुनिक तकनीक और ड्रोन जैसे सुरक्षा संबंधित खतरों से निजी कंपनियों को भी सुरक्षा देने का काम कर सकेगा।

## शाह ने केरल में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका

### भ्रष्टाचार को लेकर विजयन पर साधा निशाना

त्रिशूर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लाइफ मिशन परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर रविवार को केरल की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) सरकार पर निशाना साधा और राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से मामले पर चुप्पी तोड़ने का आग्रह किया।शाह ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि सोने की तस्करी से जुड़े कथित घोटाले पर वामपंथी चुप्पी साधे हुए हैं और कहा कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता को जवाब देने के लिए मजबूर किया जाएगा। शाह ने कहा, वामपंथी लाइफ मिशन भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया। मै मुख्यमंत्री से इस मामले पर लोगो को जवाब देने का आग्रह करता हूं। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ सरकार की कार्वाई का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि संगठन को देश में पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है और इस तरह केरल को हिंसा से छुटकारा पाने मे मदद मिली है।उन्होंने कहा, इस कदम का कांग्रेस या वामपंथियो ने स्वागत नही किया। अगले वर्ष के लोकसभा चुनाव के लिए राज्य मे एक तरह से भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए शाह ने एक रैली में कहा कि केरल के लोगो ने कांग्रेस और वामपंथियो को लंबे समय तक राज्य मे शासन करने का मौका दिया।शाह ने कहा, वामपंथियो को दुनिया ने खारिज कर दिया है और देश ने कांग्रेस पार्टी को खारिज कर दिया है...केरल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे बदलाव लाने के लिए उत्सुक है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई मंत्री द्वारा सुनाया गया किस्सा साझा किया

## ऑस्ट्रेलिया के बीच समृद्ध सांस्कृतिक जुड़ाव किया रेखांकित



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वह किस्सा साझा किया जिसे ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डॉन फैरेल ने उन्हें सुनाया था कि कैसे उनके एक शिक्षक गोवा से वहां गए थे। मोदी ने कहा कि यह भारत व ऑस्ट्रेलिया के बीच समृद्ध सांस्कृतिक जुड़ाव को रेखांकित करता है। फैरेल ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ आए थे जो पिछले सप्ताह आधिकारिक यात्रा पर भारत में थे। मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, मेरे मित्र पीएम अल्बनीज के सम्मान में दोपहर के भोजन के दौरान, ऑस्ट्रेलियाई व्यापार और पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल ने कुछ दिलचस्प साझा किया ... उन्हें ग्रेड। में श्रीमती एबर्ट द्वारा पढ़ाया गया था जिन्होंने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा और उन्हें अपनी शैक्षिक नींव के लिए श्रेय दिया। मोदी ने कहा, श्रीमती एबर्ट, उनके पति और उनकी बेटी लियोनी 1950 के दशक में भारत में गोवा से एडिलेड चली गईं और ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में एक स्कूल में पढ़ाने लगीं। उन्होंने कहा कि एबर्ट की बेटी लियोनी दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई शिक्षक संस्थान की अध्यक्ष बनीं। प्रधानमनंत्री ने कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच समृद्ध सांस्कृतिक जुड़ाव को रेखांकित करने वाला यह किस्सा सुनकर मुझे खुशी हुई। जब कोई अपने शिक्षक को प्रेमपूर्वक संदर्भित करता है तो यह सुनना भी उतना ही सुखद होता है।

## जदयू की पूर्व सांसद मीना सिंह भाजपा में शामिल

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) की पूर्व सांसद मीना सिंह के पार्टी में शामिल होने का दावा किया। सिंह ने 2009 से 2014 तक आरा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। वह भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में अपने बेटे विशाल के साथ भाजपा में शामिल हो गईं। जायसवाल और राय ने कहा कि सिंह का जद (यू) छोड़ना उसके पतन को चिह्नित करता है और संकेत देता है कि पार्टी के सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने ही लोगों का विश्वास खो रहे हैं। पूर्व सांसद ने इस महीने की शुरुआत में जद(यू) छोड़ दी थी और कुमार के अपने प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद के राजद से हाथ मिलाने पर नाराजगी जताई थी। सिंह ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, मैं मुख्यमंत्री का अब भी बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन अब वह ऐसे व्यक्ति प्रतीत होते हैं, जो अपने निर्णय स्वयं नहीं लेते। दिलचस्प बात यह है कि पिछले महीने जद(यू) छोड़ने वाले और अपनी नई पार्टी बनाने वाले उपेंद्र कुशवाहा ने भी इसी प्रकार का दावा किया था।

## जम्मू-कश्मीर में लैवेंडर किसान ला रहे हैं बैंगनी क्रांति


**भद्रवाह ( जम्मू-कश्मीर)।** जम्मू-कश्मीर में भद्रवाह इलाके के लगभग 2,500 किसानों ने लाभकारी लैवेंडर की खेती को अपनाने के लिए मक्का उगाने की अपनी सदियों पुरानी परंपरा को छोड़ दिया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भद्रवाह में इस सुगंधित फूल की खेती ने देश में बैंगनी क्रांति लाकर इतिहास रच दिया है। केंद्र सरकार के अरोमा मिशन के तहत लैवेंडर की खेती कर रहे डोडा जिले के इन किसानों के अनुसार सुगंधित पौधों की अपरंपरागत खेती ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद की है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन (आईआईआईएम) ने सीएसआईआर-अरोमा मिशन के तहत जम्मू संभाग के समशीतोष्ण इलाकों में 2018 में लैवेंडर की खेती को बढ़ावा दिया था। संस्थान ने शुरू में इसे डोडा, किश्तवाड़ और राजौरी जिलों में लोकप्रिय बनाने की कोशिश की।ॉ उपयुक्त ठंडी जलवायु और अनुकूल परिस्थितियों को पाकर भद्रवाह क्षेत्र के कुछ छोटे और सीमांत किसानों ने जोखिम उठाया और 2017 में लैवेंडर की खेती की ओर रुख किया। तब तक वे केवल मक्का की खेती ही करते थे। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने कहा, मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है, क्योंकि लैवेंडर की खेती की सफलता के कारण भद्रवाह का नाम हमारे देश में प्रसिद्ध हो गया है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, जब हमने यह पहल शुरू की, तो लोगों को लैवेंडर की फसल और उसके बाजार के बारे में जानकारी नहीं होने के कारण नुकसान का डर था। हमने (सरकार) लोगों को जागरूक करने के लिए कई पहल की, जिसके चलते हजारों लोगों ने, विशेष रूप से युवा पीढ़ी ने पारंपरिक फसल से लैवेंडर की ओर रुख किया। इसके बाद उनकी आय बढ़ी और वे देश के अन्य हिस्सों के लिए प्रेरणा बनें। सिंह उधमपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें डोडा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि उद्यमी खुशी से लैवेंडर के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, जिससे न केवल उनकी आय बढ़ी है, बल्कि वे दूसरों के लिए रोजगार भी पैदा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार लैवेंडर से जुड़े किसानों को वित्त पोषण, प्रौद्योगिकी और विपणन सहित सभी तरह की मदद दे रही है, ताकि उन्हें किसी भी स्तर पर समस्या का सामना न करना पड़े।

## जम्मू-कश्मीर में बदलाव दिख रहा : खुफिया ब्यूरो

**श्रीनगर।** खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन कुमार डेका ने रविवार को यहां कहा कि जम्मू-कश्मीर में बदलाव नजर आ रहा है और घाटी में शांति का माहौल है। वह यहां बख्शी स्टेडियम में 71वीं बीएन मलिक मेमोरियल ऑल इंडिया पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप 2022-23 के उद्घाटन समारोह से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। डेका अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा, कश्मीर में बदलाव देखा जा रहा है। यहां शांति का माहौल है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में देश भर से करीब 1600 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा, यह इन खिलाड़ियों के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों और कश्मीर के लोगों के साथ बातचीत करने, यहां की स्थिति के बारे में जानने और पूरे देश में शांति और प्रेम का संदेश फैलाने का अवसर होगा। खेल परस्पर सहयोग की भावना मजबूत करने का एक साधन है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह फुटबॉल प्रतियोगिता है। डेका ने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बेहतरीन इंतजाम किए हैं जिसके लिए मैं डीजीपी और उनकी टीम का शुक्रगुजार हूं। इतने लोगों के लिए इस तरह की त्रुटिहीन व्यवस्था की गई है, यह आसान नहीं है। कार्यक्रम में अपने भाषण में, आईबी निदेशक ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस देश और इसकी संप्रभुता की रक्षा करने में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा, हालांकि, उनकी अत्यधिक प्रतिबद्धताओं के बावजूद, उन्होंने उत्कृष्ट व्यवस्था की है और मैं डीजीपी और उनकी टीम का आभार व्यक्त करता हूं।

## अब बदरीनाथ जाने वाले हैलीकॉप्टरों से वसूला जाएगा ईको-विकास शुल्क

**गोपेश्वर।** इस साल बदरीनाथ जाने वाले व्यवसायिक हेलिकॉप्टरों से ईको-विकास शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क बदरीनाथ नगर पंचायत हेलिकॉप्टर के हर फेरे से वसूल करेगी। बदरीनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इसके लिए नियमों को संशोधित किया जा रहा है। इसके साथ ही वाहन से आने वाले यात्रियों को अपना कूड़ा साथ में वापस लाने के लिए गार्बेज बैग भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जो वाहन इन गार्बेज बैगों को नगर पंचायत को लौटाएंगे, उन्हें शुल्क के लिए काटे गए धन से बीस रुपए वापस किए जाएंगे। पुरोहित ने बताया कि बदरीनाथ जाने वाले हेलिकॉप्टरों से हर व्यावसायिक फेरे से एक हजार रुपए की राशि ईको विकास शुल्क के रूप में ली जाएगी। इसके लिए नगर पंचायत ने अपने नियमों को संशोधित करने की कार्वाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ नगर पंचायत की ओर से ईको विकास शुल्क का संग्रह तीन साल पहले 2020 में शुरू किया गया था जिसके तहत बदरीनाथ जाने वाले यात्रियों के वाहनों से अलग अलग श्रेणी में ईको शुल्क लिया जा रहा था। पुरोहित ने बताया कि इस साल से जहां सड़क मार्ग से आने वाले यात्रियों के वाहनों से पूर्व में लिए जा रहे ईको शुल्क में 20 रुपए की बढोत्तरी कर दी गई है वहीं हेलीकॉप्टरों से भी एक हजार रुपए शुल्क लेने का निर्णय लिया गया है।



## राजौरी में एलओसी के समीप हथियार और मादक पदार्थ बरामद

राजौरी। सेना ने रविवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले मे नियंत्रण रेखा (एलओसी) के समीप समय रहते कुछ हथियार और मादक पदार्थ बरामद होने से एक बड़ी घटना टल गई। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर सेना ने शनिवार को नौशेरा सेक्टर मे झनगार मे एलओसी के समीप अभियान चलाया जिसमें दो आधुनिक पिस्तौल, दो किलोग्राम मादक पदार्थ और दो किलोग्राम आईईडी बरामद की गई। प्रवक्ता ने कहा, इस अभियान से एक बड़ी घटना टल गई जिसे हथियारों और आईईडी का इस्तेमाल कर और नार्को आतंकवादियो के वित्त पोषण से अंजाम दिया जा सकता था।

## समृद्धि एक्सप्रेसवे पर कार दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**बुलढाणा (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक कार दुर्घटना मे छह लोगो की मौत हो गई। बुलढाणा के पुलिस अधीक्षक सारंग आव्हाड ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह हादसा शिवणी पिसा गांव में सुबह आठ बजे उस वक्त हुआ जब एक कार में सवार 13 लोग औरंगाबाद से यहां शेगांव की ओर जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा, कार के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद कार सड़क पर एक अवरोधक से टकराई और पलट गई। कार मे सवार छह लोगो - एक पुरुष, चार महिलाओ और एक लड़की की मौत हो गई। घायलो को इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाया गया है। इससे पहले, कुछ अधिकारियो ने बताया था कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि कार का टायर फटने से यह हादसा हुआ।

## असम में 20 करोड़ से अधिक कीमत की हेरोइन बरामद

**दीफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में रविवार को हेरोइन की एक बड़ी खेप बरामद की गई और इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 करोड़ रुपए से अधिक है। बोकाजान अनुमंडल पुलिस अधिकारी जॉन दास ने बताया कि पुलिस ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर खटखाटी इलाके मे नाकेबंदी कर दीमापुर की ओर से आ रहे एक वाहन को रोका। उन्होने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान, पुलिस ने वाहन से साबुन के 390 डिब्बे बरामद किए, जिसमे पांच किलोग्राम से अधिक हेरोइन थी। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले मे वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। दास ने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार मे 20 करोड़ रुपए से अधिक है।

## कोटा संग्रहालय से चोरी के मामले का मुख्य आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

**कोटा (राजस्थान)।** यहां कोटा गढ़ पैलेस मे स्थित राव माधो सिंह संग्रहालय से कथित रूप से प्राचीन वस्तुएं और आभूषण चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के प्रमुख सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा के पुलिस अधीक्षक (नगर) शरद चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले अरुण तेवतिया (28) को पड़ोसी जिले गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। उन्होने बताया कि तेवतिया को शनिवार को कोटा की एक अदालत मे पेश किया गया, जिसने उसे सात दिनों की पुलिस हिरासत मे भेज दिया।

# प्रतएक चुनाव के बाद निर्वाचन आयोग को अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ता हैः सीईसी

**भाषा।** बेंगलुरु



**मुख्य निर्वाचन** आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि भारत ने 70 वर्षों में अपने सामाजिक, राजनीतिक और भाषाई मुद्दों को मुख्य रूप से स्थापित लोकतंत्र के कारण शांतिपूर्वक संवाद के माध्यम से सुलझाया है, क्योंकि लोगों को चुनाव परिणामों पर भरोसा है, लेकिन फिर भी हर चुनाव के बाद निर्वाचन आयोग को अग्निपरिक्षा से गुजरना पड़ता है। कुमार ने यह टिप्पणी शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इस सवाल के जवाब में की कि क्या कर्नाटक के लोग राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग पर भरोसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में चुनाव संपन्न होने के साथ ही निर्वाचन आयोग ने 400वां राज्य विधानसभा चुनाव पूरा किया। उन्होंने कहा कि 17 लोकसभा चुनाव और 16 राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव हुए हैं।उन्होंने कहा, प्रत्एक चुनाव के बाद परिणाम स्वीकार किए जाते हैं और सत्ता का परिवर्तन हर बार मतदान द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है। यह हाल ही में कई विकसित देशों में जो हो रहा है, उसके उलट है। उन्होंने कहा, पिछले 70 वर्षों में, भारत ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, भौगोलिक, आर्थिक, भाषाई मुद्दों को शांतिपूर्वक और संवाद के माध्यम से मुख्य रूप से स्थापित लोकतंत्र के कारण सुलझाया है जो केवल इसलिए संभव है क्योंकि लोग चुनाव परिणामों पर भरोसा करते हैं। इसके बावजूद ईसीआई को हर चुनाव के बाद अग्निपरीक्षा देनी पड़ती है। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को समाप्त हो रहा है और इससे पहले चुनाव कराकर नई विधानसभा का गठन किया जाना है। चुनाव की तैयारियों के लिए निर्वाचन आयोग के अधिकारी कर्नाटक में हैं।

## बिहार में घटता भूजल स्तर चिंता का विषय

**पटना।** बिहार के कुछ जिलों में पिछले दो वर्षों में भूजल स्तर में गिरावट और इसकी गुणवत्ता में कमी राज्य के अधिकारियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। राज्य के नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। राज्य भर में मानसून पूर्व भूजल स्तर के आकलन से पता चला है कि औरंगाबाद, सारण, सीवान, गोपालगंज, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, खगड़िया, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, कटिहार जैसे जिलों में पिछले दो वर्षों में भूजल स्तर में गिरावट देखी गई है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री ने कहा, विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हम पानी की गुणवत्ता में कमी के कारणों और इसे रोकने के लिए उठाए जा सकने वाले निवारक कदमों का पता लगाने के लिए एक नए अध्ययन की योजना बना रहे हैं।

# दवा निर्माण के विनियमन केंद्र को देने का प्रस्ताव

**भाषा।** नई दिल्ली

● नए विधेयक में का अधिकार राज्य निकायों से छिनेगा

**अंतर-मंत्रालई** परामर्श के लिए भेजे गए संशोधित मसौदा विधेयक के अनुसार केंद्र ने प्रस्ताव दिया है कि राज्य दवा नियामकों के बजाय देश की शीर्ष दवा नियामक संस्था केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) को औषधियों या सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण को विनियमित करने का अधिकार दिया जाए। नए औषधि, चिकित्सा उपकरण और प्रसाधन सामग्री विधेयक, 2023 के संशोधित मसौदे के अनुसार, दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों की बिक्री को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा विनियमित किया जाना जारी रहेगा, जो मौजूदा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की जगह ले सकता है। मसौदा विधेयक की एक प्रति पीटीआई-भाषा को मिली है। इसके अनुसार, ई-फार्मेसी को संचालित करने की अनुमति लेने के प्रावधान को हटा दिया गया है और इनकी जगह लिखा है - केंद्र सरकार अधिसूचना जारी कर ऑनलाइन मोड द्वारा किसी भी दवा की बिक्री, भंडारण, प्रदर्शन या बिक्री या वितरण की पेशकश को विनियमित, प्रतिबंधित या बाधित कर सकती है। नए औषधि, मेडिकल डिवाइस और सौंदर्य प्रसाधन विधेयक के मसौदे को पिछले साल जुलाई में सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था, जिसमें हितधारकों से प्रतिक्रिया मांगी गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) को मसौदा विधेयक पर हितधारकों से कई टिप्पणियां मिलीं, जिसे मंत्रालय द्वारा संशोधित किया गया और अंतर-मंत्रालई परामर्श के लिए भेजा गया। मसौदा विधेयक पर जारी परामर्श के दौरान सरकार के थिंक टैंक, नीति आयोग ने राज्य नियामकों के बजाय सीडीएससीओ को दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के लिए विनिर्माण लाइसेंस जारी करने के अधिकार देने के नए-नए प्रावधान का समर्थन करते हुए कहा कि इससे कानून का एकसमान और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा।



पटना में बीजेपी मुख्यालय पर राज्य सभा सासंद पीटी उषा को सम्मानित किया गया ,इस अवसर एमपी राकेश सिन्हा भी मौजूद रहे

# अरुणाचल प्रदेश में 15 ईएनएनजी उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**भाषा।** ईटानगर

**पूर्वी नगा** राष्ट्रीय सरकार (ईएनएनजी) के 15 उग्रवादियों ने संगठन प्रमुख तोशाम मोसांग के साथ रविवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित घर वापसी समारोह के दौरान उग्रवादियों ने हथियारों और गोला-बारूद के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। समारोह में उपमुख्यमंत्री चोना मीन, राज्य के गृह मंत्री बामांग फेलिक्स के साथ असम राइफल्स के अधिकारी, राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक, एसआईटी, ने बताया कि चीन निर्मित नौ एमक्यू श्रृंखला के हथियार, दो एके-47 राइफल, चीन निर्मित एक पिस्तौल, 19 मैगजीन, गोला बारूद, चार चीनी हथगोले और कई अन्य हथियार भी उग्रवादियों ने इस दौरान पुलिस को सौंपे।

# महिलाओं के प्रति संवेदनशील हो मीडिया : मुर्मू

● विज्ञापनों, समाचारों में गरिमा का ध्यान जरूरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने रविवार को कहा कि मीडिया से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विज्ञापनों, समाचारों और कार्यक्रमों में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूरी संवेदनशीलता रखें। राष्ट्रपति ने नवभारत टाइम्स द्वारा आयोजित महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के दौरान एक वीडियो संदेश में कहा कि हमारे संविधान के अनुसार भारत के प्रत्एक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी प्रथाओं को छोड़े जो महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस मौलिक कर्तव्य को निभाने के लिए आवश्यक है कि प्रत्एक नागरिक की सोच नारी के प्रति सम्मानपूर्ण हो। मुर्मू ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मानपूर्ण आचरण की नींव परिवार में ही रखी जा सकती है। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, उन्होंने सभी माताओं और बहनों से आग्रह किया कि वे अपने बेटों और भाइयों में सभी महिलाओं को सम्मान देने के मूल्यों को विकसित करें। मुर्मू ने कहा कि परिवार के साथ शिक्षकों का भी यह दायित्व है कि वे विद्यार्थियों में महिलाओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की संस्कृति को मजबूत करें। उन्होंने लड़कियों से कहा कि प्रकृति ने महिलाओं को मां बनने की क्षमता दी है और जिसमें मातृत्व की क्षमता है, उसमें नेतृत्व की क्षमता स्वाभाविक रूप से विद्यमान है। उन्होंने कहा कि तमाम सीमाओं और चुनौतियों के बावजूद महिलाओं ने अपने अदम्य साहस और कौशल के बल पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

## शहीदों के परिवारों के लिए योजना को लेकर वीरांगनाओं को गुमराह कर रहा है विपक्षः गहलोत

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शहीद जवानों के परिवारों के लिए राज्य की एक योजना के तहत आरक्षित लाभों का बचाव करते हुए रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं और राजस्थान की छवि धूमिल कर रहे है। गहलोत ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से कहा, राजस्थान सरकार ने पुलवामा, बालाकोट या कारगिल में शहीद हुए जवानों की वीरांगनाओं को जिस तरह का पैकेज दिया है, वह देश में कहीं भी मौजूद नहीं है।

# कोहली के शतक में दिखी सचिन की झलक

## तेंदुलकर की सिडनी में खेली थी ऐसी ही 241 रन की ऐतिहासिक पारी

**भषा।** अहमदाबाद



**दिग्गज भारतीय** बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को संयम से खेली पारी में लगभग 40 महीने के सूखे को खत्म करते हुए अपना 28वां शतक पूरा किया। यह नवंबर 2019 के बाद उनका पहला टेस्ट शतक है। शतक पूरा करने के बाद कोहली ने ना तो अपने अंदाज में उछलकर जश्न मनाया, ना ही सीने पर मुक्का जड़ा। शतक पूरा करने के बाद उनके चेहरे पर राहत का भाव दिखा। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद बल्ले और हेलमेट को उठाकर दर्शकों का अभिवादन करने के बाद अपनी शादी की अंगूठी को चूमा, जिसे वह अपने गले की चैन में पहनते हैं। इन 40 महीनों में कोहली का बल्ला रूठा रहा और उनका टेस्ट औसत 25 के करीब रहा। इस दौरान उनके आलोचकों और प्रशंसकों को ऐसी पारी का इंतजार था। महान खिलाड़ियों में बाधाओं को पार करने की क्षमता होती है और रविवार को कोहली ने एक चैंपियन के जुझारूपन का परिचय देते हुए बड़ी बाधा पार की। यह पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान मेलबर्न में पाकिस्तान के हारिस रऊफ के खिलाफ शानदार सीधा छक्का जड़ने वाले आत्मविश्वास से लबरेज कोहली नहीं थे। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के उलट वह किसी भी कीमत पर तीन अंकों के आंकड़े को छूना चाहते थे। रविवार को कोहली की पारी में महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की सिडनी में खेली गई दोहरी शतकीय पारी की झलक दिखी। तेंदुलकर ने इस पारी में ब्रेट ली की अगुवाई वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ 200 रन पूरा करने के बाद अपना चहेता कवर ड्राइव शॉट लगाया था। कोहली की यह पारी कई मायनों में तेंदुलकर की इस पारी की तरह दिखी। उन्होंने भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंदों को नहीं छेड़ा। तेज गेंदबाजों के लिए मुश्किल परिस्थितियों में भी उन्होंने मिचेल स्टार्क और कैमरून ग्रीन की ऑफ स्टंप की बाहर की गेंद को विकेटकीपर के लिए छोड़ दिया। उन्होंने इस दौरान अपनी पारी का पांचवां चौका 89वीं गेंद पर लगाया जबकि छठा चौका उनकी पारी के 251 वीं गेंद पर आया। इस बीच 162 गेंद (27 ओवर) तक उन्होंने कोई चौका नहीं लगाया। चौथे दिन की शुरुआती सत्र में कोहली के बल्ले से एक भी चौका नहीं निकला। शतक लगाने के बोझ से छुटकारा पाने के बाद कोहली ने तेजी से खेलना शुरू किया और लगातार अंतराल पर गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। कोहली ने अपना पहला धाराप्रवाह कवर ड्राइव तब खेला जब वह 145 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने कैमरून ग्रीन की गेंद पर यह चौका लगाने के बाद शानदार ऑन ड्राइव पर लगातार दूसरा चौका जड़ 150 रन के आंकड़े को पार किया। कोहली ने इस दौरान अक्षर पटेल के साथ तेजी से दौड़कर रन चुराकर अपनी फिटनेस का परिचय भी दिया। मोटेरा मैदान कई शानदार उपलब्धियों का गवाह रहा है। इसी मैदान पर महान सुनील गावस्कर ने टेस्ट में 10,000 रन का आंकड़ा पार किया और कपिल देव ने अपना 432 वां विकेट लेकर तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड कायम किया था कोहली की यह पारी भी इस सूची का हिस्सा बनेगी।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारीः** 480 रन,भारत पहली पारी:रोहित का लाबुशेन बो कुह्नेमैन 35, गिल पगबाधा बो लियोन 128,पुजारा पगबाधा बो मर्फी 42,कोहली का लाबुशेन बो मर्फी 186,, जडेजा का ख्वाजा बो मर्फी 28, भरत का हैंड्सकॉम्ब बो लियोन 44,पटेल बो स्टार्क 79,अश्विन का कुह्नेमैन बो लियोन 07,यादव रन आउट 00, शमी नाबाद 00, अय्यर एब्सेंट हर्ट **अतिरिक्तः** 22,कुलः 178.5 ओवर में सभी विकेट खोकरः 571 रन,**विकेट पतन** :1-74, 2-187, 3-245, 4-309, 5-393, 6-555, 7-568, 8-569, 9-571,**गेंदबाजीः**स्टार्क 22-3-97-1,ग्रीन 18-1-90-0, लियोन 65-9-151-3,कुह्नेमैन 25-3-94-1,मर्फी 45.5-10-113-3, हेड 3-0-8-0

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारीः**कुह्नेमैन नाबाद 00,हेड नाबाद 03, **कुलः**छह ओवर में बिना विकेट खोएः तीन रन, **गेंदबाजीः** अश्विन 3-2-1-0, जडेजा 2-1-1-0, शमी1-0-1-0

# श्रेयस अय्यर की कमर में फिर दर्द

## ● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में खेलना संदिग्ध

**भाषा।** अहमदाबाद



**भारतीय टीम** और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का खिलाड़ियों की चोट का प्रबंधन एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया जब श्रेयस अय्यर की कमर की चोट दोबारा उभर आई। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। संभावना है कि अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 मार्च से मुंबई में शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएं। इस साल विश्व कप सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और अय्यर को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी भी करनी है। ऐसे में उन्हें आराम दिए जाने की संभावना है। कमर में तकलीफ के कारण अय्यर नागपुर में श्रृंखला के पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जिसके बाद उन्होंने दिल्ली में दूसरे मैच के लिए टीम में वापसी की थी। हालांकि अब सवाल यह उठ रहा है कि एनसीए ने एक बार फिर ऐसे खिलाड़ी को खेलने की स्वीकृति दी जो पूरी तरह से फिट नहीं था। पता चला है कि अय्यर ने शनिवार को असहज महसूस किया जिसके बाद रविंद्र जडेजा को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। रविवार को अय्यर मैदान पर भी नहीं आए क्योंकि वह बल्लेबाजी करने की स्थिति में नहीं थे। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान लगभग 170 ओवर क्षेत्ररक्षण करने के कारण यह चोट के उभरने का मामला हो सकता है। लेकिन मुझे समझ नहीं आता कि कम से कम एक घरेलू मैच खेलने के अनिवार्य नियम को अय्यर पर लागू क्यों नहीं किया गया। अय्यर नागपुर टेस्ट में नहीं खेल पाए थे लेकिन दूसरे टेस्ट के लिए फिट घोषित किया गया था। वह दिल्ली और इंदौर दोनों टेस्ट में खेले लेकिन उनका शरीर अहमदाबाद में लंबे समय तक क्षेत्ररक्षण करने को नहीं झेल पाया। अय्यर को जब जनवरी में पहली बार कमर की तकलीफ का सामना करना पड़ा था तो वह एक महीने के लिए बाहर रहे थे और एनसीए में कड़े रिहैबिलिटेशन से गुजरे थे और उन्हें फिट घोषित किया गया तो रणजी सत्र खत्म हो चुका था। पूर्व चयनकर्ता ने कहा, लेकिन ईरानी कप होना था और आप अय्यर की वापसी के लिए इंतजार कर सकते थे। इसी तरह के मौसम में उसे ईरानी कम में खेलने देते और देखते कि उसका शरीर उमस भरे हालात में दो दिन क्षेत्ररक्षण करने को झेल पाता है या नहीं।

## वनडे विश्व कप 40-40 ओवर का किया जाएः शास्त्री

**अहमदाबाद।** भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में सात महीने से भी कम समय रह गया है और देश की क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इस टूर्नामेंट को नयापन देने के लिए आईसीसी टूर्नामेंट के भविष्य के चरणों को 40-40 ओवर का कर देना चाहिए। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, वनडे क्रिकेट को बचे रहने के लिए इसे भविष्य में घटाकर 40-40 ओवर का कर देना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि वनडे में दर्शकों की घटती संख्या का निवारण किया जाना चाहिए और उन्होंने कहा कि जब कपिल देव की अगुआई वाली भारतीय टीम ने 1983 में वनडे विश्व कप जीता था तो यह 60-60 ओवर का टूर्नामेंट हुआ करता था लेकिन बाद में इसे घटाकर 50-50 ओवर का कर दिया गया। उन्होंने कहा, मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब हमने 1983 में विश्व कप जीता था तो यह 60 ओवर का मैच हुआ करता था। फिर लोगों का आकर्षण इसके प्रति कम होता गया तो यह 50 ओवर का बन गया।

## अवनी संयुक्त 24वें व निश्ना संयुक्त 35वें स्थान पर

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत और निश्ना पटेल ने रविवार को महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप (डब्ल्यूएएपी) के अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के कार्ड खेले जिससे दोनो ने क्रमशः संयुक्त 24वां और संयुक्त 35वां स्थान हासिल किया। क्वीन सिरिकिट कप की व्यक्तिगत चैम्पियन अवनी ने 73-71-74-75 के कार्ड से कुल 5 ओवर 289 का स्कोर हासिल किया।

## वाणी और प्रणवी शीर्ष 20 में रहे

**केपटाउन।** वाणी कपूर और प्रणवी उर्स 2023 इनवेस्टेक दक्षिण अफ्रीका वुमेन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे शीर्ष 20 मे रहे। तीन दौर के बाद शीर्ष 10 में शामिल वाणी ने अंतिम दौर मे एक अंडर 71 का स्कोर बनाया लेकिन वह कल रात के संयुक्त आठवे से संयुक्त 12वे स्थान पर खिसक गईं। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा।

## चेल्सी की एक और जीत, लीवरपूल हारा

**लंदन।** चेल्सी ने शनिवार को यहां लीसेस्टर को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मे लगातार तीसरी जीत दर्ज की जबकि उतार-चढ़ाव वाले सत्र मे लीवरपूल को एक और हार का सामना करना पड़ा। चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाईटेड को रिकॉर्ड 7-0 से हराने के बाद लीवरपूल को निचली लीग मे खिसकने का खतरा झेल रहे बोर्नेमाउथ के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा।

## गंडास संयुक्त 53वें स्थान पर, शुभंकर कट से चूके

**नैरोबी।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास यहां कीनिया ओपन मे संयुक्त 53वे स्थान पर चल रहे है। डीपी वर्ल्ड टूर की इस प्रतियोगिता मे गंडास ने पहले, छठे, 10वे और 17वे होल मे बर्डी की लेकिन वह 14वे, 15वे और 16वे होल मे बोगी कर गए जिससे उनका स्कोर एक अंडर 70 रहा। भारत के शुभंकर शर्मा हालांकि कट हासिल करने मे नाकाम रहे।

## एमबाप्पे का गोल,पीएसजी ने ब्रेस्ट को हराया

**पेरिस।** काइलियान एमबाप्पे के अंतिम लम्हो मे दागे गोल की बदौलत पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को ब्रेस्ट को 2-1 से हराकर फ्रेंच फुटबॉल लीग के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। एमबाप्पे ने 90वे मिनट मे लियोनल मेस्सी के थ्रोबॉल को ब्रेस्ट के गोलकीपर मार्को बिजोट को छकाते हुए गोल मे पहुंचाया। एमबाप्पे हालांकि भाग्यशाली रहे कि हैरिस बेलकेबला को 85वे मिनट मे किक मारने के बावजूद उन्हें मुकाबले से बाहर नही किया गया।

## रीयाल मैड्रिड ने एस्पानयोल को 3-1 से हराया

**बार्सीलोना।** रीयाल मैड्रिड ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग मे एस्पानयोल को 3-1 से हराया। एस्पानयोल को आठवें मिनट में ही जोसेलु माटो ने बढ़त दिला दी। विनिसियस जूनियर ने 22वे मिनट मे स्कोर 1-1 किया ।

## नेपोली ने अटलांटा को हराकर बढ़त बनाई

**मिलान।** ख्विचा क्वारात्सखेलिया के गोल से नेपोली ने अटलांटा को 2-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट के शीर्ष पर अपनी बढ़त 18 अंक की कर दी। क्वारात्सखेलिया ने विक्टर ओसिमहेन से मिले पास पर विरोधी टीम की रक्षापंक्ति को छकाते हुए 60वे मिनट मे नेपोली की ओर से पहला गोल दागा।

# स्पिनरों के खिलाफ मेरी बल्लेबाजी की योजना कारगर रहीः अक्षर

**भाषा।** अहमदाबाद



**हरफनमौला** अक्षर पटेल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने के बाद कहा कि इस श्रृंखला के लिए स्पिनरों के खिलाफ योजना बनाकर बल्लेबाजी करना उनके लिए कारगर रहा। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में अक्षर अब तक भारत के दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने श्रृंखला में तीन अर्धशतकीय पारियों के साथ कुल 264 रन बनाए। उन्होंने नागपुर में 84, दिल्ली में 74 और मौजूदा मैच में 79 रन की पारी खेली। वह इस दौरान अपने पहले टेस्ट शतक के सपने को पूरा नहीं कर सके लेकिन इन तीनों मैचों में उन्होंने शानदार साझेदारियां बनाकर टीम की जीत की नींव रखी।अक्षर ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब हमने नागपुर में शिविर शुरू किया था तो हमें पता था कि हम स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर खेलेंगे। मैंने ज्यादा तैयारी नहीं की थी लेकिन स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी की बारीकियों पर काम किया। मैंने पगबाधा होने से बचने के लिए लेग स्टंप के बाहर से बल्लेबाजी करने के साथ क्रीज से ज्यादा बाहर नहीं निकलने का फैसला किया था। स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर आपके पगबाधा या स्टंप होने की संभावना अधिक होती है। अक्षर से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि उन्होंने शतक पूरा करने का तीन मौका गंवा दिया। उन्होंने हंसते हुए कहा, आप जले पर नमक झिड़क रहे है। मैं जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा था ... और मैं जानता हूं कि मैंने जो मौके गंवाए वे बार-बार नहीं आते। इन पारियों को बड़े स्कोर में बदलना चाहिए था। भारतीय टीम अब अपना अगला टेस्ट संभवतः विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल (लंदन) में खेलेगी। इंग्लैंड की परिस्थितियों में भारतीय टीम शायद एक स्पिनर के साथ उतरे और वह रविन्द्र जडेजा हो सकते है।अक्षर ने कहा, अंतिम एकादश (डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए) में जगह हासिल करना मेरे हाथ में नहीं है और मैं इस बारे में कुछ नहीं कर सकता।

# नही पता ऐसे विकेट पर दोबारा कब बल्लेबाजी करने का मौका मिलेगाः गिल

भाषा। अहमदाबाद



**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ चौथे टेस्ट में घरेलू सरजमीं पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की अब तक की बल्लेबाजी की सबसे अनुकूल पिच पर ढीले शॉट नहीं खेलने के लिए प्रतिबद्ध थे। गिल ने शनिवार को यहां खेल के तीसरे दिन 235 गेंद में 128 रन की पारी खेली। बीसीसीआई.टीवी पर डाले गए वीडियो में गिल ने अपने साथी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को दिए साक्षात्कार में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं सोच रहा था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इस तरह का विकेट दोबारा कब मिलेगा। मैं खराब शॉट खेलकर इस मौके को गंवाना नहीं चाहता था। यही मेरे दिमाग में चल रहा था। उन्होंने कहा, भारत में टेस्ट शतक बनाकर बहुत अच्छा लगता है। यह मेरा पहला शतक (स्वदेश में) है और इसे भारत में आईपीएल के अपने घरेलू मैदान पर बनाना शानदार है। गिल ने 2023 में स्वप्निल प्रदर्शन करते हुए सभी प्रारूप में में शतक बनाए हैं।

# मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी जीत



## हरमनप्रीत का अर्धशतक, यूपी वारियर्स को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई इंडियंस** ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 53 रन) और नैट साइवर ब्रंट (नाबाद 45 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए 106 रन की अटूट साझेदारी के दम पर रविवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में यूपी वारियर्स को 15 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर लगातर चौथी जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत की 33 गेंद की नाबाद पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा था। साइवर ब्रंट (31 गेंद में छह चौके और एक छक्के) ने छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। इससे मुंबई की टीम आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर चल रही है। यूपी वारियर्स को दिल्ली कैपिटल्स (छह अंक) की बराबरी करने के लिए इस मैच में जीत की दरकार थी। लेकिन कप्तान एलिसा हीली (58 रन) और तहलिया मैकग्रा (50 रन) के अर्धशतक भी उसे हार से नहीं बचा सके। हीली और मैकग्रा के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी से यूपी वारियर्स ने छह विकेट पर 159 रन का स्कोर बनाया। मुंबई इंडियंस ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बनाकर आराम से जीत दर्ज की। यूपी वारियर्स ने तीसरे ओवर में शानदार मौका गंवा दिया जब सिमरन शेख ने यास्तिका भाटिया (42 रन) का कैच छोड़ दिया। पांचवें ओवर में नाटकीय वाकया हुआ जब सोफी एक्लेस्टोन ने हीली मैथ्यूज के पगबाधा की अपील की जिसे मैदानी अंपायर ने नकार दिया। फिर यूपी वारियर्स की कप्तान हीली ने एक्लेस्टोन से पूछने के बाद रिव्यू लिया जिस पर तीसरे अंपायर ने आउट दिया। पर मैथ्यूज रूकी रहीं और उन्होंने रिव्यू लिया जिस पर उन्हें नॉट आउट दिया गया। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका अच्छी लय में थीं और तेजी से रन जुटा रही थीं। जबकि दूसरे छोर पर खड़ी हेली मैथ्यूज संयमित बल्लेबाजी कर रही थी। इन दोनों की बदौलत मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में बिना विकेट गंवाए 51 रन बना लिए थे।

### स्कोरबोर्ड

**यूपी वारियर्स** : एलिसा हीली पगबाधा बो इशाक58,देविका वैद्य पगबाधा बो इशाक06,किरण नवगिरे का भाटिया बो केर 17,तहलिया मैक्ग्रा स्ट भाटिया बो इशाक 50,सिमरन शेख नाबाद 09,सोफी एक्लेस्टोन का नैट साइवर ब्रंट बो मैथ्यूज 01,दीप्ति शर्मा स्ट भाटिया बो केर 07,श्वेता सहरावत नाबाद 02,अतिरिक्त : 09,कुल : 20 ओवर मे छह विकेट पर 159 रन,विकेट पतन :1-8, 2-58, 3-140, 4-141, 5-146, 6-156 ,गेंदबाजी : नैट साइवर ब्रंट 3-0-19-0,साइका इशाक 4-0-33-3,इसी वोंग 4-0-29-0,अमेलिया केर 4-0-33-2,हेली मैथ्यूज 4-0-27-1,जिंतिमनी कलिता1-0-13-0

**मुंबई इंडियंस** : हीली मैथ्यूज का एवं बो एक्लेस्टोन 12,यास्तिका भाटिया का सिमरन शेख बो गायकवाड़ 42,नैट साइवर ब्रंट नाबाद 45,हरमनप्रीत कौर नाबाद 53,अतिरिक्त : 12,ुल : 17.3 ओवर मे दो विकेट पर 164 रन,विकेट पतन :1-58, 2-58 ,गेंदबाजी : राजेश्वरी गायकवाड़ 4-0-33-1, शबनिम इस्माइल 3.3-0-34-0,दीप्ति शर्मा 3-0-30-0,अंजलि सरवनी 2-0-14-0,सोफी एक्लेस्टोन 4-0-30-1,तहलिया मैक्ग्रा1-0-19-0

## पृथ्वीराज, श्रेयसी दोहा विश्व कप की मिश्रित ट्रैप स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे

**दोहा।** भारत के पृथ्वीराज टोंडाईमान और श्रेयसी सिंह की ट्रैप मिश्रित टीम रविवार को यहां छठे स्थान पर रही जिससे देश के निशानेबाजों ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में महज एक कांस्य पदक जीतकर अभियान खत्म किया। पृथ्वीराज और श्रेयसी ने मिलकर क्वालीफिकेशन में 150 में से 142 अंक जुटाए जो कांस्य पदक के क्वालीफाइंग स्कोर (143) से एक अंक कम था। शनिवार को पृथ्वीराज ने पुरूष ट्रैप स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था।

# विराट ने हमें बिना कोई मौका दिए यह दिखाया की बड़ी पारियां कैसे खेली जाती है : कैरी

**भाषा।** अहमदाबाद

**ऑस्ट्रेलिया के** विकेटकीपर एलेक्स केरी ने कहा कि विराट कोहली उनमें से नहीं हैं जो बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर बड़ा शतक बनाने का मौका गंवाएंगे और चौथे टेस्ट मैच में उन्होंने दिखाया कि इस काम को कैसे करना है। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला की इस आखिरी टेस्ट को ड्रा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को सोमवार को दो सत्र तक अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। उनकी पारी देख कर कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उन्हें बल्लेबाजी के लिए आसन पिच मिली और उन्होंने बड़ा स्कोर बनाया।

## शेफाली ने पिच को समीकरण से बाहर कर दियाः लेनिंग



**मुंबई।** शेफाली वर्मा की दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए 28 गेंद मे नाबाद 76 रन की तेजतर्रार पारी से उनकी प्रेरणादाई कप्तान मेग लेनिंग भी हैरान है। लेनिंग ने स्वीकार किया कि विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली ने शनिवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जो पारी खेली उसकी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मे किसी को उम्मीद नही होगी। दिल्ली की मारिजेन कैप्प ने 15 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर मे नौ विकेट पर 105 रन ही बना सकी।

# ब्रेंडा ने जीता आईटीएफ महिला खिताब जीता अंकिता को मिली हार



**भाषा।** बेंगलुरू

**शीर्ष वरीय** ब्रेंडा फ्रुहविर्तोवा ने रविवार को यहां भारतीय खिलाड़ी अंकिता रैना को 0-6, 6-4, 6-0 से हराकर आईटीएफ महिला ओपन एकल खिताब अपने नाम किया। चेक गणराज्य की ब्रेंडा (163 रैंकिंग) ने 40,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट के फाइनल में चौथी वरीय अंकिता को दो घंटे 19 मिनट में शिकस्त दी। पहले सेट में ब्रेंडा ने चार डबल फॉल्ट किए और कई सहज गलतियां कीं। लेकिन फिर वापसी करते हुए अगले दो सेट अपने नाम किए।

## बांग्लादेश ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर टी20 श्रृंखला जीती

**ढाका।** बांग्लादेश ने रविवार को यहां मेहदी हसन के करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन-चार विकेट और उनकी 20 रन की महत्वपूर्ण पारी से इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज कर एक मैच रहते तीन मैचों की टी20 श्रृंखला अपने नाम कर ली। बांग्लादेश ने इंग्लैंड को 20 ओवर में 117 रन ही बनाने दिए जिसके बाद यह लक्ष्य छह विकेट पर 120 रन बनाकर सात गेंद रहते हासिल कर लिया।

## न्यूजीलैंड को जीत के लिए 257 रन, श्रीलंका को नौ विकेट की दरकार

**क्राइस्टचर्च।** अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के शतक से श्रीलंका ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 285 रन का लक्ष्य दिया जिसने एक विकेट पर 28 रन बना लिए हैं। मैथ्यूज (115) ने 35 साल की उम्र में अपना 101वां टेस्ट खेलते हुए 14वां शतक जड़ा जिससे श्रीलंका ने दूसरी पारी में 302 रन बनाए।

# हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत जीता

## ●एफआईएच प्रो-लीग में ऑस्ट्रेलिया को 5-4 से हराया

**भाषा।** राउरकेला



कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने लय हासिल करते हुए रविवार को यहां एफआईएच प्रो-लीग हॉकी के रोमांचक मुकाबले में हैट्रिक गोल कर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5-4 की यादगार जीत दिलाई। हरमनप्रीत ने मैच के 13वें, 14वें और 55वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोलकर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए दो अन्य गोल जुगराज सिंह (17वां मिनट) और कार्ति सेल्वम (25वां मिनट) ने किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए बेल्ट्ज जोशुआ (दूसरा मिनट), विलॉट क्य (42वां मिनट), स्टेंस बेन (52 वां मिनट), जाल्स्की अरन (56 वां मिनट) ने गोल दागे। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जोशुआ के गोल से मैच के दूसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को हतप्रभ कर दिया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक कायम नहीं रहीं। दिलप्रीत सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की रक्षापंक्ति को भेद कर पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हरमनप्रीत पहले प्रयास पर चूक गए लेकिन उन्होंने दूसरे प्रयास में कोई गलती नहीं की। इसके एक मिनट के बाद अभिषेक ने टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हरमनप्रीत ने उसे भी गोल में बदल कर भारत को आगे कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिरी 16 सेकंड के खेल के दौरान ऑस्ट्रेलिया ने भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन युवा गोलकीपर पवन ने शानदार बचाव किया। दूसरे क्वार्टर में कार्ति के प्रयास से भारत ने अपनी बढ़त और बढ़ा ली। उनके द्वारा हासिल पेनल्टी स्ट्रोक को जुगराज सिंह ने गोल में बदल दिया। उन्होंने इसके बाद खुद शानदार गोल कर 26वें मिनट में टीम को 4-1 से आगे कर दिया। इससे पहले शुक्रवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-2 से हराकर उलटफेर करने वाली भारतीय टीम मैच के तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम कोई भी गोल नहीं कर सकी जबकि विलॉट के गोल से ऑस्ट्रेलिया ने मैच में वापसी की। चौथे क्वार्टर में स्टेंस के गोल से ऑस्ट्रेलिया ने भारत की बढ़त को कम किया।

## शीर्ष खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय खेलों की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने पर आईओए का जोरः चौबे

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक** संघ (आईओए) चाहता है कि देश के शीर्ष एथलीट राष्ट्रीय खेलों में भाग लें ताकि इस बहु-खेल आयोजन की ब्रांड वैल्यू (महत्व) बढ़ाकर प्रायोजकों से धन-राशि को आकर्षित किया जा सके। दो साल में आयोजित होने वाले इन खेलों की मेजबानी में लगातार विलंब हो रहा है। केरल में 2015 में 35वें सत्र के आयोजन के बाद गोवा को इसकी मेजबानी सौंपी गई थी लेकिन वह इसके आयोजन में अब तक विफल रहा और पिछले साल गुजरात में इन खेलों के 36 वें सत्र की मेजबानी की। इसमें नीरज चोपड़ा और पीवी सिंधू जैसे ओलंपिक पदक विजेता चोट या विदेश में अपने निर्धारित प्रशिक्षण के कारण भाग नहीं ले सके थे। गोवा को इस साल नवंबर ने इन खेलों के आगामी सत्र की मेजबानी की जिम्मेदारी दी गई है।